3 | राजधानी
1960 के बाद अक्टूबर में सर्वाधिक बारिश

6 | अभिमत
चीन की दया पर निर्भर ताइवान

10 | स्पोर्ट्स
भारत ने पहला अभ्यास मैच जीता

11 | विदेश
भारत-इजराइल के सामने एक सी चुनौतीः जयशंकर

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 337
नई दिल्ली, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



मैं मौलिक आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं
विविध-12

www.dailypioneer.com

# मैनेजर की हत्या में गुरमीत रामरहीम को उम्रकैद

● सीबीआई की एक विशेष अदालत ने चार अन्य को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



गुरमीत राम रहीम का फाइल फोटो

**सीबीआई** की एक विशेष अदालत ने डेरा के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिंह की 2002 में हत्या के मामले में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह और चार अन्य को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। गुरमीत राम रहीम 2017 में दो अनुयायियों के साथ दुष्कर्म के जुर्म में दोषसिद्धि के बाद से रोहतक की सुनरिया जेल में बंद है। राम रहीम सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुआ जबकि चार अन्य हरियाणा के पंचकूला की अदालत में मौजूद थे। सीबीआई के विशेष अभियोजक एचपीएस वर्मा ने कहा कि राम रहीम सिंह की उम्रकैद की सजा, पत्रकार राम चंदर छत्रपति हत्याकांड में 2019 में उसे दी गई आजीवन कारावास की सजा के साथ-साथ चलेगी। विशेष सीबीआई न्यायाधीश सुशील कुमार गर्ग ने हत्या के मामले में राम रहीम और चार अन्य- कृष्णलाल, जसबीर सिंह, अवतार सिंह और सबदिल- को आठ अक्टूबर को दोषी ठहराया था। सीबीआई के विशेष अभियोजक एच पी एस वर्मा ने कहा, अदालत ने पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। सीबीआई ने उनके लिए मौत की सजा की मांग की थी।

अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 120 बी (आपराधिक साजिश) और 506 (आपराधिक धमकी के लिए सजा) के तहत दोषी ठहराया था। उन्हें आईपीसी की धारा 506 के तहत तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई गई। वर्मा ने कहा कि डेरा प्रमुख पर 31 लाख रुपए, अवतार सिंह पर 75,000 हजार रुपए, सबदिल पर 1.50 लाख रुपए और जसबीर और कृष्णलाल पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई के विशेष अभियोजक ने कहा कि जुर्माने की आधी राशि पीड़ित परिवार को मुआवजे के रूप में जाएगी। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए रंजीत सिंह के बेटे जगसीर सिंह ने कहा कि यह परिवार के लिए एक बड़ा दिन है, क्योंकि उन्हें लंबे इंतजार के बाद न्याय मिला है। जगसीर अपने पिता की हत्या के समय आठ साल का था। उसने कहा कि वह फैसले से संतुष्ट है, हालांकि उसका परिवार राम रहीम सिंह के लिए मौत की सजा की मांग कर रहा था। पुलिस ने सुनवाई से पहले पंचकूला और सिरसा में सुरक्षा कड़ी कर दी थी, जहां इस संप्रदाय का मुख्यालय है। पंचकूला में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। रंजीत सिंह की 10 जुलाई, 2002 को हरियाणा के कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलियां गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक अज्ञात पत्र प्रसारित करने में संदिग्ध भूमिका के चलते उसकी हत्या की गई थी। इस पत्र में बताया गया था कि डेरा प्रमुख डेरा मुख्यालय में किस प्रकार महिलाओं का यौन शोषण करता है। सीबीआई के आरोपपत्र के अनुसार, डेरा प्रमुख का मानना था कि इस अज्ञात पत्र को प्रसारित करने के पीछे रंजीत सिंह था और राम रहीम ने उसकी हत्या की साजिश रची।

# किसानों के रेल रोको आंदोलन से देशभर में 60 ट्रेनें प्रभावित

● लखीमपुर हिंसा के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने किया आंदोलन, 500 से अधिक स्थानों पर पड़ा असर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गाजियाबाद में सोमवार को रेल रोकने का प्रयास करते किसान संगठनों के लोग

**लखीमपुर** हिंसा के विरोध को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के सोमवार को छह घंटे के रेल रोको आंदोलन ने देश के 500 से अधिक स्थानों को प्रभावित किया, जिसमें उत्तर रेलवे क्षेत्र में 150 स्थान शामिल हैं, जहां 60 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा में कई स्थानों पर किसान रेल की पटरियों पर बैठ गए, जिससे ट्रेन की आवाजाही बाधित हुई। लखीमपुर खीरी मामले में केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान संघों के एक छत्र निकाय एसकेएम ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। एसकेएम ने बताया कि लखीमपुर खीरी मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग को लेकर रेल रोको विरोध प्रदर्शन के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ट्रेन यातायात रोक दिया गया था।

उत्तर रेलवे जोन में जिन ट्रेनों पर असर पड़ा है उनमें चंडीगढ़-फिरोजपुर एक्सप्रेस भी शामिल है। अधिकारी ने कहा कि लुधियाना से इसे सुबह सात बजे प्रस्थान करनी थी, लेकिन फिरोजपुर-लुधियाना खंड में नाकेबंदी के कारण यह आगे नहीं जा पाई। नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस को शंभू स्टेशन के पास रोक दिया गया क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने साहनेवाल और राजपुरा के पास रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध कर दिया था। उत्तर रेलवे सीपीआरओ ने कहा कि अब तक उत्तर रेलवे क्षेत्र में 150 स्थान प्रभावित हुए हैं और 60 ट्रेनों का संचालन बाधित हुआ है। लगभग 25 यात्री और कम दूरी की ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। पंजाब के लुधियाना, अमृतसर, जालंधर, मोगा, पटियाला और फिरोजपुर और हरियाणा के चरखी दादरी, सोनीपत, कुरुक्षेत्र, जींद, करनाल और हिसार में भी आंदोलन का प्रभाव दिखा। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने रेल पटरियों पर धरना देकर अमृतसर-दिल्ली और जालंधर एक्सप्रेस ट्रेनों को रोक दिया। बीकेयू के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने मेरठ और ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्टेशनों पर ट्रेनों को रोका गया। गाजियाबाद के मोदीनगर में अपने गंतव्य तक पहुंच चुकी मालगाड़ी के सामने प्रदर्शन किया। लखीमपुर खीरी हिंसा को लेकर कुछ स्थानों पर रेलवे पटरियों पर छिटपुट विरोध प्रदर्शनों को छोड़कर, संयुक्त किसान मोर्चा का छह घंटे का रेल रोको आंदोलन उत्तर प्रदेश में कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा करने में विफल रहा। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि रेलवे स्टेशनों और उसके आसपास भारी पुलिस बल तैनात था, लेकिन कुछ स्टेशनों पर ट्रेनें कुछ देर के लिए रुक गईं। उत्तर पश्चिम रेलवे (एनडब्ल्यूआर) ज़ोन में, राजस्थान और हरियाणा के कुछ हिस्सों में रेल यातायात प्रभावित हुआ,18 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया, 10 को आंशिक रूप से रद्द किया गया और विरोध के कारण एक ट्रेन का रूट डायवर्ट कर दिया गया। राजस्थान में, किसानों ने हनुमानगढ़ जिले में और जयपुर जंक्शन स्टेशन के प्रवेश द्वार पर पटरियों पर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

## लखीमपुर खीरी मामले में चार और गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखीमपुर खीरी

**लखीमपुर** खीरी जिले के तिकोनिया क्षेत्र में पिछले तीन अक्टूबर को हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत के मामले में सोमवार को चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस ने तिकोनिया कांड मामले में सुमित जायसवाल, शिशुपाल, सत्य प्रकाश त्रिपाठी और नंदन सिंह बिष्ट को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। सत्य प्रकाश के पास से एक लाइसेंसी रिवाल्वर और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुख्य अभियुक्त और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत अब तक 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। (शेष पेज 9)

## सीबीएसई ने 10वीं, 12वीं टर्म-1 परीक्षा की डेटशीट घोषित की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को घोषणा की कि कक्षा 10वीं के लिए पहले टर्म की बोर्ड परीक्षा 30 नवंबर से शुरू होगी, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा एक दिसंबर से शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज के अनुसार घोषित तिथि मुख्य विषयों के लिए है जबकि लघु (माइनर) विषयों का कार्यक्रम अलग से स्कूलों को भेजा जाएगा। कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए लघु विषयों की परीक्षा क्रमशः 17 नवंबर और 16 नवंबर से शुरू होगी। शैक्षणिक सत्र को विभाजित करना, दो टर्म वाली परीक्षा आयोजित करना और पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाना 2021-22 के लिए दसवीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष मूल्यांकन योजना का हिस्सा था, जिसे जुलाई में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर घोषित किया गया था। सीबीएसई कक्षा 12वीं में 114 और कक्षा 10वीं में 75 विषयों की पेशकश कर रहा है। इनमें से कक्षा 12वीं में 19 और कक्षा 10वीं में नौ विषय प्रमुख हैं। कक्षा 10वीं के लिए, प्रमुख विषयों के वास्ते पहली परीक्षा 30 नवंबर (सामाजिक विज्ञान) के बाद दो दिसंबर को विज्ञान, तीन दिसंबर को गृह विज्ञान, चार दिसंबर को गणित मानक और गणित मूल,आठ दिसंबर को कंप्यूटर अनुप्रयोग, (शेष पेज 9)

# बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा जारी

● 66 घर क्षतिग्रस्त, 20 जलाए गए

**भाषा।** ढाका

**दुर्गापूजा** त्योहार के दौरान पिछले सप्ताह मंदिर में तोड़फोड़ के विरोध में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रदर्शन के बीच बांग्लादेश में हमलावरों के एक समूह ने हिंदुओं के 66 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और करीब 20 घरों में आग लगा दी। यह जानकारी सोमवार को अधिकारियों ने दी। बीडीन्यूज24 डॉट कॉम ने खबर दी कि सौ से अधिक लोगों की भीड़ ने रविवार की रात को रंगपुर जिले के पीरगंज के एक गांव में आगजनी की, जो यहां से करीब 255 किलोमीटर दूर है। खबर में जिले के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कमरूजम्मां के हवाले से बताया गया कि एक फेसबुक पोस्ट से अफवाह फैली कि गांव के एक युवा हिंदू व्यक्ति ने धर्म का अपमान किया है, जिसके बाद वहां पुलिस रवाना हुई। उन्होंने कहा, घटना कल रात दस बजे के बाद हुई लेकिन अग्निशमन दल ने कम समय के अंदर ही आग पर काबू पा लिया ओर अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन हमले में 66 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और 20 घरों को जला दिया गया। उन्होंने कहा कि करीब 52 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर और अधिक संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। खबर में बताया गया कि पुलिस व्यक्ति के घर के बाहर तैनात रही वहीं हमलावरों ने दूसरे घरों में आग लगा दी। अग्निशमन नियंत्रण कक्ष ने बताया कि पीरोगंज माझीपारा इलाके में 29 घरों, दो रसोईघरों, दो खलिहानों और सूखी घास के 20 ढेर में आग लगाई गई थी। खबर में बताया गया कि आग लगने के कारणों की पहचान अनियंत्रित भीड़ के रूप में हुई है। खबर में बताया गया कि अग्निशमन सेवा को रात पौने नौ बजे आग लगने की सूचना मिली (शेष पेज 9)

## उत्तराखंड में बारिश से पांच मरे, चारधाम यात्रा पड़ी ठप

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**उत्तराखंड** में सोमवार को भूस्खलन में पांच व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि भारी बारिश और बर्फवारी लगातार दूसरे दिन भी जारी रही जिससे नदी नाले उफान पर आ गए और चारधाम यात्रा ठप्प पड़ गई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली सूचना के अनुसार, पौड़ी जिले के लैंसडौन क्षेत्र के समखाल में भारी बारिश के चलते भूस्खलन का मलबा एक होटल के निर्माण में लगे मजदूरों के तंबू पर आ गिरा जिसमें तीन मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक अन्य घटना में चंपावत जिले के सेलखोला में एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया जिससे उसमें रहने वाले दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। इस बीच, भारी बारिश के कारण नाले में उफान आने के कारण चंपावत जिले के बाटनागाड टनकपुर में फंसे मां पूर्णागिरी मंदिर के दर्शन को गए 200 श्रद्धालुओं को पुलिस ने सुरक्षित बचा लिया। उत्तराखंड में रविवार से 19 अक्टूबर तक भारी बारिश के (शेष पेज 9)

# उत्तर प्रदेश को सस्ती बिजली का रास्ता साफ

● नियामक आयोग की पहल से मिली बड़ी राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप विद्युत** नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन को रोजाना 15 से 20 रुपये प्रति यूनिट तक महंगी दर से बिजली खरीदने से राहत देने का काम किया है। आयोग ने हाइड्रो पावर की दो कंपनियां तीस्ता और स्टेटक्रास्ट से 340 मेगावाट बिजली लेने में बाधा बनी एस्क्रो एकाउंट अनुबंधित खाता खोले बगैर ही लेन-देन की अनुमति दे दी है। पावर कारपोरेशन को अब पीक आवर में दोनों कंपनियां 340 मेगावाट बिजली देंगी।

नियामक आयोग ने इन दोनों कंपनियों को पावर कारपोरेशन को बिजली की सप्लाई देने का आदेश दे दिया है। इस आदेश के साथ ही पावर कारपोरेशन यह बिजली नियमित रूप से पाने के लिए लेटर आफइंडेंट जारी करने में जुट गया है। उम्मीद की जा रही है कि सोमवार की रात से ही नहीं तो मंगलवार से यह बिजली प्रदेश को मिलने लगेगी। हाइड्रो पावर की कंपनियां तीस्ता स्टेटक्रास्ट और जीएमआर से बीडिंग के द्वारा पावर कारपोरेशन ने 400 मेगावाट बिजली का करार किया है।

बिजली की सप्लाई के बाद पावर कारपोरेशन और कंपनियों के बीच पैसे की लेन देन के लिए एस्क्रो एकाउंट खोलने का प्राविधान है। एस्क्रो एकाउंट खोलने में दिक्कतें थी। जिसकी वजह से आयोग से इस करार को स्वीकृति नहीं मिल पा रही थी। कोयले से उत्पन्न बिजली संकट के इस दौर में नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह ने यह सुझाव दिया था कि दोनों पक्ष आपसी सहमति पत्र दे दें तो एस्क्रो एकाउंट की बाध्यता से आयोग राहत दे सकता है। आयोग के इस सुझाव के बाद पावर कारपोरेशन, तीस्ता व स्टेटक्रास्ट ने आयोग में सहमति पत्र दाखिल किया जिसे सोमवार को आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह व सदस्य केके शर्मा ने स्वीकृति दे दी।

# हरियाणा में 76.3% लोगों में मिली एंटीबॉडी

● ताजा सर्वे में 6 से 9 साल के 69.8 % व 10 से 17 वर्ष के 73.2% बच्चों में मिली एंटीबॉडी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के सभी 22 जिलों में किए गए तीसरे सीरो सर्वेक्षण से पता चला है कि राज्य की आबादी में एंटीबॉडी में तेजी से वृद्धि हुई है। ताजा सर्वे से पता चला है कि राज्य की 76.3 प्रतिशत आबादी में सार्सकोव-2 के खिलाफ एंटीबॉडी बन चुकी है। बीते साल अगस्त में 8 प्रतिशत और उसके बाद उसी वर्ष अक्टूबर में केवल 14.8 प्रतिशत एंटीबॉडी बनने की बात सामने आई थी। हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज द्वारा सोमवार को जारी सीरो सर्वेक्षण रिपोर्ट में राज्य में 6-9 वर्ष की आयु के 69.8 प्रतिशत बच्चों में और 10-17 वर्ष की आयु के 73.2 प्रतिशत किशोरों में सीरो-पॉजिटिविटी दर पाई गई है। यह पहली बार है कि इस सीरो सर्वेक्षण में 6 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों को शामिल किया गया। पिछले दो दौर के सीरो सर्वेक्षणों में 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को हरियाणा में नामांकित किया गया था। निष्कर्षों के अनुसार, समग्र सीरो-पॉजिटिविटी 76.3 प्रतिशत (शहरी आबादी में 78.1 और ग्रामीण में 75.1 प्रतिशत) पाई गई, लेकिन जिले के हिसाब से इसमें भारी अंतर पाया गया। इनमें फरीदाबाद जिले में सबसे कम 64.2 और कुरुक्षेत्र में सबसे अधिक 85 प्रतिशत लोगों में एंटीबॉडी बनने का पता चला। उसके बाद रोहतक (84.6 प्रतिशत), महेंद्रगढ़ (81.6 प्रतिशत) और पानीपत (81.5 प्रतिशत) का स्थान रहा।

फरीदाबाद में सबसे अधिक अनिर्णायक नमूने (13.2 प्रतिशत) थे, जिसके कारण सबसे कम सीरो-पॉजिटिविटी थी, जिसके बाद राज्य सरकार ने जिले में (शेष पेज 9)

## दो टीकों का मिश्रण कोरोना से लड़ाई में हो सकता है कारगर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोविड**-19 के खिलाफ लड़ाई में टीकों का मिश्रण कई देशों के लिए पासा पलटने वाला साबित हो सकता है। स्वीडन में किए गए अध्ययन में पाया गया है कि जिन लोगों को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की पहली खुराक मिली और उसके बाद दूसरी खुराक में उन्हें एमआरएनए वैक्सीन दी गई तो ऐसे लोगों में उनके मुकाबले संक्रमण का खतरा कम पाया गया जिन्हें दोनों खुराक में ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका का टीका लगा था। द लैंसेट रीजनल हेल्थ-यूरोप जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के परिणाम में विभिन्न देशों में टीकाकरण रणनीतियों के लिए अलग निहितार्थ हो सकते हैं। (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,765 | ↑ 460 | |
| निफ्टी | 18,477 | ↑ 138 | |
| सोना | 46,306 | ↑ 37 | /10g |
| चांदी | 62,328 | ↑ 323 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए सेना प्रमुख जम्मू के दो दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) उन्हें सुरक्षा स्थिति और अभियानगत तैयारियों के बारे में जानकारी देंगे। भारतीय सेना ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना ने सोमवार को ट्विटर पर कहा, सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे जम्मू क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर है और व्हाइट नाइट कोर के जीओसी सुरक्षा स्थिति और अभियानगत तैयारियों के बारे में उन्हे जानकारी देंगे। उसने कहा, सेना प्रमुख अग्रिम इलाकों का दौरा करेंगे और सैनिकों तथा कमांडरों से बातचीत करेंगे।

# प्रधानमंत्री कल करेंगे कुशीनगर हवाईअड्डे का उद्घाटन

● बौद्ध पुजारियों समेत 125 गणमान्य लोग बनेंगे इस ऐतिहासिक पल के गवाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। कम से कम 10 से 15 देशों के राजदूत, बौद्ध पुजारी और श्रीलंका के 8 महायाजकों समेत 125 से अधिक विशिष्ट मेहमान इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनेंगे। कार्यक्रम में उन देशों के राजदूतों को न्योता भेजा गया है, जहां बौद्ध आबादी ज्यादा है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि कुशीनगर हवाई अड्डे पर सबसे पहली उड़ान श्रीलंका के कोलंबो से 125 गणमान्य व्यक्तियों और बौद्ध भिक्षुओं को लेकर उतरेगी। कुशीनगर एक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थस्थल है जहां भगवान गौतम बुद्ध ने महापरिनिर्वाण प्राप्त किया था और जिसमें लुंबिनी, सारनाथ और गया में तीर्थ स्थल शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद, प्रधान मंत्री बुधवार को बौद्ध स्थल महापरिनिर्वाण स्तूप और मंदिर में एक कायक्रम को भी संबोधित करेंगे, जिसमें श्रीलंकाई बौद्ध भिक्षु और श्रीलंका सरकार के मंत्री भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कुशीनगर हवाई अड्डे के उद्घाटन से दुनिया के विभिन्न हिस्सों के बौद्ध तीर्थयात्रियों को इस क्षेत्र के विभिन्न बौद्ध स्थलों से आसान संपर्क के साथ सुविधा होगी। दक्षिण एशियाई देशों के साथ सीधे विमानन संपर्क होने से श्रीलंका, जापान, ताइवान, दक्षिण कोरिया, चीन, थाईलैंड, वियतनाम, सिंगापुर आदि से आने वाले पर्यटकों के लिए कुशीनगर पहुंचना और क्षेत्र की समृद्ध विरासत का अनुभव करना आसान हो जाएगा। उड़ान के उद्घाटन के साथ पर्यटन प्रवाह में 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी की उम्मीद है।

कुशीनगर हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन 3,600 वर्ग मीटर में फैला है, जिसका निर्माण 260 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। जिसे केंद्र द्वारा संचालित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने उत्तर प्रदेश सरकार के (शेष पेज 9)

## बुद्ध प्रसाद से होगा मेहमानों का स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा आगामी 20 अक्टूबर को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति समेत तमाम मेहमानों का स्वागत पूर्वांचल के मशहूर काला नमक चावल से बने बुद्ध प्रसाद से किया जाएगा। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि कुशीनगर हवाई अड्डे के उद्घाटन कार्यक्रम में 25 प्रतिनिधियों तथा 100 बौद्ध भिक्षुओं समेत तमाम विशिष्ट अतिथियों को पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन (पीडीआरएफ) की तरफ से काला नमक चावल से बना बुद्ध प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुशीनगर हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक संबंधों को नई उड़ान मिलेगी और पर्यटन क्षेत्र में नया उछाल आएगा। प्रधानमंत्री इस मौके पर एक राजकीय मेडिकल कॉलेज की आधारशिला भी रखेंगे। पीडीआरएफ के अध्यक्ष राम चेत चौधरी ने कहा सिद्धार्थनगर जिला भगवान बुद्ध की जन्मस्थली से जुड़ा है और इस जिले का काला नमक चावल अपने जायके, खुशबू और पोषक तत्वों के लिए दुनिया भर में मशहूर है।

# लॉकडाउन के बाद पहली बार रिकॉर्ड यात्रियों ने भरी उड़ान

● रविवार को भारत से 2,372 विमानों ने भरी उड़ान, 3.27 लाख लोगों ने किया सफर

● घरेलू एयरलाइनों को 100 प्रतिशत क्षमता के साथ उड़ान संचालन की मिली अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत में** रविवार को 2,372 उड़ानों में कुल 3.27 लाख लोगों ने उड़ान भरी, जो कोविड-19 महामारी के बाद एक दिन में सर्वाधिक है। इस संबंध में सरकार ने घरेलू एयरलाइनों को 100 प्रतिशत पर उड़ानें संचालित करने की अनुमति दी है।

कोविड-19 मामलों में गिरावट और त्योहारी सीजन के दौरान भारी मांग को देखते हुए सोमवार से पूरी क्षमता से चलाने की अनुमति दी गई है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि रविवार को भारत के भीतर 2,372 उड़ानों में कुल 3,27,923 यात्रियों ने यात्रा की। सिंधिया ने सोमवार को ट्वीट किया कि सरकार की रचनात्मक नीतियों के चलते महामारी की शुरुआत के बाद घरेलू हवाई यातायात ने उच्चतम स्तर को छुआ है। उन्होंने कहा कि भारत में नागरिक उड्डयन क्षेत्र अभूतपूर्व चुनौतियों के बीच आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है कि हम हम जल्द से जल्द सामान्य स्थिति में लौटने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। महामारी की चपेट में आने से पहले, (शेष पेज 9)

# किसानों का नोएडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल

## अपनी मांगों को पूरा करवाने पर अड़े आंदोलनकारी, भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अपनी मांगों को लेकर सोमवार को हजारों किसानों नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचे। नोएडा प्राधिकरण के गेट पर किसानों ने कब्जा कर लिया है। भारी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे हैं। खबर लिखे जाने तक किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, वह वापस नहीं लौटेंगे।

मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात है। भारतीय किसान यूनियन के हजारों कार्यकर्ता सोमवार की दोपहर ग्रेटर नोएडा के परी चौक से नोएडा की तरफ रवाना हुए। किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली और गाड़ियों में सवार होकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के माध्यम से नोएडा आए। इस दौरान ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने ग्रेटर नोएडा में ही किसानों को रोकने का प्रयास किया लेकिन किसान किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। अपनी विभिन्न मांगों को पूरा कराने के लिए किसान नोएडा के लिए रवाना हुए। हजारों किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर एक्सप्रेसवे के माध्यम से नोएडा की तरफ बढ़े। जिसके कारण नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर लोगों को भारी जाम से जूझना पड़ा। किसानों के इस प्रदर्शन के कारण पूरे एक्सप्रेसवे पर सोमवार को पूरे दिन यातायात प्रभावित रहा है। इस समय भी नोएडा दलित प्रेरणा स्थल से लेकर चिल्ला बॉर्डर तक वाहनों का दबाव ज्यादा है। हालांकि नोएडा ट्रैफिक पुलिस यातायात को सामान्य करने में लगी हुई है। किसानों का कहना है कि वह अपनी मांगों को लेकर काफी समय से प्रदर्शन करते आ रहे हैं लेकिन तीनों प्राधिकरण में से कोई भी उनकी सुनने को तैयार नहीं है। नोएडा में 81 गांव के हजारों किसान बीते करीब 40 दिनों से नोएडा प्राधिकरण पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कोई भी अधिकारी या नेता का किसानों पर ध्यान नहीं है।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने कहा, किसान अब पीछे हटने वाला नहीं है। प्राधिकरण और सरकार को अब किसान की सुननी ही होगी।

किसानों का प्राधिकरण काफी लंबे समय से शोषण करता हुआ आ रहा है लेकिन इसको अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नोएडा के हजारों किसान और माताएं.बहने पिछले करीब 40 दिनों से नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर के बाहर अपनी मांगों को लेकर बैठी हुई हैं। उसके बावजूद भी अफसरों और जनप्रतिनिधि किसानों के इस प्रदर्शन को अनदेखा कर रहे हैं। हजारों की संख्या में किसान नोएडा प्राधिकरण के गेट पर इकट्ठे हुए हैं।



प्रदर्शन करते किसान।

**किसानों की मांगें**

1. किसानों के बच्चों को रोजगार
2. मुफ्त शिक्षा
3. मुफ्त चिकित्सा
4. अतिरिक्त मुआवजा
5. 10 प्रतिशत प्लॉट

लखीमपुर खीरी कांड के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन

# आंदोलनकारियों ने रोकी रेल, कई नेता नजरबंद

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को किसानों ने मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर रेल रोक दी।

इस दौरान किसान घंटों रेल के सामने बैठे किसानों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं कई किसान नेताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। रेल रोको आंदोलन के तहत सैकड़ों की तादाद में भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसान मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए तथा रेल की पटरियों पर धरना देकर बैठ गए।

इस दौरान एक मॉल गाड़ी तो किसानों के पटरी पर बैठने के कारण ड्राइवर ने रेल रोक दी। इसके बाद किसान रेल के इंजन पर चढ़ गए और मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर पटरियों पर बैठे किसानों का कहना है कि 4 बजे तक किसान ट्रेन रोको आंदोलन चलाया।

किसान नेता जय मलिक ने कहा कि एमएसपी कानून और कृषि बिल की वापिसी के साथ ही लखीमपुर खीरी में किसानों को न्याय दिलाने के लिए गृह राज्य मंत्री को उनके पद से हटाये जाने की मांग को लेकर उनका आंदोलन चलता रहेगा। दूसरी ओर किसानों के रेल रोको आह्वान के चलते प्रशासन एवं रेलवे के अधिकारी अलर्ट पर रहा। गाजियाबाद साहिबाबाद, मोदीनगर, लोनी, आदिल व रेलवे ट्रैक पर भारी पुलिस बल एवं रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे। लोनी रेलवे स्टेशन पर पंडित सचिन शर्मा प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अंबावता के रेल रोको आंदोलन के चलते क्षेत्राधिकारी लोनी अतुल कुमार सोनकर एवं लोनी प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे पं सचिन शर्मा एवं जिला अध्यक्ष अमित कसाना को पुलिस ने नजर बंद कर दिया।

# भूखंड योजना लॉन्च : हर प्लॉट में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी कैटेगरी के बनेंगे फ्लैट

- प्राधिकरण को करीब 400 करोड़ रुपये की होगी आमदनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में बिल्डर प्रोजेक्ट में अपना आशियाना बनाने का एक और मौका प्राधिकरण ने दिया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर प्लॉट स्कीम लांच कर दी है। इस स्कीम में चार प्लॉट शामिल किए गए हैं। इन चारों प्लॉटों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को करीब 400 करोड़ रुपये की आमदनी होगी।

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों पर अफॉर्डेबल हाउसिंग को बढ़ावा देने के लिए इस योजना में शामिल हर भूखंड पर ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट बनाने का भी प्रावधान किया गया है।

बीते तीन-चार वर्षों में ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ा है। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं, जिससे बसावट में भी तेजी से इजाफा हुआ है। ग्रेटर नोएडा में फ्लैटों की भी मांग बढ़ी है। खरीदार नई परियोजनाओं में निवेश की इच्छा जताने लगे हैं। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर बिल्डर सेल ने प्लॉट स्कीम लांच कर दी है।

इस स्कीम के जरिए तीन सेक्टरों में चार भूखंड आवंटित करने की योजना है। प्राधिकरण इन चार भूखंडों के जरिए 1.21 लाख वर्ग मीटर जमीन आवंटित कर सकेगा। इससे प्राधिकरण को कुल करीब 400 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त होगी। इस बार प्राधिकरण की पूरी कोशिश रहेगी कि उन बिल्डरों को ही ये प्लॉट मिलें जो खरीदारों को तय समय पर बनाकर फ्लैट दे सकें।

# ग्रेनो में मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए आवदेन शुरू

- आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर, 23 नवंबर को नीलामी होगी
- 11 भूखंडों की योजना लांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में ऊंचे मॉल व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने का सपना देखने वालों को एक और मौका प्राधिकरण ने दिया है। चार एफएआर वाले 11 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना प्राधिकरण ने लांच कर दी है।

इस योजना के भूखंडों के लिए सोमवार से ही ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर है। 23 नवंबर को नीलामी होगा।

ग्रेटर नोएडा में उद्योग व रिहायश बढ़ाने के साथ ही व्यावसायिक गतिविधियां भी बढ़ी हैं। नये व्यावसायिक प्रतिष्ठान की मांग भी बढ़ी है। इसे देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर कॉमर्शियल सेल ने वाणिज्यिक भूखंड योजना लांच कर दी है। इस योजना में 11 भूखंड शामिल किए गए हैं। ये सभी भूखंड चार एफएआर फ्लोर एरिया रेश्यो वाले हैं। इससे और ऊंचे मॉल व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बन सकेंगे।



प्राधिकरण के वाणिज्यिक विभाग के प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना में 2500 वर्ग मीटर से लेकर अधिकतम 12 हजार वर्ग मीटर तक के प्लॉट शामिल किए गए हैं और रिजर्व प्राइस 60 हजार वर्ग मीटर से लेकर 66 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर है। इसके डॉक्यूमेंट 8 नवंबर को शाम पांच बजे तक डाउनलोड किए जा सकते हैं।

12 नवंबर तक डॉक्यूमेंट सबमिट करने होंगे। 23 नवंबर को इसकी बिड खुलेगी। इस स्कीम का आवेदन पत्र 18 अक्तूबर से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट और एसबीआई के वेब पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं, यह सुविधा सोमवार से शुरू हो गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने बताया कि आवंटी को आवंटन होने से एक माह में भूखंड पर पजेशन दे दिया जाएगा। इन भूखंडों पर किसी तरह का रुकावट नहीं है। आवंटी तय समय पर अपना प्रोजेक्ट शुरू और पूरा कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



पुस्तक के लोकार्पण के मौके पर पदाधिकारी।

### कवियों ने बिखेरे कविताओं के विभिन्न रंग

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में विधा साहित्यिक-सांस्कृतिक संस्था, देवप्रभा प्रकाशन एवं वणिका पब्लिकेशंस द्वारा आयोजित उपन्यासकार रवीन्द्र कांत त्यागी के दो उपन्यासों 'वंश बेल में दंश' और 'पिघलती मिट्टी' के लोकार्पण समारोह व परिचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्यकारी डॉ. राज नारायण शुक्ला ने कहा कि किसी कहानी, उपन्यास या कविता की रचना करते हुए जीवन के आदर्शों को साथ लेकर चलना बड़ा दुरूह कार्य है, और उपन्यासकार रविंद्र कांत त्यागी ने यह कर दिखाया है। समारोह अध्यक्ष सुप्रसिद्ध साहित्यकार विभूति नारायण राय ने कहा, एक लेखक का दायित्व है कि समाज की वर्तमान कुरीतियों पर और जनमानस की समस्याओं पर भी लेखन का कार्य करे। अतिथि वक्ता डॉ. पूनम सिंह ने कहा कि रवींद्र कांत त्यागी अपनी रचनाएं जनता को समझ आने वाली सहज भाषा में लिखते हैं। गृह मंत्रालय में सहायक निदेशक राजभाषा रघुवीर शर्मा ने उपन्यास के संवेदनशील अंश पढ़कर सुनाए और उनकी सराहना की। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास त्यागी ने कहा त्यागी अपनी कलम के अगले हिस्से पर हमेशा राष्ट्रवाद को बिठाकर रखते हैं। कुशल संचालन डॉ. चेतन आनंद ने किया। समारोह में अतिथि वक्ताओं व कवियों को स्मृति चिह्न, शॉल, गिफ्ट हैम्पर, गुलदस्ते भेंटकर सम्मानित किया गया।

### जगत, अमर शर्मा एवं आश्रय गुप्ता राष्ट्रीय सचिव बने

**नोएडा।** सेक्टर 12 स्थित समाजवादी पार्टी नोएडा ग्रामीण कार्यालय पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव एवं जिला महासचिव राघवेंद्र दुबे ने युवजनसभा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव जगत चौधरी, अमर शर्मा एवं डॉ आश्रय गुप्ता का पार्टी कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। सपा प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि जगत चौधरी, अमर शर्मा एवं डॉ आश्रय गुप्ता पार्टी के पुराने व समर्पित कार्यकर्ता हैं और पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। इनको जिम्मेदारी मिलने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार प्रकट करता किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र गुर्जर, उपाध्यक्ष बीरेन्द्र यादव, राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी आशुतोष अवाना, अनीस सैफी, पूरन, एडवोकेट अतुल शर्मा, मोहम्मद तस्लीम, नीरज शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 17 नवंबर तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**गाजियाबाद।** खोड़ा नगर पालिका परिषद संचारी रोग नियंत्रण अभियान कल से शुरू होकर 17 नवंबर तक चलाया जाएगा। अभियान चलाने के लिये खोड़ा नगर पालिका ने भी तैयारियां पूरी कर ली है। अभियान के तहत रोस्टर बनाकर संपूर्ण क्षेत्र में एंटी लारवा दवा का छिड़काव , लोगों को विभिन्न संक्रामक रोगों, कोरोना वैक्सीनेशन, दस्तक अभियान के बारे में जागरूक किया जायेगा। अभियान के माध्यम से किसी को बुखार, डेंगू या मलेरिया होता है तो तुरंत जांच के लिये जागरूक करेंगे। अभियान के नोडल अधिकारी संजीव कुमार अवाना ने बताया कि खोड़ा नगर पालिका की चेयरमैन रीना भाटी, अधिशासी अधिकारी केके मिश्रा व समस्त स्टाफ अभियान को लेकर तैयार है।



संजीव कुमार अवाना

### बारिश के चलते आज भी बंद रहेंगे स्कूल

**गाजियाबाद।** मौसम विभाग के भारी बारिश के अलर्ट के चलते जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने 19 अक्टूबर तक कक्षा एक से 12 तक के सभी शैक्षिणिक संस्थानों में अवकाश की घोषणा की है।

जिलाधिकारी ने खुद अपने ट्वीटर एकाउंट पर ट्वीट करके इसकी जानकारी सोमवार को दी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी शैक्षिणिक संस्थानों के प्रबंधकों को इसकी जानकारी दे दी है। जिलाधिकारी के आदेशों के मुताबिक भारी वर्षा के अलर्ट के कारण 19 अक्टूबर को कक्षा एक से 12 तक के शिक्षण संस्थानों में अवकाश रहेगा।

# पड़ोसी ने बच्ची के साथ किया दुष्कर्म, पुलिस ने भेजा जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एक पड़ोसी ने 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में पीड़ित बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

नोएडा के थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के मोरना गांव में रहने वाली एक 11 वर्षीय बच्ची के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने घर में घुसकर जबरन बलात्कार किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त वृंदा शुक्ला ने बताया कि थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के मोरना गांव में रहने वाली एक महिला के 3 बच्चे हैं। महिला सोसाइटी में बने घरों में घेरलू सहायिका का काम करने अपने परिवार का पालन-पोषण करती है। महिला का आरोप है कि बीती रात को वह काम करने के लिए गई थी। उनकी 11 वर्षीय बच्ची घर पर अकेली थी, तभी उनके पड़ोस में रहने वाले आमिर ने उनकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया।

# नोएडा के 6 दोस्तों की कार नदी में गिरी, 3 की मौत

- बद्रीनाथ गए थे, लौटते समय हुआ हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में रहने वाले 6 दोस्त उत्तराखंड के बद्रीनाथ में दर्शन करने गए थे। वहां से वापस बदरीनाथ हाईवे के माध्यम से रविवार की देर शाम को वापस लौट रहे थे। रास्ते में चमोली बाजार के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी में गिर गई।

इस हादसे में नोएडा में रहने वाले 3 यात्रियों की मौत हो गई है। इसके अलावा कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दरअसल,



नोएडा में रहने वाले 6 दोस्त बद्रीनाथ में दर्शन करने गए थे।

नोएडा के सेक्टर-27 अट्टा गांव में रहने वाला 27 साल का दीपक, नोएडा के सेक्टर-82 में रहने वाला 26 साल का अरविंद, नोएडा के सेक्टर-11 झुंडपुरा गांव में रहने वाला 31 साल का संदीप तंवर, नोएडा के सेक्टर-46 में रहने वाला अक्षित चौहान, नोएडा के सेक्टर.11 में रहने वाला हरेंद्र और सुनील अवाना कार में सवार होकर बद्रीनाथ गए थे। रविवार की देर शाम को सभी लोग वापस लौट रहे थे। सोमवार को सभी को अपने-अपने घर पहुंचना था। रास्ते में चमोली बाजार के पास अनियंत्रित होकर 500 मीटर नीचे उनकी गाड़ी अलकनंदा नदी में गिर गई। इस हादसे में दीपक, अरविंद और संदीप तंवर की मौत हो गई।

# शहर को साफ-सुधरा बनाने को चलाया जागरूकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में अब पेंटिंग प्रतियोगिता को भी जोड़ लिया गया है। सोमवार से पेंटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

पहले दिन ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा-टू स्थित लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्रों ने स्वच्छता से जुड़े विभिन्न विषयों पर पेंटिंग बनाकर शहर को साफसुथरा बनाने और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। प्राधिकरण की टीम ने छात्रों को साफ-सफाई और कूड़े के निस्तारण के बारे में भी जानकारी दी।

प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सोमवार को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए भी जागरुकता अभियान चलाया गया। सेक्टर बीटा-टू में एंटी प्लास्टिक ड्राइव चलाया गया।

# तीस हजार वाहन चालकों ने नहीं कराई प्रदूषण जांच

- 10 हजार रुपये का होगा चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले के करीब तीस हजार वाहनों की प्रदूषण जांच नहीं हुई है। कोरोना काल में मिली वैधता तारीख खत्म होने के बाद भी लोगों ने प्रदूषण जांच नहीं कराई है।

प्रदूषण जांच न कराने वाले वाहनों का दस हजार रुपये का चालान होगा। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में 7.87 लाख वाहन पंजीकृत हैं। सरकार ने



कोरोना काल में लोगों को राहत देते हुए वाहन संबंधी दस्तावेजों की अंतिम तारीख बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी थी।

इनमें वाहन संबंधी वे दस्तावेज भी शामिल थे, जिनकी वैधता फरवरी 2020 और उसके बाद खत्म हो रही थी। एआरटीओ प्रशासन एके पांडे ने बताया कि अंतिम तारीख बीतने के बाद भी जिले में करीब 30 हजार वाहनों की प्रदूषण जांच नहीं हुई है।

इसमें निजी और व्यावसायिक, दोनों तरह के वाहन शामिल हैं। एआरटीओ प्रशासन एके पांडे ने बताया कि बिना प्रदूषण जांच सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों का नियम के मुताबिक दस हजार रुपये का चालान किया जाएगा। जिन लोगों ने अपने वाहन की प्रदूषण जांच नहीं कराई है, वे तुरंत जांच कराकर प्रदूषण जांच प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, जिले में 92 प्रदूषण जांच केंद्र संचालित हो रहे हैं। इनमें से ज्यादातर केंद्रों पर डीजल और पेट्रोल, दोनों तरह के वाहनों की प्रदूषण जांच करने की सुविधा है। एआरटीओ प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन लोगों को नए प्रदूषण जांच केंद्र खोलने हैं या लाइसेंस का नवीनीकरण कराना है वे आवेदन कर सकते हैं। इस साल जनवरी में वाहनों की प्रदूषण जांच महंगी हो गई है। दो पहिया वाहन का प्रदूषण जांच शुल्क 30 रुपये से बढ़कर 50 रुपये कर दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर चार पहिया वाहन का प्रदूषण जांच शुल्क 50 रुपये से बढ़कर 70 रुपये कर दिया गया है।

# नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर गड्ढा, लगा लंबा जाम

- कई किलोमीटर तक लगी वाहनों की लाइनें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बारिश के कारण एक्सप्रेसवे पर गड्ढा हो गया है। जिसकी वजह से जाम लगा हुआ है। सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हुए है।

गौतमबुद्ध नगर ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट करते हुए अलर्ट जारी है। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर.150 के सामने मार्ग में गड्ढा हो गया है। जिसकी कारण यातायात काफी धीमी गति से चल रहा है। मौके पर नोएडा ट्रैफिक पुलिस कर्मी मौजूद है, जो यातायात सामान्य बनाने में लगे है।





दरअसल, नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे एनसीआर में रविवार की दोपहर से ही बारिश हो रही है। बारिश के कारण काफी स्थानों पर जलभराव हो गया है। नोएडा में बारिश के कारण एक मकान भी रविवार को गिर गया था। जिसके नीचे एक महिला और एक बच्चा दब गया था।

बारिश के चलते ही नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे सेक्टर-150 के सामने मार्ग में गड्ढा हो गया है। नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर गड्ढा होने के कारण जाम लगा हुआ है। बीच एक्सप्रेसवे पर मिट्टी पड़ी हुई है। सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हुए है। यातायात काफी धीमी गति से चल रहा है। मौके पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद है।

# शिवपाल यादव की रथ यात्रा 30 को गाजियाबाद पहुंचेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री शिवपाल यादव की रथ यात्रा गाजियाबाद में 30 अक्टूबर को पहुंचेगी। गाजियाबाद पहुंचने पर रथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा। वहीं पार्टी ने नूरहसन को जिलाध्यक्ष घोषित किया है।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नाहर सिंह यादव ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शिवपाल की रथ यात्रा के स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी गई है । गाजियाबाद में उनकी रथयात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा। श्री यादव ने इस मौके पर नूर हसन को पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाने की घोषणा भी की। आपको बता दें कि पिछले दिनों पप्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एपी सिंह ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था तभी से यह पद रिक्त चल रहा था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के महानगर अध्यक्ष जयप्रकाश व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 19 अक्टूबर 2021



# प्रदूषण रोकने को रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान हुआ शुरू

## दूसरे राज्यों में पराली जलाने से तेजी से बढ़ रहा प्रदूषण : राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में प्रदूषण का चोली-दामन का रिश्ता रहा है। सर्दी के दस्तक देते ही वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब से बहुत खराब स्तर पर पहुंच जाता है। हालांकि, सोमवार का दिन कुछ अलग था। इस दिन पूरे साल का सबसे साफ दिन दर्ज किया गया। दूसरे शब्दों में दिल्ली की हवा सबसे स्वच्छ रही। इस बीच दिल्ली सरकार ने प्रदूषण से युद्ध के लिए रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान सोमवार से शुरू किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली के हिस्से के वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए यह मुहिम शुरू की गई है। दूसरे राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं जैसे-जैसे बढ़ रही हैं, उसी तेजी से राजधानी में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आईटीओ चौक से सोमवार को रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान की शुरुआत की है। मंत्री ने वाहन चालकों को गुलाब के फूल भेंटकर रेड लाइट पर वाहन बंद करने की अपील की। इस दौरान सिविल डिफेंस वालंटियर ने लोगों को मुख्यमंत्री की जनता के नाम अपील के पंफलेट बांटे। जिसमें वाहन चालकों से रेड लाइन ऑन होने पर गाड़ी ऑफ करने, हफ्ते में गाड़ी की एक ट्रिप कम करने और अपने फोन में ग्रीन दिल्ली मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की अपील की गई।

गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण को लेकर शोध के आंकड़े बताते हैं कि वाहन प्रदूषण सबसे प्रमुख भूमिका निभाता है। इसके अलावा वायु प्रदूषण की भूमिका होती है। जिस तरह से डस्ट प्रदूषण के खिलाफ एंटी डस्ट अभियान चला रही है। उसी वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान शुरू किया गया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पैट्रोलियम कंजर्वेशन रिसर्च एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान को सफलता पूर्वक लोग पालन करते हैं तो 13 से 20 फीसदी तक वाहन प्रदूषण को कम किया जा सकता है। जो गाड़ियां सितंबर महीने में चल रही थीं, वह आज भी चल रही हैं। लेकिन उस समय प्रदूषण का स्तर सामान्य था।




सोमवार को राजधानी में दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान के दौरान वालियंटरों के साथ हाथ में स्लोगन लिखे पोस्टर के साथ खड़े पर्यावरण मंत्री गोपाल राय। फोटो : रंजन डिमरी

## प्रदूषण पर शिकंजा कसने के लिए विस्तृत कार्य योजना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में वायु प्रदूषण के खराब स्तर के मद्देनदर, पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने सोमवार को वर्ष 2021-22 के लिए पूर्वी दिल्ली नगर निगम की प्रदूषण शमन योजना जारी की। इस दौरान स्थायी समिति अध्यक्ष बीर सिंह पंवार, अपर आयुक्त शिल्पा शिंदे और निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अग्रवाल ने कहा कि प्रदूषण कुछ महीनों की समस्या भर नहीं है यह एक दीर्घकालिक समस्या है तो इसका समाधान भी दीर्घकालिक ही होना चाहिए ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

अग्रवाल ने कहा कि प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए निगम से पूरे साल की कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत, विध्वंस कचरा, कूड़ा जलाना, लैंडफिल साइट आदि से पैदा होने वाले प्रदूषण के लिए विशेष योजना बनाई गई है।

# राजधानी में डेंगू से इस साल एक मरीज की मौत की पुष्टि

- कोविड-19 के बाद मच्छरजनित बुखार का कहर बढ़ा, प्रशासन सतर्क

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में इस साल डेंगू से मौत का पहला मामला सामने आया है। इस डेंगू के कुल 723 मामले सामने आ चुके हैं। नगर निकाय की ओर से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल, दिल्ली में सामने आए डेंगू के कुल मामलों में से इस महीने 16 अक्टूबर तक 382 मामले सामने आए हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शहर में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं और इससे पहली मौत हुई है। मृतक के बारे में अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है। दिल्ली में इस साल नौ अक्टूबर तक डेंगू के कुल 480 मामले ही सामने आए थे। एक सप्ताह में 243 नए मामले दर्ज किए गए हैं।

नगर निकाय की ओर से मच्छर जनित बीमारियों के संबंध में सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मौसम में 16 अक्टूबर तक डेंगू से एक व्यक्ति की मौत हुई और कुल 723 मामले सामने आए। इस अवधि में 2018 के बाद से यह सर्वाधिक मामले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में एक जनवरी से 16 अक्टूबर की अवधि में दर्ज मामलों की संख्या 2020 में 395, 2019 में 644 और 2018 में 1020 थी।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में कुल 1,072 मामले और एक व्यक्ति की मौत दर्ज की गई थी। एसडीएमसी के आधिकारिक आंकड़े के अनुसार, डेंगू से होने वाली मौतों की संख्या 2019 में दो, 2018 में चार (2018), 2017 में 10 और 2016 में भी 10 थी। इस साल सितंबर में 217 मामले सामने आए थे।

## ई-ऑटो परमिट के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया चालू महिलाओं को आरक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि दिल्ली सरकार ने सोमवार को महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ ई-ऑटो परमिट के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि पहले चरण में, महिला आवेदकों के लिए 1,406 समेत 4,261 ई-ऑटो परमिट जारी किए जाएंगे। इसके लिए आवेदन करने के पात्र लोग दिल्ली सरकार के यातायात विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

एक ट्वीट में गहलोत ने कहा कि ई-ऑटो परमिट दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहन राजधानी बनाने की दिशा में अरविंद केजरीवाल सरकार का प्रभावी कदम है। दिल्ली सरकार शहर को प्रदूषण मुक्त, विश्वस्तरीय यातयात सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली सरकार इलेक्ट्रॉनिक व्हिकल पालिसी के तहत ई-ऑटो खरीदने पर 30,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

# जल्द शुरू होगा रोजगार बाजार का दूसरा पोर्टल, टेंडर जारी

- आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस से लैस रोजगार से संबंधित अन्य सेवाएं भी कराएगा मुहैया : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार रोज़गार बाज़ार 2.0 पोर्टल शुरू करने की तैयारी की है। यह देश में अपनी तरह का पहला जॉब मैचिंग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म होगा, जहां युवा एंट्री लेवल जॉब्स के लिए अप्लाई कर सकेंगे। पिछले साल लांच रोज़गार बाज़ार पोर्टल की सफलता को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लयिा है। इस पोर्टल से दिल्ली में रोजगार की तलाश कर रहे लाखों युवाओं और स्किल्ड वर्कफोर्स की तलाश कर रहे हजारों व्यवसाइयों के लिए लाइफलाइन के रूप में उभरकर सामने आया है।

दिल्ली सरकार ने रोजागार बाजार 2.0 के लिए 14 अक्टूबर को रोजगार विभाग द्वारा इस संबंध में निविदाएं मंगाई गई हैं। यह रोजगार बाजार 1.0 पोर्टल की तरह नया पोर्टल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित जॉब मैचिंग सेवाओं के साथ-साथ दिल्ली के युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार से संबंधित सेवाएं प्रदान करेगा।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि रोजगार बाजार 1.0 पोर्टल अगस्त 2020 में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा कोरोना महामारी के उस दौर में लांच किया गया, जब लाखों लोग बेरोजगार हो गए थे और यह पोर्टल उन बेरोजगार युवाओं और दिल्ली के छोटे व्यवसायियों के लिए एक लाइफ लाइन बन गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान रोजगार बाजार पोर्टल पर 14 लाख से अधिक नौकरी चाहने वालों लोगों का और 10 लाख नौकरियों का विज्ञापन पहले ही किया जा चुका है।

## गंगा राम अस्पताल में थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिया के लिए परीक्षण शुरू

**नई दिल्ली।** सेना अस्पताल से भेजे गए कोविड वैक्सीन द्वारा हुए थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिया (वीआईटीटी) के पहले मामले में, जिसका निदान और पुष्टि जून 2021 में हेमटोलॉजी विभाग, सर गंगा राम अस्पताल द्वारा डॉ. (प्रो.) ज्योति कोतवाल द्वारा की गई थी। इसे 'इंडियन जर्नल इंडियन जर्नल ऑफ हेमटोलॉजी एंड ब्लड ट्रांसफ्यूजन में 29 सितंबर 2021 प्रकाशित किया गया है। दुर्भाग्य से देर से रेफरल के कारण, रोगी जीवित नहीं रह सका।

डॉ. (प्रो.) ज्योति कोतवाल, चेयरपर्सन, हेमटोलॉजी विभाग, सर गंगा राम अस्पताल के अनुसार जून 2021 के इंडेक्स केस के बाद वीआईटीटी के छह और नमूने प्राप्त किए हैं और उनका निदान किया है। जिसमें से पांच नमूने केरल से और एक दिल्ली के पड़ोसी अस्पतालों से आया है।

# 1960 के बाद अक्टूबर में सबसे ज्यादा बारिश

- इस माह 94.6 मिमी दर्ज की गई बरसात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में इस साल अक्टूबर का महीना 1960 में हुई 93.4 मिमी की बारिश के बाद से सबसे ज्यादा बारिश वाला रहा। इस साल शहर में अक्टूबर महीने में अब तक 94.6 मिमी की बारिश दर्ज की जा चुकी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में अक्टूबर के महीने में 1910 में 185.9 मिमी बारिश, 1954 में 238.2 मिमी बारिश, 1956 में 236.2 मिमी बारिश और 1960 में 93.4 मिमी की बारिश हुई। यहां 2004 में अक्टूबर में 89 मिमी बारिश हुई थी।

आंकड़ों के अनुसार रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में 87.9 मिमी बारिश हुई, जो कि एक दिन में हुई बारिश के मामले में चौथा रिकॉर्ड है। दिल्ली में अक्टूबर में केवल एक दिन में 1910 में 152.4 मिमी, 1954 में 172.7 मिमी, 1956 में 111 मिमी बारिश हुई। सोमवार को भारी बारिश की वजह से कई इलाकों में जलजमाव और यातायात की समस्या पैदा हो गई।

## वर्षा से कई इलाकों में लगा जाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में भारी बारिश के बाद सोमवार को कई जगह जलभराव हुआ और यातायात बाधित हो गया। इसके साथ ही, न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक 87.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण कई स्थानों में जलभराव की समस्या हो गई।

दिल्ली यातायात पुलिस ने सोमवार को सुबह ट्वीट कर बताया कि जलभराव के कारण पुल प्रहलादपुर अंडरपास और एमबी रोड बंद है। इस सड़क से गुजरने वाले लोग, महरौली मथुरा रोड अंडरपास, सरिता विहार फ्लाईओवर या मोदी मिल फ्लाईओवर की ओर जाने वाले वैकल्पिक मार्ग ले सकते हैं। बदरपुर के लिए भी वैकल्पिक मार्ग ले सकते हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में सुबह साढ़े नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 325 रहा।

## एलएनजेपी में कर्मचारियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**नई दिल्ली।** यहां लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल के सात मंजिला आपातकालीन खंड के जिस सेमिनार कक्ष में रविवार देर रात आग लगी थी, उसमें ताला लगा हुआ था और अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा दिखाई गई सूझबूझ और सतर्कता की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया।

राष्ट्रीय राजधानी में 1,500 बिस्तरों वाला यह अस्पताल दिल्ली सरकार द्वारा चलाया जाने वाला सबसे बड़ा अस्पताल है और कोरोना वायरस महामारी से निपटने के लिए यह मुख्य केंद्र भी है। अस्पताल की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह घटना देर रात लगभग 12:30 बजे की है। हमारे कुछ कर्मचारियों ने सेमिनार कक्ष से धुआं निकलते देखा, जो बंद था। कर्मचारियों ने सूझबूझ और सतर्कता दिखाते हुए, तुरंत कमरा खोला।




1947 के विभाजन का दर्द-बुजुर्गों की जुबानी

# पूर्वजों को नमन जिन्होंने देशभक्ति की खातिर धन-दौलत कुर्बान कर दिया

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**पाकिस्तान** से चलने के बाद उनका आखिरी पड़ाव वाघा से कुछ दूरी पर था। पाकिस्तान से विस्थापित होकर हम सब लोग डरे, थके, भूखे, रोते-चीखते भारत पहुंचे। देर रात उन्हें तरनतारन लाया गया। कुछ लंगर रोटी-चावल मिला। भारत में किसी ने शरणार्थी कहा।

किसी ने रिफ्यूजी बोला तो किसी ने पाकिस्तानी कहा। किसी ने यह नहीं कहा कि वे लोग धर्म प्रेमी हैं। देशभक्त हैं। यह कहना है भारत-पाकिस्तान बंटवारे के साथ पाकिस्तान से भारत आए ज्ञानचंद मेहता का। ज्ञानचंद मेहता के मुताबिक उनके पिता साधुराम और माता लेखी बाई मूलरूप से सोकड़, तहसील तौंसा शरीफ जिला डेरा गाजी खान में रहते थे।

## भूखे, प्यासे लोग थोड़ा सा सामान लेकर भारत के लिए हुए थे रवाना

पिता लोअर मिडिल स्कूल खानपुर, तहसील ननकाना साहिब, जिला शेखूपुरा में मुख्याध्यापक के पद पर सेवारत थे। उनका घर व


ज्ञानचंद मेहता।

नौकरी वाले इलाके में बहुत सम्मान था। वे वीर हकीकत की कविता सुनाते थे और बच्चे नाचते थे। बंटवारे के समय सब कुछ बदल गया। आखिर 14 अगस्त 1947 का वह दिन आ ही गया। इधर-उधर सूचनाएं सुन, जब सब लोग धर्म की खातिर, सब कुछ छोड़ सिर पर छोटी-2 गठरी ले, भरे घरों को ताले लगा किले से बाहर आए तो सामने मौत खड़ी नजर आई। किसी तरह वहां से बचकर सब निकले। उनका काफिला चल पड़ा। पहला गांव ताहर था, परन्तु किस्मत से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। दूसरा गांव किलबमां सिंह था। एक दिन-रात वहां रहे। कड़ाके की गर्मी थी।

## सरकार से कभी आरक्षण नहीं मांगा

**ज्ञानचंद** मेहता ने कहा कि पाकिस्तान में सब छोड़, खाली हाथ, भूखे-प्यासे, अपने धर्म की खातिर अपने देश भारत आये। वे अपने पूर्वजों को नमन करते हुए कहते हैं कि जिन्होंने अपनी मेहनत एवं त्याग से भारत की शान बढ़ाई। सरकार से कभी आरक्षण नहीं मांगा। भारत में हर क्षेत्र में ज्ञान और शोभा बढ़ाने में इन त्यागी देशभक्तों का बहुत बड़ा हाथ है। लोगों ने मेडिकल, सिनेमा, शिक्षा और कृषि में जी-तोड़ मेहनत करके खुद को स्थापित किया।

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**होडल।** नेशनल हाइवे गांव सराय के निकट गाड़ी की टक्कसे बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुंडकटी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पलवल के सिविल अस्पताल में भेज दिया है।

पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव सराय निवासी अलीजान ने पुलिस को दी शिकायत में कहा रविवार देर सायं उसका भाई तोफिक बाइक द्वारा पलवल की ओर जा रहा था। हाइवे पार करते समय पलवल की ओर से आ रही गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी।

# स्वच्छता की जिम्मेदारी सिर्फ निगम की नहीं, हम सबकी भी है : सुधीर

### हम सभी के प्रयासों से ही स्वच्छ, सुंदर बनेगा गुरुग्राम

### विधायक सुधीर सिंगला ने स्वच्छाग्रही सम्मान समारोह में कही यह बात

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम में स्वच्छाग्रही सम्मान देते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हम सभी के प्रयासों से ही स्वच्छ एवं सुंदर गुरुग्राम बनेगा। स्वच्छता केवल सरकार या नगर निगम की ही जिम्मेदारी नहीं है। सभी नागरिकों को इसमें अपनी बेहतर भागीदारी करनी होगी। यह बात उन्होंने यहां सेक्टर-51 स्थित आर्टेमिस अस्पताल में नगर निगम गुरुग्राम, इको ग्रीन एनर्जी और बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्वच्छाग्रही सम्मान समारोह-2021 में कही।

इस समारोह में 15 स्वच्छ आरडब्लयूए, 13 स्वच्छ स्कूलों, 7 जागरूक दुकानदारों, 2 स्वच्छ बाजारों, 3 स्वच्छ अस्पतालों, 8 सामाजिक संगठनों एवं 11 सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इन सभी के कार्यों की सराहना करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि स्वच्छता हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

हमें अपने घरों में कचरे को अलग-अलग करने की आदत डालनी होगी। अगर हम गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करके देंगे, तो उस कचरे का निस्तारण करने में आसानी होगी तथा बंधवाड़ी में कम से कम कचरा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाया है तथा हमारा देश स्वच्छता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने गुरुग्राम वासियों से आह्वान किया कि यह शहर हम सब का है। इसे स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतरीन शहर बनाने की जिम्मेदारी हम सभी को निभानी होगी।

कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम के डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव ने कहा कि हमें अपने घर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर सीएम विंडो के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल, निगम पार्षद कुलदीप यादव, मनीष वजीराबाद एवं कुलदीप बोहरा, प्रवीण यादव, बिन्दू ने भी अपने संबोधन में कचरा अलगाव तथा प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम बनाने पर बल दिया।

कार्यक्रम में साहस एनजीओ की तरफ से कठपुतली शो के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, नृत्य के माध्यम से स्वच्छता के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के आयोजन में साहस एनजीओ, भरोसा फाऊंडेशन, टीन्स ऑफ गॉड संस्था, गुरुवर्स डांस स्टूडियो, सोलवर्थ, वृक्षा फाऊंडेशन, कायनेटिक ग्रीन का विशेष सहयोग रहा। नगर निगम गुरुग्राम के कार्यक्रम कॉर्डिनेटर एवं बुलंद आवाज वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक कुलदीप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया।

## सब्जियों की कीमतों में आया भारी उछाल


सोहना मंडी में दुकान पर सजीं सब्जियां।

**एन रोहिल्ला। सोहना**

**नवरात्रों** के एक दिन बाद ही सब्जियों की कीमतों ने आसमानी छलांग लगा दी। प्याज व टमाटर की कीमतों में दो से तीन गुणा बढ़ोत्तरी हुई है। इसके साथ गोफी, पालक और मैथी के दाम में भी दो गुणा बढ़े हैं। नवरात्र समाप्त होने के साथ ही मंडी में सब्जियों की मांग बढ़ने लगी है। ग्राहक की मांग आवक से अधिक होने के कारण कीमतों में उछाल आया है। नवरात्रों में 60 से 70 फीसदी सब्जियों की कीमत सामान्य थी। नवरात्रों में घीया, आलू, खीरा की कीमतें अधिक थीं, लेकिन नवरात्रों के बाद फूल गोफी, टमाटर, प्याज, पालक, मैथी, मूली, तोरई, शिमला मिर्च की कीमतें दो दिन में तेजी से बढ़ी हैं। प्याज की कीमतों ने तो ग्राहक की आंखों से आसू ही निकाल दिए। नासिक व मध्यप्रदेश से आ रही प्याज 60-70 रुपये की प्रतिकिलोग्राम की दर से बिक रही है। वहीं टमाटर की कीमत 30 से 40 रुपये बढ़ी है। पालक 40, मैथी 60, मूली 40, शिमला मिर्च 100 रुपये प्रति किलोग्राम के दर से मिल रही है। दुकानदार भागमल का कहना है कि प्याज दूसरे राज्यों से आ रही है। स्थानीय प्याज आने से ही कीमत कम होगी। उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद प्याज की कीमतें कम होने के आसार हैं।

**मौसमी सब्जियों की आवक कम :** किसान भोलूराम सैनी ने बताया कि सर्दी के मौसम में बिकने वाली सब्जी मूली, पालक, मैथी, सरसो, बथूआ, गोफी, गाजर की आवक कम होने से कीमतें बढ़ी हैं। जैसे-जैसे सर्दी के मौसम वाली सब्जियों की आवक अधिक होगी। वैसे ही इनकी कीमतें कम होती जाएगी। जिसमें 10 से 15 दिन का समय लगेगा।

## संक्षिप्त समाचार


ललिता पार्क में लगाए स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेशर की जांच कराता शख्स।

### हेल्थ कैंप में वजन कम करने के उपाय बताए

**नई दिल्ली।** ललिता पार्क इलाके के गढ़वाल सदन में हेल्थ एवं फिटनेस कैंप का आयोजन किया गया, जिसमे पूर्व विधायक नितिन त्यागी एवं इंटरनेशनल बॉडी बिल्डर वसीम खान मुख्य अतिथि रहे। दोनों ने लोगों को सेहत के प्रति जागरूक रहने की अपील की और मोटापे से कैसे बचा जाए इसके बारे में बताया। इस कैंप का आयोजन आम आदमी पार्टी के नेता वकार चौधरी द्वारा किया गया। कैंप में लोगों ने फ्री आंखों, दांतों एवं हड्डियों किडनी शुगर आदि की जांच करवाई। यह कैंप मैक्स अस्पताल एवं शार्प आई सेंटर के डॉक्टरों के सहयोग से लगाया गया। वसीम खान ने वजन काम करने के आसान तरीके भी बताए। इस मौके पर शरद दीक्षित, अजहर अली शाह, रईसुद्दीन सैफी, जिया हुसैन, साकिब सैफी, नरेंद्र पाल, मलिक रिहान अंसारी, सुरेन्द्र रावत नरेंद्र पाल, शकील सेफी, रईसुद्दीन, डॉ. शमशाद आलम, महेश जैन, शुएब आदि मौजूद रहे।

### पांचवीं पुण्यतिथि पर ठाकुर छत्तर सिंह को किया नमन

**नोएडा।** जेवर के पहले विधायक ठाकुर छत्तर सिंह की सोमवार को पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनके सुपौत्र, जेवर से बीजेपी के युवा नेता मंजीत सिंह समेत सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने उनको याद करते हुए नमन किया। मंजीत सिंह ने बताया कि उनके दादाजी ठाकुर छत्तर सिंह सादगी और शालीनता की मिसाल थे। उन्होंने हमेशा जमीन से जुड़कर जनता के लिए काम किया। उनका पूरा जीवन राजनेता के रूप में सेवा भाव के लिए समर्पित था। ठाकुर छत्तर सिंह साल 1957 में खुर्जा जेवर विधानसभा सीट से विधायक बने थे। 18 अक्टूबर 2016 को उनका निधन हो गया। तब से किसी ना किसी रूप में उनके परिवार के सदस्य उनकी पुण्यतिथि मनाते हैं। उनको याद करते हुए ग्रामीणों ने भी उन्हें पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा कि उनके नेतृत्व में जेवर क्षेत्र में न केवल विकास के बेहतर काम हुए, बल्कि आमजन की भलाई के लिए वे दिन-रात प्रयासरत रहते थे। उन्होंने आम, गरीब आदमी की सदैव मदद की। उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में ठाकुर करनेश सिंह, सुरेश चंद शर्मा, प्रमोद ठाकुर, ठाकुर शेर सिंह, कपिल छोंकर, सतीश ठाकुर, ओमप्रकाश सैनी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


जेवर के पहले विधायक ठाकुर छत्तर सिंह को पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते परिजन व अन्य लोग।

### बकाया फंड जारी कराने के मुद्दे पर एलजी से मिले मेयर

**नई दिल्ली।** पूर्वी निगम का बकाया फंड जारी कराने अतिक्रमण, मनोनीत सदस्यों के व्यवहार व मास्टर प्लान-2021 समेत अन्य मुद्दों पर महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल सोमवार को उपराज्यपाल से मुलाकात की। साथ ही उन्हें बताया कि पूर्वी निगम आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रहा है। वहीं दूसरी तिमाही तक सरकार ने निगम के फंड में 246 करोड़ रूपए की कटौती की है। श्याम सुदंर अग्रवाल ने उप-राज्यपाल को गत दिनों निगम की बैठक में मनोनीत सदस्यों द्वारा किए गए अमर्यादित आचरण के बारे में भी बताया। महापौर ने उपराज्यपाल से अनुरोध किया कि सदन में अमर्यादित आचरण करने वाले मनोनीत सदस्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा अतिक्रमण की समस्या को लेकर भी एलजी से चर्चा की। इसके अलावा महापौर ने मास्टर प्लान 2021 में रिहायशी क्षेत्रों में मीट की दुकानें खोले जाने की समस्या पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि रिहायसी क्षेत्रों में मीट की दुकानें खुलने से आम लोगों को काफी समस्या हो रही है। महापौर ने धड़ल्ले से शराब की दुकानें खोले जाने के बारे में भी एलजी को अवगत कराया।

### कपड़े के गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा में गांधी नगर के पास रविवार देर रात कपड़े के एक गोदाम में आग लग गई। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, हमें देर रात दो बजकर 25 मिनट पर कपड़े के गोदाम में आग लगने की जानकारी मिली। दमकल की नौ गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि तलघर, भूतल, पहली मंजिल और सीढ़ियों के कुछ स्थानों पर कपड़े रखे थे, जिनमें आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### शिक्षकों के स्थानांतरण की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के मकसद से शिक्षकों और प्राधानाचार्यों के तबादले की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की है। शिक्षकों को समर्पित ऑनलाइन स्थानांतरण मॉड्यूल का की शुरुआत उत्तरी निगम के राजा इकबाल सिंह ने किया गया। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग की इस पहल से पारदर्शिता बढ़ेगी और शिक्षकों को तबादले के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

## बिजली निगम की ब्याज माफी योजना का लाभ उठाएं उपभोक्ता : एसडीओ

**सोहना।** कोविड काल की दूसरी लहर में आर्थिक तंगी के कारण जिन उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए थे। ऐसे उपभोक्ता बिना ब्याज बिल की अदायगी करके अपना कटा हुआ कनेक्शन दोबारा से चालू करा सकते हैं। जिसके लिए 30 नवंबर तक निगम द्वारा छूट दी गई है।

बिजली निगम ने ऐसे उपभोक्ताओं के लिए ब्याज माफी की योजना लागू की है। जिनके जून माह के बाद बिजली बिल की अदायगी न होने पर बिजली कनेक्शन काट दिए गए थे। अब ऐसे उपभोक्ता निगम को कुल राशि का 25 फीसदी जमा कराते हुए बिजली कनेक्शन फिर से चालू करा सकते हैं। शेष 75 फीसदी राशि को उपभोक्ता किश्तों में जमा करा सकता है। इस योजना का लाभ घरेलू, व्यवसायिक और कृषि कनेक्शन लेने वाले किसानों को दिया जा रहा है। योजना के तहत म्हारा गांव जगमग के तहत आने वाले ग्रामीण उपभोक्ता भी लाभ ले सकते हैं।

### विचाराधीन मामलों पर नहीं छूट

**बिजली** निगम के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि दक्षिण हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम ने योजना का लाभ ऐसे उपभोक्ताओं को देने से इंकार कर दिया है। जो निगम द्वारा काटे गए कनेक्शन के विरोध में अदालत गए थे। उन्हें केवल कुल राशि की अदायगी के बाद ही कनेक्शन दोबारा दिया जा सकता है। बिजली उपभोक्ता निगम की योजनओं का लाभ लेते हुए अपने कटे हुए बिजली कनेक्शन को फिर से जुड़वाएं। योजना केवल 30 नवंबर तक ही रहेगी।

## अब बिल्डर कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन की नहीं आएगी बाधा

### बिजली कनेक्शन पर नवीन गोयल की मुहिम रंग लायी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**मिलेनियम** सिटी की 16 से अधिक कालोनियों में बिजली के कनेक्शनों को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल द्वारा शुरू की गई मुहिम पर सरकार की मुहर लग गई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसी सभी कालोनियों में बिजली संबंधी दिक्कतों को दूर करने की घोषणा गुरुग्राम में की। काफी समय से नवीन गोयल ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए प्रयासरत हैं।

बता दें कि 11 अगस्त 2021 को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये


नवीन गोयल।

गुरुग्राम की प्राइवेट कालोनियों में बिजली की प्रमुख समस्या बताई थी। जिस पर उन्होंने इसका जल्द ही हल निकालने का आश्वासन दिया था। बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बात की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में इस विषय पर सकारात्मकता दिखाते हुए प्राइवेट डेवेलपर कालोनियों में बिजली कनेक्शन संबंधी समस्या के समाधान की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम में विकसित ऐसी कालोनियां, जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर में छोड़ी गई कमी की वजह से बिजली के स्थायी व अस्थायी कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं, उनके लिए राज्य सरकार जल्द ही एक पॉलिसी बनाने जा रही है। इससे प्राइवेट डेवेलपर कालोनियों में रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

### बिजली मंत्री ने नवीन गोयल को दिया था ठोस आश्वासन

**बिजली** मंत्री रणजीत सिंह चौटाला से बातचीत में पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने बताया था कि वर्ष 2000 से पहले कई बिल्डर्स ने लोगों को घरों का कब्जा दे दिया था। इनमें से करीब 16 ऐसी सोसायटी हैं, जिनमें बिजली विभाग ने बिजली कनेक्शन देने बंद कर दिए। घर खरीदार बिल्डर और बिजली विभाग के बीच में परेशानी झेल रहे हैं। बिजली मंत्री ने नवीन गोयल को ठोस आश्वासन दिया था कि इस पर जल्द ही रास्ता निकाला जाएगा।

## नशे में धुत लड़कों ने चाय बेचने वाले को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव इलाके में बहस के बाद नशे में धुत लड़कों के एक समुह ने एक चाय बेचने वाले को कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने सोमवार को बताया कि तीन नाबालिग आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और एक अन्य अभी फरार है। वहीं, पीड़ित रामकिशन की हालत स्थिर है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार तड़के करीब चार बजे रामकिशन अपनी दुकान खोल रहा था, तभी इन लड़कों ने कुछ खाने को मांगा। रामकिशन ने उन्हें बताया कि सुबह होने के कारण दुकान पर कुछ तैयार नहीं है। लड़के कुछ दूरी पर खड़े होकर सिगरेट पीने लगे। इसके बाद, जब पीड़ित शौच के लिए गया तो इन लड़कों ने उस पर कुछ फब्तियां कसीं। इससे उनके बीच कहा-सुनी हो गई और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। फिर इन लड़कों ने अपने एक दोस्त को बुलाया, जिसने चाय बेचने वाले को गोली मार दी।

## छात्राओं ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### बाल महोत्सव के अंतिम दिन उप-आयकर आयुक्त सुमन पन्नू रहीं मुख्य अतिथि

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



गुरुग्राम में बाल महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**जिला** बाल कल्याण परिषद गुरुग्राम की ओर से आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2021 के अंतिम दिन उप-आयकर आयुक्त सुमन पन्नू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाल महोत्सव सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में किया गया, जिसमें जिला के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

मुख्यातिथि सुमन पन्नू ने कहा कि जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकाग्रता उसकी पहली कुंजी है। यदि विद्यार्थी जीवन में ही इस पर गंभीरता से कार्य किया जाए तो जीवन की सभी प्रतियोगताओं में सफलता सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि शरीर की ऊर्जा को सही दिशा में ले जाने के लिए जीवन में लक्ष्य का निर्धारण अति आवश्यक है। श्रीमती पन्नू ने विद्यार्थियों को कहा कि विद्यार्थी जीवन में मन की एकाग्रता के लिए हमें अपनी दैनिक दिनचर्या में विभिन्न प्रकार की आउटडोर खेल गतिविधियों को भी शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकाग्रता के लिए मन व तन दोनों का स्वस्थ होना जरूरी है। इन दोनों को स्वस्थ रखने के लिए खेल से बेहतर कोई माध्यम नहीं हो सकता। महोत्सव के चौथे व अंतिम दिन विभिन्न वर्गों में स्कूली बच्चों ने स्केचिंग ऑन दा स्पोट, एकल नृत्य व ग्रुप नृत्य, एकल गान व समूह गान, पोस्टर, भाषण प्रतियोगता, सुलेख प्रतियोगिता, थाली पूजन/कलश सजावट रंगोली व क्विज प्रतियोगता आदि प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को 14 नवंबर को आयोजित होने वाले बाल दिवस कार्यक्रम में जिला उपायुक्त डॉ. यश गर्ग द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## रेहड़ी-पटरी वाले से लूटपाट के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

पश्चिम दिल्ली के नांगलोई में एक रेहड़ी-पटरी वाले से कथित रूप से लूटपाट करने को लेकर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान सुलतानपुरी के अंकित (30) और नांगलोई के रियाज (25) के रूप में हुई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मोहम्मद फहीम ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार को कपड़े बेचने के बाद रात नौ बजकर 20 मिनट पर वह और उसका भतीजा सुलतानपुरी से नांगलोई अपने घर जा रह थे और उनके पास 16,000 रूपए नकद एवं मोबाइल फोन था। उन्होंने बताया कि जब दोनों नागलोई रेल फाटक के पास पहुंचे, तब ट्रेन गुजर रही थी इसलिए उन्हें रेल फाटक पार करने के लिए कुछ देर इंतजार करना पड़ा। अधिकारी



ने बताया कि इसी बीच रेललाइन के पास ही खड़े चार लोग उनके पास पहुंचे और उनमें से दो ने फहीम एवं उसके भतीजे को पीछे से पकड़ लिया तथा दो ने उनकी जेब से नकद एवं मोबाइल फोन निकाल लिया। उसके बाद चारों लुटेरे फरार हो गए।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी) परविंदर सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि चार लुटेरों में से दो सुलतानपुरी झुग्गी इलाके के पास हैं, तब पुलिस ने छापा मारा एवं दोनों को धर दबोचा। दोनों की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। उनसे लूटी गई रकम बरामद हो गई है। बाकी दो को अभी गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

## रेल रोको आंदोलन होडल स्टेशन पर बेअसर

**कैलाश मंगला। होडल**

**सोमवार** को किसानों का रेल रोको आंदोलन का होडल रेलवे स्टेशन पर कोई असर देखने को नहीं मिला। किसानों के आंदोलन को लेकर सुबह से दोपहर चार बजे तक स्टेशन पर आरपीएफ, होडल थाना व जीआरपी के जवान अलर्ट रहे, लेकिन स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन के लिए एक भी किसान नहीं पहुंचा। इसके अलावा अलावा रेल रोको आंदोलन को देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र के सभी रेलवे फाटकों व स्टेशनों पर पुलिस बल के साथ ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की तैनाती की हुई थी। सोमवार सुबह से सायं तक होडल रेलवे स्टेशनों से ट्रैनों का आवागमन सुचारू रूप से चालू रहा।

भारतीय किसान संघ और अन्य किसान संगठनों के सोमवार को रेल रोको आंदोलन को लेकर पुलिस और प्रशासन सुबह से ही होडल रेलवे स्टेशन पर अलर्ट हो गया था। आंदोलन को लेकर सुबह से ही होडल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी व होडल थाना पुलिस की तैनाती की गई थी। इसके अलावा होडल खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल गर्ग को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में स्टेशन पर तैनात किया हुआ था। सुबह आठ बजे से सायं चार बजे तक स्टेशन पर पुलिस बल पूरी तरह से अलर्ट रहा।


रेल रोको आंदोलन को लेकर होडल रेलवे स्टेशन पर मौजूद पुलिस बल।

स्टेशन से रोजाना की तरह रेल गाड़ियों का सुचारू रूप से आवागमन हो रहा था। किसानों का रेल रोको आंदोलन होडल स्टेशन पर पूरी तरह से बेअसर रहा। जीआरपी इंचार्ज एएसआई चद्रपाल ने बताया कि रेल रोको आंदोलन को लेकर होडल स्टेशन पर पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ पुलिस पूरी तरह से तैनात है। उन्होंने बताया कि होडल स्टेशन पर एक भी किसान रेल रोकने के लिए नहीं पहुंचा। इसके अलावा करमन नाका, बंचारी स्टेशन, मर्रोली रेलवे फाटक व शोलाका स्टेशन पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र के किसी भी रेलवे फाटक व स्टेशन पर कोई भी किसान विरोध करने व रेल रोकने के लिए नहीं पहुंचा है।

# रेफर का खेल : डिस्पेंसरी ने लौटाया, एम्बुलेंस में हुई नॉर्मल डिलीवरी

## गर्भवती को बच्चा उल्टा कहकर कर दिया था शिव दुर्गा बिहार डिस्पेंसरी से रेफर

## ईएमटी और चालक की सूझबूझ से बच गई जच्चा और बच्चे की जान

कविता। फरीदाबाद

**सरकार** द्वारा घरों के निकट ही डिस्पेंसरी खोलकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहाये जा रहे हैं। ताकि गर्भवती महिलाओं को उनके घरों के निकट ही बेहतर सुविधाएं प्रदान हो सकें, लेकिन डिस्पेंसरियों में मौजूद कुछ स्टाफ लापरवाही बरतते हुए और अपना पल्ला झाड़ते हुए गर्भवती महिलाओं को धड़ल्ले से रेफर कर रहे हैं।

ऐसे में गर्भवती महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही रविवार की रात को एक गर्भवती के साथ हुआ। शिव दुर्गा बिहार की डिस्पेंसरी से उसे बीके के लिए गर्भ में बच्चा उल्टा होने की बात कहकर रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में प्रसव पीड़ा होने पर गर्भवती ने गाड़ी को रुकवा लिया। जिस पर चालक सुरेन्द्र और ईएमटी उपेन्द्र ने बिना देरी किए, गर्भवती की नार्मल डिलीवरी गाड़ी में ही करवा दी। डिलीवरी के बाद महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। फिलहाल दोनों ही स्वस्थ हैं।


एम्बुलेंस में डिलीवरी करवाते ईएमटी उपेन्द्र सिंह

### ये है पूरा मामला

**लक्कड़पुर** निवासी शंकुतला ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ रहती है। जिसमें उसका बेटा लक्ष्मण और बहु कमलेश भी रहते हैं। उसकी बहु कमलेश पर एक बेटी और दो बेटे हैं। पिछले दिनों वह फिर गर्भवती हुई तो उसकी जांच वह शिव दुर्गा बिहार स्थित स्वास्थ्य केन्द्र से करवा रही थी। रविवार की रात को आठ बजे प्रसव पीड़ा होने लगी तो वह शंकुतला को लेकर शिव दुर्गा बिहार स्थित डिस्पेंसरी में पहुंची। जहां जांच के बाद उसे बताया कि डिलीवरी में अभी समय है, सुबह आना। जब वह घर पहुंचे, तो नौ बजे फिर से कमलेश दर्द से करहाने लगी। जिस पर वह उसे लेकर दोबारा डिस्पेंसरी गए तो वहां जांच के बाद बताया कि बच्चा उल्टा है। ऐसे में यहां डिलीवरी नहीं कराई जा सकेगी और बीके के लिए रेफर कर दिया। रात में किसी तरह एम्बुलेंस मिली, तो वह कमलेश को लेकर बीके जाने लगे। लेकिन चलती एम्बुलेंस में ही कमलेश को प्रसव पीड़ा होने लगी। जिस पर उसकी डिलीवरी एम्बुलेंस चालक सुरेन्द्र और ईएमटी उपेन्द्र सिंह को करानी पड़ी। डिलीवरी के बाद जच्चा और बच्चा को सुरक्षित बीके अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल दोनो पूरी तरह से ठीक हैं।

# बारिश : शहरवासी जलभराव और किसान फसलों के नुकसान से परेशान

## पर्यावरण से छेड़छाड़ से शहर और गांवों के लिए आफत बनी बेमोसम बरसात

कविता। फरीदाबाद


अनाज मंडी में भरे पानी में रखी धान की बोरियां।


हार्डवेयर से सेक्टर-23 वाली सड़क पर लगा लम्बा जाम।

**उमस** भरी गर्मी के बाद रविवार को मौसम का मिजाज बदल गया। रविवार दोपहर से सोमवार को पूरे दिन बारिश होती रही। रविवार से सोमवार सुबह तक तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। किसानों के लिए यह बारिश आफत साबित हुई है। वहीं शहर में जगह-जगह जाम लगने से लोग परेशान नजर आए।

आंकड़ों के मुताबिक रविवार सुबह 8 से सोमवार सुबह 8 बजे तक फरीदाबाद में 44 एमएम, तिगांव में 32 एमएम, बल्लभगढ़ में 46 एमएम, मोहना में 55 एमएम, दयालपुर में 57 एमएम, बड़खल में 49 एमएम, धौज में 72 एमएम और गौच्छी में 86 एमएम बरसात हुई। बारिश से अनाजमंड़ी में खुली पड़ी धान और बाजरे की बोरियां भींग गई। किसानों का कहना है कि बारिश व तेज हवा से धान की फसल को नुकसान हुआ है। बारिश से ज्यादा इस वक्त चलने वाली तेज हवा फसल को नुकसान देने वाली है। धान की फसल पक कर तैयार है। ऐसे में आंधी व बरसात से किसानों की कमर टूट गई। किसान धान की कटाई कर फसल घरों में लाने की तैयारी में थे कि बरसात हो गई। वहीं बरसात व हवा से धान के पौधे गिर गए।

### बिजली कट का सामना

**तेज** हवाओं के साथ रविवार दोपहर से सोमवार तक हुई बारिश से जहां अनाज मंड़ियों में धान भींग गया। वहीं दूसरी तरफ जगह-जगह बिजली के फाल्ट से घंटों बिजली कट का सामना करना पड़ा। बारिश की वजह से ग्रामीण इलाकों की बिजली भी कई घंटे तक गुल रही।

### लग गया जाम

**बरसात** ने नगर निगम और अन्य विभागों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की पोल खोल कर रख दी। बरसात के साथ ज्यादातर सड़कों पर पानी भर गया। पानी भरने से सड़क के गड्ढे खतरनाक हो गए। बरसात ने शहर और ग्रामवासियों को यह बता दिया कि प्रशासन द्वारा किए गए विकास कार्यों की बात में जमीन आसमान का फर्क है।

प्रशासन की तरफ से लगातार विकास के दावे किये जा रहे थे। लेकिन जनसमस्याएं जस की तस हैं। बरसात ने जिले में हुए विकास कार्यों में विभाग के अधिकारियों को दर्पण दिखाने का कार्य किया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूरी तरह से जाम लग गया। वहीं बाटा पुल और अजरौंदा पुल के आसपास जाम लगा रहा। हार्डवेयर से सोहना रोड वाली सड़क पूरी तरह से पूरे दिन जाम के कारण गाड़ियों से भरी नजर आई।

# क्षत्रिय सम्राट मिहिर भोज के राज्याभिषेक दिवस पर कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजपूत** सभा जिला फरीदाबाद द्वारा रविवार को क्षत्रिय राजपूत सम्राट मिहिर भोज के राज्याभिषेक दिवस की पूर्व संध्या पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 'एक शाम हिंदुत्व के रक्षक राजपूत क्षत्रिय योद्धाओं के नाम' पल्ला स्थित तरुण गार्डन में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इतिहासकार डॉ. भगवान सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुखदेव सिंह गोगामेडी राष्टीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना तथा विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र राणा लोक गायक रहे।

राजपूत सभा जिला फरीदाबाद द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शारीरिक और मानसिक मजबूती प्रदान करने वाले प्रदर्शन करके सभी लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा की। राजपूत सभा जिला फरीदाबाद की तरफ से अध्यक्ष एडवोकेट कमल सिंह तंवर ने मंच का संचालन किया और उपाध्यक्ष तिलक राज चौहान तथा महासचिव जय प्रकाश भाटी एडवोकेट ने बच्चों के एकेडमी ट्रेनर को ग्यारह ग्यारह हजार रूपये देकर बाल संस्कार केंद्रों का उत्साहवर्धन किया।


दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते राजपूत सभा के सदस्य।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुखदेव सिंह गोगामेडी ने राजपूतों के इतिहास को याद करते हुए राजपूत सभ्यता, साम्राज्य और हिंदुतत्व के रक्षक राजपूत योद्धाओं पृथ्वी राज चौहान, महाराणा प्रताप, सम्राट मिहिर भोज, वीर शिवाजी, राणा सांगा आदि के पराक्रम एवं बलिदान का जिक्र करते हुए कहा कि हमें इन महापुरुषों के जीवन से सीख लेनी चाहिए। जिन्होंने अपने समाज की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक की परवाह नहीं की। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर भगवान सिंह ने क्षत्रिय राजपूत इतिहास पर प्रकाश डालते हुए गुर्जर समुदाय के लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

# जिला अभ्यास वर्ग का हुआ सफल आयोजन : अभाविप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद, फरीदाबाद जिला अभ्यास वर्ग का आयोजन बालाजी पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ में हुआ। जिला मिडिया संयोजक रवि पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस एक दिवसीय अभ्यास वर्ग में जिले के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

अभ्यास वर्ग का उद्देश्य नए कार्यकर्ताओं को परिषद के रीति-नीति एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई, मंच संचालन गौतम भड़ाना ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। दीप प्रज्वलन प्रांत सह मंत्री रेशमा राणा, प्रांत उपाध्यक्ष आजाद वीर भड़ाना, जिला अध्यक्ष सरोज कुमार ने किया। प्रथम सत्र में फरीदाबाद विभाग संयोजक माधव रावत ने परिषद का इतिहास से अभाविप से नए कार्यकताओं का परिचय करवाया। द्वितीय सत्र में संगठन की कार्यपद्धति पर सत्र लिया एवं कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्य प्रणाली से परिचय कराया। तृतीय सत्र प्रांत सह मंत्री रेशमा राणा ने लिया। जिसमें छात्रा कार्य पर वक्तव्य दिया। चतुर्थ सत्र राष्ट्रीय कला मंच हरियाणा प्रांत प्रमुख प्रोफेसर डॉ. भूपेंद्र मल्होत्रा ने आयाम कार्यों की जानकारी दी।


अभ्यास वर्ग का आयोजन करते एबीवीपी कार्यकर्ता।

# धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है भाजपा सरकार : धर्मवीर भड़ाना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भाजपा** ने राजनीतिक द्वेष के चलते बिगाड़ा शहर का माहौल। पिछले 7 वर्षों से शहर बना राजनीति का अखाड़ा, राम के नाम पर राजनीति कर रही है भाजपा सरकार। आप के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार फरीदाबाद शहर को हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहार दशहरे के पर्व से वंचित कर रही है।

आपसी राजनीतिक खींचतान के चलते भाजपा ने फरीदाबाद के लोगों को दशहरा जैसे पावन पर्व से वंचित कर रखा है। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राम के नाम पर राजनीति करती है और और रावण दहन जैसे दशहरा पर्व को मनाने से लोगों को वंचित किया जाता है। फरीदाबाद के दशहरे ग्राउंड में सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर संस्थान लंबे समय से दशहरा पर्व मनाती आई है।


प्रेसवार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते धर्मवीर भड़ाना

लेकिन पिछले सात वर्षों से भारतीय जनता पार्टी में राजनीतिक इच्छापूर्ति के चलते रावण दहन कार्यक्रम का सत्यानाश कर के रख दिया है और फरीदाबाद शहर के लोगों को रावण दहन के कार्यक्रम से वंचित कर दिया है। आप के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनीष जीत सिंह ने कहा कि अब चाहे प्रदेश में जो भी सरकार हो लेकिन किसी ने भी धर्म के नाम पर राजनीति नहीं की। जिला प्रशासन ने कोरोना के नाम पर सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर की परमिशन को कैंसिल कर दिया, वहीं दशहरा ग्राउंड में लाखों रुपये लेकर झूले एवं मेले को परमिशन दे दी जाती है। सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर के कार्यकर्ता अपनी जेब से लाखों रुपये खर्च कर दशहरा पर्व मनाते हैं, मगर भाजपा शहर की लाखों लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करती है। आप के दक्षिण हरियाणा व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि से शहर में दशहरा पर्व मनाया जा रहा था, लेकिन शहर के लोगों को रावण दहन देखना दुभर हो गया है। विधायक सीमा त्रिखा ने शहर को राजनीति का अखाड़ा बना दिया और दशहरा जैसे पावन पर्व से लोगों को वंचित कर दिया है।

# गैस बनाने को प्लांट पर नहीं होगी गीले कचरे की कमी

**फरीदाबाद।** ओमैक्स ग्रीन वैली सोसायटी में इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा लगाए गए गैस प्लांट में अब गीले कचरे की कमी नहीं रहेगी। ग्रीन वैली और आसपास की करीब 10 सोसायटी से यहां गीला कचरा दिया जाएगा। यह कचरा 5 टन से अधिक होगा। इस बाबत फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. गरिमा मित्तल, मुख्य अभियंता एनडी वशिष्ठ और प्राधिकरण के गैर सरकारी सदस्य संजय अरोड़ा ने प्लांट का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय आरडब्ल्यूए के प्रधान सतीश गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों संग बैठक की। डॉ. गरिमा मित्तल ने आरडब्ल्यूए से आग्रह किया कि वह अपनी सोसायटी सहित आसपास की सोसायटी का सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करके रखें। गीला कचरा बायोमीथेन गैस बनाने वाले प्लांट में जाएगा। इससे एक साथ दो फायदे होंगे।

# असंगठित मजदूरों की बनेंगी यूनिक आईडी

## यूनिक आईडी में रजिस्ट्रेशन करवाने पर सरकार द्वारा श्रमिकों का किया जाएगा दो लाख रुपये का बीमा फ्री

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


अधिकारियों को बैठक में दिशा निर्देश देते उपायुक्त जितेंद्र यादव।

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला के असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले 16 से 59 वर्ष तक की आयु के मजदूरों का सरकार द्वारा यूनीक पहचान पत्र बनाया जाएगा। जिन श्रमिकों का यूनिक आईडी पर रजिस्ट्रेशन होगा उन्हें 200000 रुपये का दुर्घटना बीमा भी मिलेगा।

उपायुक्त जितेंद्र यादव सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्हें दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भवन एवं अन्य निर्माण कार्य श्रमिक, छोटे और मध्यम किसान, कृषि क्षेत्र के मजदूर, मनरेगा योजना के श्रमिक, पशुपालक श्रमिक, लेवलिंग एंड पैकिंग सर्विस, सब्जी और फल रेडी वाले, घरेलू कार्य के श्रमिक, न्यूजपेपर वेंडर, रिक्शा ऑटो ड्राइवर, स्ट्रीट वेंडर, गलियों में रेहड़ी चलाकर सब्जी बेचने वाले, आशा वर्कर, ईंट भट्टों और पत्थर का कार्य श्रमिक, शेयर क्रोपर्स/ बटाईदार, कपड़ा बुनाई, लकड़ी कार्य श्रमिक, मिडवाइफ दाई, मछुआरे, घर की नौकरानी, दूध विक्रेता, प्रवासी श्रमिक श्रमिकों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार असंगठित क्षेत्रों में आने वाले सभी प्रमुख श्रमिकों के पहचान पत्र बनाए जाएंगे। इसके लिए श्रमिक की आयु 16 से 59 वर्ष के बीच होनी चाहिए। श्रमिक इनकम टैक्स की श्रेणी में नहीं आता हो, श्रमिक का ईपीएफओ आईएसआई का लाभ नहीं ले रहा हो, श्रमिक केवल असंगठित क्षेत्र में कार्य करता हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला के सभी अटल सेवा केंद्र/ सीएससी सेंटर, नागरिक अस्पताल बीके व अन्य सामुदायिक चिकित्सा केंद्रों और गांव में विशेष कैंप लगाकर विभिन्न क्षेत्रों में मजदूरी करने वाले कामगारों को जागरूक करें। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि असंगठित श्रमिक मजदूर का पंजीकरण श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें सभी विभागों ने पूरी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। जिस विभाग को जो भी जिम्मेदारी उसे निर्धारित समय पर इस कार्य को पूरा करना सुनिश्चित करें। डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि जिला 30 नवंबर तक 15 लाख श्रमिकों का पंजीकरण किया जाएगा और 31 दिसंबर तक सत प्रतिशत यूनीक आईकार्ड तैयार करवाए जाएंगे।

# दुष्कर्म के आरोपी को महिला पुलिस ने दबोचा

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त फरीदाबाद डॉ. अंशुल सिंगला के दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए महिला थाना सेन्ट्रल प्रबन्धक की टीम ने दुष्कर्म के आरोपी को पलवल से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सुखबीर पलवल का रहने वाला है।

एसएचओ महिला थाना सेक्टर 16 इंस्पेक्टर गीता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 21 अगस्त को फरीदाबाद की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दी थी। आरोपी ने महिला से दोस्ती कर और दोस्ती का गलत फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया है। बाद में शिकायतकर्ता महिला की फोटो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दी। जिस पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि महिला पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी पलवल में है। जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को महिला पुलिस टीम ने पलवल से गिरफ्तार किया है।

# गरीब बच्चों से कराया रेस्टोरेंट का उद्घाटन


गरीब बच्चों से कराया रेस्टोरेंट का उद्घाटन।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद में सेक्टर-85 स्थित एक युवक ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए अपने रेस्टोरेंट का उदघाटन मलिन बस्तियों के गरीब बच्चों से कराया। इस दौरान बच्चों को कुर्सी-टेबल पर बैठाकर खाना खिलाने के बाद गिफ्ट भी दिए।

बीपीटीपी इलाके में रहने वाले अमन ने रविवार को बीपीटीपी पार्क स्ट्रीट स्थित सिल्वर स्पून के नाम से रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया है। अमन ने अपने रेस्टोरेंट का उद्घाटन किसी राजनेता या विशिष्ट व्यक्ति से न कराते हुए सड़क पर भीख मांगते व सामान बेचने वाले बच्चों से रिबन कटवाकर किया। अमन का कहना है कि वह गरीबी का दुख समझते है। इसलिए ही उन्होंने अपने कारोबार की शुरुआत गरीब बच्चों के हाथों से करवाई है। इनकी दुआ और इनकी खुशी देख कर उन्हें बहुत खुशी हुई।

आगे भी वह ऐसे बच्चों के लिए समय-समय पर अपने इस रेस्टोरेंट्स में इनके खाने पीने की व्यवस्था करते रहेंगे। रेस्टोरेंट में भारतीय व्यंजनों को बनाने के लिए कुशल कारीगर रखे गए हैं। लोग अपने परिवार के साथ आकर सभी तरह के व्यंजनों का लुफ्त उठा सकते हैं। इस अवसर पर अमन, अनिता व संदीप के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## 21सी शमहेर ने एक रन से जीता मैच


मैन ऑफ दा मैच लेते अश्वनी कौशिक।

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट के मैदान पाली पर प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच 21सी शमहेर और एचआर 51 वारियर के बीच खेला गया। मैच में 21सी शमहेर ने एचआर 51 वारियर को एक रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि एचआर 51 वारियर ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। 21सी शमहेर टीम टीम ने 18 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बनाए। पंडत ने 37 रन, अंशुल ने 26 रन, नीरज ने 15 रन, मानक ने 13 रन बनाए। एचआर 51 वारियर की और से गेंदबाजी करते हुए पुनीत ने तीन विकेट, अंकित, रोहित और सचिन ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए एचआर 51 वारियर ने 18 ओवर में छह विकेट में 132 रन बनाकर आउट हो गई। सचिन ने भड़ाना ने 29 रन, यश ने 26 रन, पुलकित ने 23 रन बनाए। 21सी शमहेर टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अश्वनी कौशिक ने दो विकेट, कुणाल आदित्य और हितेश ने एक-एक विकेट ली। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अश्वनी कौशिक को दिया गया।

## टैक्स न देने पर निगम ने की कई इमारतें सील


कर न देने पर ईकाई को सील करते निगम कर्मी।

**फरीदाबाद।** निग्मायुक्त यशपाल यादव के निर्देश पर नगर निगम फरीदाबाद द्वारा लगातार चलाई जा रही सीलिंग ड्राइव के तहत 18 अक्टूबर को 7 इकाइयों को सील किया गया जिसमें बल्लभगढ़ जोन-1 में 7 इकाईया सील की जिन पर करीब 10.76 लाख रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। फरीदाबाद नगर निगम की संपत्ति कर के बकायेदारों पर शिंकजा कसने की मुहिम पिछले कई दिनों से तेजी से चलाई जा रही है। निगमायुक्त ने यह भी बताया कि जो इकाईयां सील हो चुकी हैं। अगर इन बकायादारों ने समय पर अपने बकायाजात को जमा नहीं कराया, तो उनकी सील की गई संपत्तियों की नीलामी करने की कारवाई अमल में लाई जाएगी। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि उपरोक्त कठोर कारवाई से बचने के लिये सभी अपने-अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करें।

## स्काउट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


स्काउट को हरी झंडी दिखाकर गदपुरी के लिए रवाना करती अधिकारी।

**फरीदाबाद।** खंड शिक्षा अधिकारी बालबीर कौर एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा अधिकारी संगठन फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र सौरोत ने राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 के स्काउट को हरी झंडी दिखाकर नेशनल यूथ कॉम्प्लेक्स गदपुरी के लिए रवाना किया। जहां स्काउट आज अंतरराष्ट्रीय जेओटीए-जेओटीआई (जम्बूरी ऑन द एयर -जम्बूरी ऑनदइंटरनेट) में भाग लेंगे। इसमें दुनिया भर के स्काउट एवं गाइड हेम रेडियो और इंटरनेट के ऊपर एक-दूसरे से जुड़ते हैं। अपनी-अपनी संस्कृति का परिचय देते हैं। साथ ही हेम रेडियो को चलाना सीखते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सतेन्द्र सौरोत ने बताया कि भारत स्काउट एवं गाइड एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है। जो कि बच्चों के अंदर सेवा का भाव पैदा करने के साथ-साथ कैंपिंग की जानकारी देती है और हमारे विद्यालय के विद्यार्थी स्काउट एंड गाइड की सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं। विद्यालय के प्राध्यापक एवं जिला संगठन आयुक्त देशराज ने बताया कि कैंप में फरीदाबाद एवं पलवल के सौ स्काउट एवं गाइड ने भाग लिया। सभी बच्चों ने हेम रेडियों की तकनीकी जानकारी ली। प्रदीप कुमार हेम रेडियो ऑपरेटर सचिव दिल्ली एमेचर रेडियो टेक्निकल सोसाइटी ने स्काउट्स की एक-दूसरे से हेम रेडियो पर बात कराई। उनकी टीम में सरबजीत सिंह, सुलेमान, आशुतोष, संदीप एवं सुधांशु शामिल रहे। कैंप का संचालन कार्यालय सचिव धनराज के द्वारा किया गया।

## लेनदेन के विवाद जीजा ने साले को मारी गोली


घायल को अस्पताल में भर्ती करने के बाद बाहर लगी भीड।

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद स्थित बाबा नगर में एक व्यक्ति ने अपने साले को लेनदेन के विवाद में गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। फिलहाल घायल को सेक्टर-19 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बाबा नगर निवसी हमीदा ने बताया कि सोमवार की दोपहर दो बजे उसका पति मोहम्मद सहबाद गली में मौजूद मस्जिद से नमाज अदा करके लौट रहा था। तभी उसके पड़ोस में रहने वाले नंनदोई मोहम्मद इरफान ने उसे रोक लिया और उसके साथ पैसों के लेनदेन को लेकर बातचीत करने लगा। बातचीत बहस में बदल गई और उसके पति पर उसके जीजा इरफान ने गोली चला दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर वह अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंची, तो देखा कि उसका पति खून से लथपथ पड़ा था। वहीं खेल रहे बच्चों ने बताया कि इरफान ने उस पर गोली चलाई है। आनन फानन में वह घायल पति को सेक्टर-19 स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंच गई। वहीं आरोपी के बेटे का कहना है कि उसके खालिद ने यह बेहद गलत किया है। ओल्ड फरीदाबाद थाना प्रभारी इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि सेक्टर-19 स्थित शिव कॉलोनी में मोहम्मद सहबाद रहता है। उसका जीजा मोहम्मद इरफान एक मामले में जेल में बंद था। करीब एक महीने पहले ही वह जेल से बाहर आया है। सोमवार को उसने अपने सगे साले मोहम्मद सहबाद के पेट में गोली मार दी। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## यूनियन के नवनिर्वाचित प्रधान ने निगमायुक्त से की मुलाकात


निगमायुक्त से मुलाकात करते नवनिर्वाचित प्रधान गुरचरण।

**फरीदाबाद।** नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के गत दिनों संपन्न हुए चुनाव में भारी मतों से विजयी हुए गुरचरण खांडिया ने निगम आयुक्त यशपाल यादव व अन्य अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए कर्मचारियों को समय पर वेतन देने की अपील की है। गुरचरण खांडिया द्वारा धन्यवाद सभा का भी आयोजन किया। सभा में सफाई कर्मचारियों ने अपने नवनिर्वाचित प्रधान को फूल मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर स्वागत किया। खांडिया ने धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शी चुनाव कराने के लिए नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप महासचिव सुनील चिंडालिया, उप प्रधान कमला व जिला सचिव नानक चंद खेरालिया सहित चुनाव कराने वाले सभी कर्मचारी साथियों, पुलिस प्रशासन, का धन्यवाद किया। गुरु चरण खांडिया ने कहा कि कर्मचारियों ने मुझे सेवा करने का मौका दिया है मैं ईमानदारी से कार्य करूंगा और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए व नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आंदोलनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लूंगा।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 19 अक्टूबर, 2021



# कांग्रेस कार्यसमिति

## राहुल का महत्व

**यदि** राहुल गांधी को पुन: कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाता है तो उनको चुनावी तीरों का सामना करना पड़ेगा। अब कहा जा सकता है कि कांग्रेस की मातृ शक्ति सोनिया गांधी ने अपने बेटे राहुल के बचाव मे सब कुछ किया। यह अलग बात है कि इससे पार्टी का भविष्य बनता है या नहीं। शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक अपने आप में विशिष्ट थी। हालिया स्मृति में इसमें पहली बार दिखा कि नेहरू-गांधी परिवार को पार्टी संगठन में बढ़ते विरोध पर गौर कर इससे अलग तरीके से निपटना पड़ा, जबकि अतीत में ऐसे मामलों का इलाज अनिवार्य रूप से अनुशासनात्मक कार्रवाई से होता था। समय कितना बदल गया है। विरोधियों ने एक बड़ा व शक्तिशाली समूह बना लिया है और उनको बाहर निकालने का अर्थ दूसरी श्रेणी के पूरे नेतृत्व को बाहर निकालना था। हालांकि, परिवार का वर्चस्व इसलिए कायम है कि नेतृत्व के प्रति विरोध एक सीमा से अधिक नहीं है। सोनिया ने उनको समझाने का प्रयास किया। उन्होंने समझाया कि पूर्णकालिक अध्यक्ष न होने की उनकी मुख्य समस्या निराधार है क्योंकि वे 'पूर्णकालिक' तथा 'कार्यशील' अध्यक्ष हैं। इस प्रकार उन्होंने अपने बेटे का बचाव किया जिन्होंने 2019 चुनाव में पराजय के बाद अध्यक्ष पद छोड़ दिया था और तब से वे पुन: पद पर आने के इच्छुक नहीं हैं। सोनिया ने नेताओं से धैर्य बनाए रखने तथा अगले अध्यक्ष की प्रतीक्षा करने को कहा। संभवत: राहुल फिर अध्यक्ष होंगे। विरोधी एक निर्वाचित अध्यक्ष चाहते थे और सोनिया ने कहा कि वह उनको मिल जाएगा। उन्होंने अपने शब्दों पर अमल करते हुए समयबद्ध संगठनात्मक चुनाव की तिथियां घोषित कर दीं। इस प्रक्रिया में सोनिया गांधी ने पूरी चालाकी से उथलपुथल भरे समुद्र में लड़खड़ाते जहाज को संभालने का प्रयास करते हुए सभी लोगों से उनके योगदान का आह्वान किया है।



उनके दृष्टिकोण से दिसंबर, 2017 में कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद से बेटे राहुल का महत्वपूर्ण योगदान पार्टी द्वारा 2018 के विधानसभा चुनावों में एक गठबंधन समेत चार राज्यों में सरकारें बनाना था। लेकिन अगले साल उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की बदहाली के समय राहुल अध्यक्ष नहीं थे। उत्तर प्रदेश में संघर्ष के समय भी वे इस पद पर नहीं होंगे। अध्यक्ष पद के चुनाव के समय वे इससे आगे निकल चुके होंगे। इस प्रकार सोनिया गांधी ने परोक्ष रूप से कहा कि राहुल बिना जिम्मेदारी के सत्ता नहीं संभाल रहे थे क्योंकि वे स्वयं 'कार्यशील' अध्यक्ष थीं। यदि विरोधियों को कोई शिकायत है तो उनको राहुल के बजाय स्वयं उनसे निपटना होगा। विरोधी नेता चाहे जितना कहें कि निर्वाचित नेता को विफलताओं की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, पर वे यह बात सोनिया के सामने नहीं कह सकते थे। जब तक वे ऐसा करते तब तक सोनिया गांधी ने उनके तर्क को कुचल दिया है। लेकिन यदि राहुल पुन: अध्यक्ष बनते हैं तो उनको दिसंबर, 2022 में गुजरात तथा चार प्रमुख राज्यों में 2023 में चुनावी तीरों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए 2024 में नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के समय उनको 2019-2022 तक मिली राहत काम नहीं आएगी। सोनिया गांधी कांग्रेस की चरम विडंबना समझती हैं कि वंश परिवार भले ही फिर से एक गांधी को अध्यक्ष बनाने की मांग करे, पर पार्टी की विरासत प्रधानमंत्री का पद पाने के सिवा किसी दूसरी चीज की इच्छा नहीं करती है। इसके साथ ही एक मुद्दा यह भी है कि दोनों मांगों में कोई समता है या नहीं।

# चीन की दया पर निर्भर ताइवान

**बीजिंग ताइवान की संचार और आपरेशनल व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर प्रतिरोध को बहुत कमजोर तथा युद्ध को तुलनात्मक रूप से रक्तहीन बना सकता है।**



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं)

ऐतिहासिक रूप से चीन ने पूर्व सोवियत संघ तथा वियतनाम से युद्ध किया, कोरियाई युद्ध में हस्तक्षेप किया तथा भारत के साथ 1962 में पूर्ण युद्ध किया। यह उसके द्वारा 'शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के सिद्धान्त' वाली विदेश नीति अपनाने के बावजूद था। आज बीजिंग ने दुनिया भर में व खासकर अफ्रीका में संरा. शांति बहाली कार्रवाइयों के माध्यम से अपनी रणनीतिक पकड़ का विस्तार किया है। तालिबान को उसका समर्थन अनेक उदारवादी देशों के लिए चिन्ता का विषय है। इसके साथ ही वह दक्षिण व पूर्वी चीन सागर में समुद्र क्षेत्रीय विवादों व असहमतियों तथा भारत और ताइवान के साथ सीमा विवादों में लिप्त है। जहां तक भारत का सवाल है, गलवान घाटी में टकराव तथा राष्ट्रपति शी जिनपिंग की आधिकारिक भारत यात्रा के समय सीमा पर घुसपैठ के माध्यम से चीन भारत को संदेश दे रहा है कि उसकी आर्थिक व सैनिक शक्ति स्वीकारी जाए। हाल ही में लगातार दो राज्यों- उत्तराखंड व अरुणांचल में सीमा पर घुसपैठ तथा भारत के उप-राष्ट्रपति की अरुणाचल यात्रा पर नकारात्मक टिप्पणी से चीनी इरादों पर सवाल उठते हैं। उसने एक बिंदु के बाद भारत के साथ तनाव घटाने से इनकार किया है तथा बार-बार ताइवान के 'शांतिपूर्ण एकीकरण' की बात करता है। लेकिन ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र का बार-बार उल्लंघन कर वह स्पष्ट कर रहा है कि एक महाशक्ति के रूप में उसकी आकांक्षाओं को स्वीकार किया जाए। इसके साथ ही उसकी अपारदर्शी कर्ज के जाल में फंसाने वाली नीतियों ने उदारवादी विश्व व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां पैदा की हैं।

पिछले कुछ दशकों में चीन का वित्तीय व सैनिक विकास दिखाई दिया है जिससे उसके 'चीनी सपने' को बल मिला है तथा उसकी वर्चस्व की इच्छा स्पष्ट हुई है। बीजिंग अपने पड़ोसी दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी 'विशेष दिलचस्पी' के क्षेत्र बनाना चाहता है। ऐसे में ये सवाल उठने स्वाभाविक हैं कि क्या चीन भारत या ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग करेगा? क्या अब से कुछ दिनों या कुछ महीनों में सैनिक टकराव की संभावना है? संभवत: इन सवालों का जवाब 'हां' है, लेकिन यह चीन के लिए उपयुक्त समय और स्थान पर निर्भर करेगा। इसका संबंध भारत या अमेरिका के संबंध में उसकी असुरक्षा से नहीं है, बल्कि वह वर्तमान 'उचित स्थान' के दृष्टिकोण पर निर्भर है। चीन विकृत राष्ट्रवाद का एक शास्त्रीय नमूना है। उसका दृढ़ विश्वास है कि वह अपनी शक्ति अच्छी तरह दिखा कर 'महाशक्तियों के समूह' में प्रवेश पा सकता है। इसका उद्देश्य प्रशंसा पाना तथा अपना सामाजिक दर्जा बढ़ाना है। ऐसे में शक्ति का प्रयोग स्वाभाविक हो जाता है जिसकी प्रभावशीलता वित्तीय समृद्धि, सैनिक लामबंदी तथा भौगोलिक दृष्टिकोण से सुरक्षा की अवधारणा से आगे जाती है। भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से ऊंचे दर्जे का लाभ एक प्रतिरोधक के तौर पर काम करता है तथा अन्य अनेक शक्तियां पड़ोसी देशों पर असर डाल कर उनके फैसले प्रभावित करने में योगदान देती हैं। इन नए लक्ष्यों में विदेशी संबंधों के मानक निर्धारित करने में बल प्रयोग शामिल है। इस प्रकार सामाजिक दर्जा बढ़ाने के लिए सैनिक टकराव की संभावना मजबूत बनती है। महामारी के समय चीन को अंतरराष्ट्रीय अलगाव का सामना करना पड़ा, जिसके कारण वह गलवान टकराव रोकने तथा ताइवान के सवाल पर नरम दृष्टिकोण अपनाने पर मजबूर हुआ। दुनिया के पुन: खुलने के साथ ये संभावनायें कम हो रही हैं। इसके साथ ही अपने ओबीओआर, बढ़ते निष्प्रभावी कर्ज तथा घरेलू आर्थिक संकट के अलावा सैन्यीकरण की बढ़ती आर्थिक प्रतिबद्धताओं को देखते हुए आशंका है कि आने वाले किसी समय में यह 'बुलबुला' फूट सकता है। अपनी जनता का ध्यान इन चीजों से हटाने तथा 2022 में शिखर पर पांच साल और बने रहने के लिए शी जिनपिंग बल प्रयोग पर आमादा होकर जानबूझ कर वार्ताओं व सार्थक संवाद को किनारे कर सकते हैं।

यह भी महत्वपूर्ण होगा कि चीन और रूस अफगानिस्तान से अमेरिकी वापसी को कैसे देखते हैं। बीजिंग ने दक्षिण व पूर्वी एशिया के देशों द्वारा अमेरिका पर विश्वास करने पर सवाल उठाए हैं तथा उसके अनेक बयानों का मजाक उड़ाया है। वित्तीय व सैनिक क्षेत्र में अमेरिकी प्रतिबद्धता कम होने के कारण चीन अपने पड़ोसी भारत या ताइवान के खिलाफ बल प्रयोग की बात सोच सकता है। हालांकि, इन दोनों देशों में से भारत उसका सैनिक रूप से मुकाबला करते हुए यूरोपीय व अमेरिकी सहयोगियों से मजबूत समर्थन की आशा कर सकता है। रणनीतिक स्तर पर चीन शायद रूस के सामने भारत या अपने समर्थन के बीच चयन का सवाल न खड़ा करे, लेकिन चीन गतिरोध व आक्रामक दृष्टिकोण बनाए रखेगा। मार्च-अप्रैल 2022 तक 'गलवान' का दुहराव या पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में चीन का दु:साहस दिख सकता है। इससे जाड़े के मौसम में सीमा पर गरमी बढ़ सकती है। पीएलए सैनिक ऊंचे पहाड़ों पर लड़ने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम नहीं हैं। इसलिए शायद वह भारत के साथ पूर्ण युद्ध पर विचार न करे, लेकिन वह हाइब्रिड युद्ध या पाकिस्तान को उसके खिलाफ खड़ा कर भारत को लगातार सीमित रखने के प्रयास जरूर करेगा। हालांकि, अनेक अन्य कारणों से ताइवान एक तात्कालिक लक्ष्य हो सकता है। यहां जाड़ा कम होता है जो पीएलए सैनिकों के लिए उचित है, ताइवान की परंपरागत युद्ध की क्षमतायें सीमित हैं तथा अमेरिका के साथ सुरक्षा को लेकर उसका कोई संस्थाबद्ध समझौता नहीं है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्रसंघ का सदस्य न होने के कारण वह खुली दुश्मनी या दुनिया के देशों के साथ सीमित संपर्क के कारण वह अपनी बात सीधे नहीं रख सकता है। इससे चीनी आक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। टैक्टिकल रूप से ताइवान की ये सीमायें उसे चीनी कार्रवाई के लिए उपयुक्त बना देती हैं। ताइवान ये युद्ध पर अंतरराष्ट्रीय आलोचना से बचने के लिए बीजिंग उसके कमांड, कंट्रोल, संचार व खुफिया व्यवस्थाओं पर कब्जा कर उसकी आपरेशनल क्षमता ध्वस्त कर सकता है। इस प्रकार ताइवान का प्रतिरोध बहुत कम हो जाएगा तथा तुलनात्मक रूप से रक्तहीन अवधारणा से 'शांतिपूर्ण एकीकरण' की संभावना पैदा हो सकती है। लेकिन ऐसे कदम के रणनीतिक संकेत निकटवर्ती क्षेत्रों से बाहर भी जाएंगे।

इससे विश्व दृष्टिकोण को कोई खतरा नहीं होगा क्योंकि कोई भी देश चीन पर वित्तीय निर्भरता के कारण सप्लाई श्रृंखला तोड़ना नहीं चाहेगा। वह जर्मनी तथा अन्य यूरोपीय देशों को ऐसी नीतियां अपनाने के विरुद्ध चेतावनी दे सकता है जिससे उसके हित प्रभावित होते हों। इस प्रकार चीन पूर्व राष्ट्रपति जियान जेमिन द्वारा प्रस्तुत 'हाईटेक स्थितियों में स्थानीय युद्ध' अवधारणा का लाभ उठा सकता है। बीजिंग इस तथ्य से भी उत्साहित हो सकता है कि ताइवान पर कब्जे के बाद अन्य क्षेत्रीय टकरावों की संभावना नहीं है। लेकिन शक्तिशाली संगठन आकुस के गठन से शक्ति का तत्व कम हो सकता है तथा इसका विस्तार अमेरिकी प्रतिक्रिया पर निर्भर होगा। यदि अमेरिका यहां टकराव में दिलचस्पी दिखाता है तो चीन कई सीमाओं पर पूर्ण सैनिक टकराव से पीछे हट सकता है। इसका अर्थ भारत का संभावित रूप से निशाने पर आना होगा क्योंकि यहां अमेरिकी प्रतिबद्धता का परीक्षण हो जाएगा। यदि अमेरिका प्रतिबद्धता नहीं दिखाता है तो भारत का अरुणाचल प्रदेश अगला निशाना हो सकता है। चीन एआई का प्रयोग कर अंतरिक्ष व साइबर तकनीकों से परंपरागत व नाभिकीय आपरेशनों में हस्तक्षेप कर सकता है। यह लोकतांत्रिक देशों के लिए खतरनाक स्थिति होगी। लेकिन एक बार शुरू होने पर ऐसे टकराव फैल सकते हैं। ऐसी स्थिति में भावनायें भड़केंगी तथा इसे 'स्थानीय युद्ध' तक सीमित रखना कठिन होगा। ताइवान विभिन्न वैश्विक मंचों पर अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहा है। इसके साथ ही वह सैनिक अभ्यासों के माध्यम से पूर्ण चीनी आक्रमण से निपटने की तैयारी भी कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद वह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा की कमजोर कड़ी बना हुआ है।



# उपमहाद्वीप के बंटवारे के जिम्मेदार जिन्ना



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं स्तम्भकार हैं)

विभाजन कौन चाहता था? पाकिस्तान की जरूरत किसे थी? निश्चित रूप से, खोजा, मेमन और बोहरी व्यवसायियों ने किया। वे पारसियों और बनियों, मारवाड़ी, गुजराती, चेट्टियारों या भारत के अन्य पारंपरिक व्यापारिक समुदायों की तुलना में पंजाबी किसानों के साथ प्रतिस्पर्धा करना पसंद करते थे। उदाहरण के लिए, हबीब बंबई में बड़े अनाज व्यापारी थे। उनके कनिष्ठ साथी रतनलाल गांधी ने एक बार वरिष्ठ हबीब से पूछा कि उन्होंने मुस्लिम लीग को वित्तपोषित क्यों किया जबकि उनका सारा व्यवसाय और संपत्ति बॉम्बे और उसके आसपास थी? गांधी को हबीब का जवाब था कि व्यापारियों के खिलाफ बनियों की तुलना में किसानों के खिलाफ फलना-फूलना बहुत आसान है।


विभाजन के इच्छुक अन्य लोग कट्टरपंथी मुसलमान थे, चाहे वे भारत में कहीं भी हों। मद्रास के एक शिक्षित लीग नेता - मोहम्मद इस्माइल - न केवल विभाजन का एक प्रमुख समर्थक था, बल्कि जनसंख्या का आदान-प्रदान भी था, जिसका अर्थ था कि सभी मुसलमानों को पाकिस्तान जाना चाहिए और गैर-मुसलमानों को भारत में रहना चाहिए। इस्माइल ने खुद मद्रास नहीं छोड़ा। फिर भी समर्थकों का एक और समूह अलीगढ़ विश्वविद्यालय के छात्र, अतीत और वर्तमान थे, जिसे एम.ए. जिन्ना ने पाकिस्तान का शस्त्रागार बताया था। बाकी के लिए, मुसलमान रुचि रखते थे, लेकिन अनिश्चित थे और इसलिए गुनगुने थे। पंजाब में मुस्लिम प्रधान मंत्री के साथ मुस्लिम बहुमत था और सर सिकंदर हयात खान और उनके उत्तराधिकारियों के नेतृत्व वाली यूनियनिस्ट पार्टी द्वारा शासित था। इन नेताओं ने विभाजन में कोई भविष्य नहीं देखा क्योंकि पंजाब में मुस्लिम शासन था और पूरे भारतीय बाजार उनके प्रांत के लिए स्वतंत्र रूप से उपलब्ध थे।

इसी तरह, बंगाल दो दिमागों में था और स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के लिए नहीं था। एक, विभाजन का समर्थन करना या पंजाब के तर्क का पालन करना; दूसरा, पाकिस्तान और भारत के अलावा, एक तीसरे अलग प्रभुत्व के रूप में एक संयुक्त बंगाल का होना। सर अब्दुल रहीम, फजलुल रहमान और शरत बोस ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए कई बार मुलाकात की। जिन्ना ने चुपचाप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की तरह इस विचार का समर्थन किया। सच्चाई यह थी कि कोई भी पाकिस्तान की अवधारणा और आकार की कल्पना नहीं कर सकता था। जिन्ना भी नहीं; उन्होंने मालाबार हिल पर अपने शानदार बंगले मार्बल हाउस को वहां सर्दियों में बिताने के इरादे से बरकरार रखा। किसी ने भी नहीं सोचा था कि दो प्रभुत्वों के बीच संबंध हमेशा के लिए शत्रुतापूर्ण होंगे। हिंदुओं को अपनी मातृभूमि के विभाजन के विचार से घृणा थी। हिंदू महासभा के डॉ बीआर अंबेडकर और डॉ मुंजे जैसे दूरदर्शी लोगों ने महसूस किया कि दोनों समुदायों का सह-अस्तित्व कठिन था, और इसलिए फायदेमंद नहीं था। सरदार वल्लभ भाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू को इस सच्चाई का एहसास 1946 में हुआ जब उस साल अगस्त में व्यापक दंगे शुरू हुए। पंजाब में खून-खराबा और लूटपाट हुई थी, लेकिन कहीं-कहीं यह हमेशा की तरह था। जिन्ना खुद प्रतिबद्ध मुसलमान नहीं थे। उनके दादा सर आगा खान के नेतृत्व में इस्माइली खोजास नामक धर्म में परिवर्तित हो गए थे। इस संप्रदाय को 1861 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने उत्तराधिकार कानूनों के कारण आधा मुस्लिम और आधा हिंदू घोषित किया था। परिवार खुद को जिन्नाभाई कहता रहा। यह इंग्लैंड में था, जहां वह बैरिस्टर बनने के लिए अध्ययन कर रहा था कि उसने अपना उपनाम और पासपोर्ट थोड़ा बदलकर जिन्ना कर लिया; 'भाई' हटा दिया। उन्होंने ज्यादातर शाम को पोर्क सैंडविच के साथ-साथ सन-डाउनर (व्हिस्की) का आनंद लिया।

जिन्ना जानते थे कि उनके खिलाफ कार्ड लोड किए जा सकते हैं। अपनी संवैधानिक प्रकृति के अनाज के खिलाफ मृत, उन्होंने 16 अगस्त 1946 को ग्रेट कलकत्ता किलिंग का आदेश दिया, इस उम्मीद में कि दंगों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी और देश में फैल जाएगी। अकेले पंजाब में हत्याएं पर्याप्त नहीं थीं। इसके अलावा, उसके लिए समय समाप्त हो रहा था। वह या तो जानता था या संदेह करता था कि उसके फेफड़े तपेदिक (टीबी) से संक्रमित हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अवधि तक एक घातक बीमारी थी। और निश्चित रूप से, टीबी ने सितंबर 1948 में जिन्ना की जान ले ली।

उन्हें गांधी के साथ समझौता करना पड़ा, पहले सड़कों और गांवों में राजनीति करने के लिए (जिन्हें जिन्ना सामना नहीं कर सकते थे), और बाद में 1928 में, कलकत्ता में उनकी अनदेखी करते हुए। कांग्रेस का अधिवेशन। जिन्ना 'महात्मा' उपसर्ग से बचते रहे और गांधी को मंत्री कहकर संबोधित करते रहे! दर्शकों ने जिन्ना को तब तक बोलने नहीं दिया जब तक उन्होंने गांधी को महात्मा के रूप में संबोधित नहीं किया। 1928 से पहले भी इसी तरह की अन्य घटनाएं हुई होंगी। जिन्ना को गांधी से बदला लेना पड़ा और उन्होंने दंगों से शुरुआत की, जिसका महात्मा के पास प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और प्रार्थना सभा आयोजित करने के अलावा कोई जवाब नहीं था। न ही उसके पास कोई जवाबी रणनीति थी। यहां तक ??कि पटेल, नेहरू और कांग्रेस के अन्य लोग भी नहीं सोच सकते थे कि लीग का मुकाबला कैसे किया जाए। अहिंसा क्रूरता और हिंसा का सामना नहीं कर सकती थी।

जिन्ना एक नेता से ज्यादा शानदार वकील थे। उन्हें लंदन में प्रसिद्ध सैविल रो के अनुरूप सूट के लिए जाना जाता है, लेकिन जब तक वे 1935 में मुस्लिम लीग के आजीवन अध्यक्ष चुने गए, तब तक उनके भाई और मेरे दादा के प्रिय मित्र के रूप में उनके पास न तो चूड़ीदार-पायजामा था और न ही शेरवानी (आवश्यक मुस्लिम पोशाक)। अहमद ने बाद में बताया। भाई नमाज अदा करना नहीं जानते थे। जैसा कि अहमद ने मेरे दादाजी को बताया, भाई सांस्कृतिक रूप से अधिक पारसी और कम मुस्लिम थे।



## आप की बात

### भारत में भुखमरी

**दुनिया** वैश्विक संस्था द्वारा 120 देशों मे कराए गए भुखमरे देशों में भारत को101वे स्थान पर गम्भीर श्रेणी के देशों में देखकर आश्चर्यचकित होगी। 80 करोड़ लोगों को वर्ष 2020 से 2021 तक कोरोनकाल मे मुफ्त राशन और गैस सिलेंडर और तमाम रियायतें देने वाला देश भूखमरा कैसे हो सकता है? वर्ष 2020 में भी भारत का स्थान 94 था। जो पड़ोसी देशों से काफी पीछे है। वैश्विक हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट अक्टूबर के महीने में हर वर्ष वर्ष 2006 से आ रही है।आई टी विशेषज्ञ निखिलेश मिश्रा के अनुसार संस्था वैश्विक हंगर की गणना चार संकेतकों अल्पपोषण, चाइल्ड वेस्टिंग, चाइल्ड स्टंटिंग और बाल मृत्यु दर की स्कोरिंग कर गणना की जाती है। इस रिपोर्ट पर महिला और बल विकास मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट को तैयार करने के तरीके को अवैज्ञानिक बताया है। भारत सरकार लोगों को खाद्य उपलब्ध कराने के लिये अनेक योजनायें वर्षों से चला रही है। महिलाओं और शिशुओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिये सारे देश में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिनके माध्यम से शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और दूध पिलाने वाली माताओं को पौष्टिक आहार दिया जाता है। प्राथमिक विद्यालयों में भी मिड डे मील योजना से बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है।

- **कुलदीप त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### एक और सर्जिकल स्ट्राइक जरूरी

**जिस** तरह से आतंकियों द्वारा पिछले 5 दिन में 7 लोगों की हत्या की गई है वह शर्मनाक है। सरकार द्वारा जब आज कश्मीर में शांति स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की जा रही है तब इस तरह से जब कश्मीर घाटी में यहां के अल्पसंख्यकों की हत्या करके यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि यहां सब कुछ अशांत है जबकि अब लगातार कश्मीर नॉर्मल से की तरफ जा रहा है तब जबकि जब जब इस तरह के हादसे होते हैं फिर से दहशत एवं डर का माहौल कायम करने का प्रयास किया जाता है तथा फिर से हर इंसान एक दूसरे पर शक करने लगता है। यहां आज हर बार किसी की भी हत्या हो जाने पर अल्पसंख्यक वर्ग तड़पने लगता है। उसका कहना है कि हर बार जब जब अल्पसंख्यकों की मौत होती है तो यहां का बहुसंख्यक वर्ग क्यों आकर हमारे साथ खड़ा नहीं होता क्यों हमारी शव यात्राएं एवं हमारी विरोध प्रदर्शन यात्राएं निकलती है तब बहुसंख्यक वर्ग हमारे साथ आकर हमारे कंधे से कंधा मिलाकर क्यों नहीं आतंकियों के खिलाफ खड़ा होता है अक्सर हमारे इस तरह के आयोजनों के समय में यह बहुसंख्यक वर्ग अपने घरों में जाकर क्यों छुप जाता है। वहां के अल्पसंख्यक नागरिक हर बार आतंक के खिलाफ खड़े होने का प्रयास करते हैं।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश

**यह** पत्र 'डी यू मे प्रवेश' से संबंधित है। प्रत्येक वर्ष की तरह इस समय छात्र और अभिभावक दोनों परेशान हैं की कैसे दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश पाया जाए। जिस हिसाब से कट ऑफ 100 प्रतिशत तक पहुंच गया है उस से एक चीज़ तो साबित हो गयी है की सब एक चूहा दौड़ का हिस्सा बन गये हैं। किसी को इस बात से कोई सरोकार नहीं है की शिक्षा का स्तर क्या ऊंचा हुआ है या नहीं और इस बार महामारी के चलते जिस हिसाब से सी बी एस ई ने लचीलेपन से 12 वीं के नतीजे घोषित किए हैं उससे यह समस्या और बढ़ गयी है। हमारे समाज मे एक और बीमारी है जो हमें अंदर से खोखला कर रही है वह है प्रेस्टीज सिंबल, अगर किसी का बच्चा दिल्ली विश्वविद्यालय मे प्रवेश पा लेता है तो उसको अच्छी नजर से देखा जाता है , तो क्या और विश्वविद्यालय में अच्छी शिक्षा नहीं मिलती है। और क्यों नहीं सरकार ने और विश्वविद्यालय का स्तर इतना ऊंचा कर दिया है। हमें अपने बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और हालत पर भी विचार करना चाहिए ना की उन पर बेकार का दबाव बनाया जाए।

- **बाल गोविंद**, सेक्टर44, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**डॉ** अब्दुल कलाम ने भारत के लिए जो रोडमैप तैयार किया था, उस पर हम एक लंबा सफर तय कर आगे बढ़ चुके हैं।

- **हरदीप सिंह पुरी**
केंद्रीय मंत्री



**जिस** तरह से हम भोजन का उत्पादन, उपभोग और अपव्यय करते हैं हमारे ग्रह पर एक भारी बोझ पड़ रहा है ... और हमें एक वर्ष में खरबों डॉलर की लागत आ रही है।

- **एंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**सभी** पार्टी सदस्य सर्वसम्मति से चाहते हैं कि राहुल गांधी को कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करना चाहिए।

- **अंबिका सोनी**
कांग्रेस नेता

# आरोप-प्रत्यारोप लोकतंत्र की शोभा, लेकिन संवाद न हो बाधित





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** उपाध्यक्ष चुनाव के चलते गरम हो रहे सदन के माहौल में सीएम योगी ने हास्य-विनोद की फुहार भी छोड़ी। मतदान से पहले नेता विपक्ष राम गोविंद चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के बीच हुई तीखी नोक-झोंक पर सीएम ने कहा कि सुबह नेता विपक्ष बड़ी तैश में बातें कर रहे थे लेकिन संसदीय कार्यमंत्री ने भी शाहजहांपुर का आटा खाया है और उसी ताकत से नेता विपक्ष को जवाब भी दिया। अब नेता विपक्ष को बलिया के काले गाजर का हलवा खाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष रामगोविंद संवाद में यकीन रखने वाले एक सज्जन व्यक्ति हैं लेकिन दलीय अंतर्विरोधों को झेलने की ताकत नहीं रखते इसीलिए सदन में अनावश्यक झगड़ पड़ते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर सदन में सस्टनेबल डेवलपमेंट गोल पर हुई 36 घंटे की विशेष चर्चा का भी उल्लेख किया और कहा कि जब गरीबी, अशिक्षा, महिला उत्थान, युवा कल्याण जैसे विषयों पर विमर्श होता है तो सपा कभी प्रतिभाग नहीं करती। सीएम ने बीते साढ़े चार वर्षों में विधानमंडल में जनमहत्व के अनेक विषयों पर हुई चर्चा में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार भी जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में परंपरा का पालन हम सबके लिए अपेक्षितहै। आरोप-प्रत्यारोप लोकतंत्र की शोभा है लेकिन संवाद बाधित नहीं होना चाहिए। विपक्ष के दलीय नेता अंतर विरोधों को झेलने के लिए ताकत नहीं बटोर पाते हैं। सदन की परंपरा और मर्यादा का पालन सबके लिए आवश्यक है लेकिन सपा को इससे कोई लेना-देना नहीं है। संवाद की परंपरा को बाधित करने का काम हमेशा सपा ने किया है लेकिन हम संवाद की इस परांपरा को हमेशा बचाए रखने का काम करेंगे।

## सपा हमेशा से सदन की कार्यवाही में बाधा डालती रही है: सुरेश खन्ना

**लखनऊ।** संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि कार्य मंत्रणा की बैठक में जो तय हुआ था उसके अनुसार की सदन की कार्यवाही शुरू की गई है लेकिन सपा हमेशा से सदन की कार्यवाही में बाधा डालती रही है और वह काम आज भी सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि सदन की परपंरा और संसदीय मर्यादा को हमने ठेस नहीं पहुंचाई यह काम तो 2007 से लेकर 2017 तक बसपा और सपा ने किया है। इतने सालों तक विपक्ष ने विधान सभा उपाध्यक्ष के पद को लेकर एक नाम सर्व सम्मति ने तय कर नहीं दिया। विपक्ष में सिर फुटव्वल की वजह से आज तक कोई नाम ही नहीं तय हो पाया।

## सपा विधायकों ने गुब्बारे उड़ाकर जताया विरोध



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा विशेष सत्र से पहले विधान भवन के सामने महंगाई के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान विरोध कर रहे समाजवादी पार्टी के विधायकों ने काले रंग के गुब्बारे उड़ा कर अपना रोष प्रकट किया। हाथ में गैस सिलेंडर का पोस्टर लेकर प्रदर्शन कर रहे सपा विधायकों के द्वारा लगातार सरकार विरोधी नारे लगाए जा रहे जा रहे थे। इसके साथ ही प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ ट्वीट करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला। प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई के खिलाफट्वीट करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि हज़ार का सिलेंडर आज जनता को महँगा पड़ रहा है। बाइस के चुनाव में भाजपा को महँगा पड़ेगा।

## भाजपा का दिखा पिछड़ी जाति विरोधी चेहरा: राम गोविन्द चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नेता** प्रतिपक्ष राम गोविन्द चौधरी ने भाजपा को पिछड़ी जाति विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सदन के बाहर पिछड़ा और दलित प्रेम दिखाने का नाटक करती है और कार्य इनके विरोध में करती है । इस पार्टी का पिछड़ों और दलितों से कोई नाता नहीं है। आज सदन में भाजपा ने संविधान, नियम, संसदीय परम्पराओं को ताख पर रखकर समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह वर्मा को उपाध्यक्ष बनने नहीं दिया, क्योंकि वह कुर्मी जाति के पिछड़ी जाति के प्रत्याशी थे। अब तक यह संसदीय परम्परा रही है कि सबसे बड़े विपक्षी दल द्वारा जिसका नाम तय किया जाता था, उसे सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाता रहा है , इसी तरह सत्ता पक्ष जो नाम तय करता था, उसे सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर आसीन किया जाता रहा है। इस परम्परा का निर्वहन समाजवादी पार्टी सदैव करती आ रही है। समाजवादी पार्टी इस गरिमामयी संसदीय पद पर पिछड़ी जाति के सदस्य को आसीन करना चाहती थी इसीलिए नरेन्द्र सिंह वर्मा का नामांकन सर्वप्रथम कराया था और संसदीय परम्परा अनुसार इन्हें उपाध्यक्ष बनाये जाने का सदन में अनुरोध भी किया परन्तु भाजपा ने नितिन अग्रवाल का नामांकन कराकर संख्या बल के आधार पर उपाध्यक्ष घोषित कर दिया है। यह पूर्णत: अनैतिक है। भाजपा सरकार जब से आयी है तब से संविधान, नियम कानून, संसदीय परम्पराओं का कोई मूल्य नहीं रह गया है। भाजपा जनता द्वारा प्रबल समर्थन का दुरूपयोग कर रही है और संख्या बल के घमंड में मनमाना रवैया अपना रही है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने दी डिप्टी स्पीकर को बधाई

**लखनऊ।** विधान सभा के अध्यक्ष ह्रदय नारायण दीक्षित ने विधान सभा के उपाध्यक्ष पद पर नितिन अग्रवाल को चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी। नितिन अग्रवाल के चयन पर बधाई देते हुये अध्यक्ष ने कहा कि संसदीय परिपाटी में उपाध्यक्ष चुने जाने की व्यवस्था हमारे संविधान में की गयी है। वैदिक परंपरा का जिक्र करते हुये कहा कि अध्यक्ष और उसके नीचे उपाध्यक्ष की व्यवस्था हमारी पुरानी वैदिक परिपाटी मे भी है। उपाध्यक्ष पद अपने आप में महत्वपूर्ण एवं दायित्वपूर्ण है। उन्होंने बधाई देते हुये कहा कि विधान सभा के नए उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल देश की सबसे बड़ी विधान सभा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष के पद पर चुने गये हैं। वह युवा सदस्य हैं। लगातार तीसरी बार विधान सभा के सदस्य चुने गये हैं। सरकार में राज्य मंत्री का स्वतंत्र प्रभार भी संभाल चुके हैं। अध्यक्ष ने आशा प्रकट की है कि उनके उपाध्यक्ष के कार्यकाल मे सदन पुरानी परिपाटी को संजोये हुये नयी संसदीय परम्पराओं को स्थापित करने में सफल होंगे।

## कांग्रेस ने किया विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव का बहिष्कार

● उपाध्यक्ष का चुनाव कराना प्रदेश के गौरवमयी इतिहास और संविधान की मूल भावना के खिलाफ: मोना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की गौरवशाली परम्परा रही है कि उपाध्यक्ष का चुनाव विपक्ष की सलाह से होता रहा है किन्तु सत्तारूढ़ दल की तरफ से न तो कोई चर्चा ही इस संदर्भ में विपक्ष के साथ की गयी और न ही कोई सलाह ही ली गयी है। मात्र अपने राजनैतिक लाभ के लिए सत्ता पक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव करा रहा है। यह सरकार की असंवैधानिक कुटिलता और असंवेदनशील मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में उप्र विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराना या उसमें शामिल होना उत्तर प्रदेश के गौरवमयी इतिहास और संविधान की मूल भावना के खिलाफ होगा। अत: कांग्रेस पार्टी इसका बहिष्कार करती है। मोना सोमवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह 17वीं विधान सभा हैए जिसके साढ़े चार साल का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और 5 माह से कम की अवधि शेष रह गयी हैए ऐसी परिस्थिति में वह कौन से अपरिहार्य कारण है जिसकी वजह से उपाध्यक्ष का चुनाव कराना अल्प समय के लिए आवश्यक हो गया है। कांग्रेस पार्टी सहित संपूर्ण विपक्ष लगातार उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली. 1958 के तहत उपाध्यक्ष के चुनाव की मांग करता रहा हैकिन्तु सरकार द्वारा अभी तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि चूंकि उत्तर प्रदेश विधान सभा के आम चुनाव का समय निकट है और शीघ्र ही चुनाव की अधिसूचना भी जारी होने की संभावना है। अत: ऐसी परिस्थिति में उपाध्यक्ष का चुनाव कराना पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और अलोकतांत्रिक है। वर्ष 2007 में उप्र विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव अंतिम बार हुआ था तब से चाहे जिस भी पार्टी की सरकार रही हो विधान सभा के उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ।

## नितिन का ओहदा बढ़ाकर वैश्य व व्यापारी समाज में पकड़ मजबूत करने की कोशिश

**अभिषेक रंजन।** लखनऊ

**विधान** सभा में उपाध्यक्ष पद पर नितिन अग्रवाल को समर्थन देकर चुनाव जीताना बीजेपी का मिशन 2022 की रणनीति का हिस्सा है। बीजेपी ने एक तरफ वैश्य व व्यापारी समाज में संदेश देने की कोशिश है कि उनकी बिरादरी के नितिन को उपाध्यक्ष बनाने के लिए सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र बुलाया तो वहीं समाज में अपनी पकड़ को और मजबूत करने की भी कोशिश की है। सपा भले ही भाजपा पर यह आरोप लगाती रहे कि बीजेपी दलित व पिछड़ों की विरोधी है लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने सपा को ही दलित विरोधी साबित कर दिया। सीएम ने सदन में स्पष्ट किया सपा पिछड़ों का विरोध करती है तभी चुनाव परिणाम जानते हुए भी उसने नरेंद्र वर्मा को प्रत्याशी बनाकर उनके साथ धोखा किया है।

इसके साथ ही कांग्रेस और बसपा ने चुनाव प्रक्रिया का बहिष्कार करके मूक समर्थन बीजेपी का किया है। अगर दोनों दल मतदान में हिस्सा लेते तो यह साफ हो जाता कि कांग्रेस और बसपा ने किसे वोट किया है। ऐसे मतदान का बहिष्कार करके सपा प्रत्याशी का न तो समर्थन किया और न ही बीजेपी प्रत्याशी का विरोध किया है। तकनीकी रूप से नितिन सपा के ही सदस्य हैं और सपा ने नरेंद्र वर्मा को चुनाव लड़ाया और देखा जाए तो सदन में सपा को सपा से ही जूझना पड़ा और पराजय का सामना करना पड़ा है। प्रदेश के वैश्य समुदाय को लुभाने के लिए भाजपा की इस रणनीति से हरदोई व उसके आस-पास के जिलों की राजनीति में भी खासा फायदा हो सकता है। बीजेपी का यह दांव हरदोई की दोनों लोकसभा क्षेत्रों के अलावा आठों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को लाभ पहुंचा सकता है। यह सही है कि जब से नरेश अग्रवाल ने बीजेपी का दामन थामा तो यह माना जा रहा था कि देर सवेर नितिन को बीजेपी कहीं न कही समायोजित करेगी। 2017 में सपा के

### बीजेपी का मिशन 2022

टिकट पर नितिन ने चुनाव जीता लेकिन पिता के बीजेपी में आने के बाद यह कयास लगाए जा रहे थे कि संगठन उन्हें मंत्रिमंडल विस्तार में जगह देगी लेकिन बीते दिनो जब योगी सरकार का दूसरा मंत्रि मंडल विस्तार हुआ तो उसमें नितिन को जगह नहीं मिल पाई। इधर 17 वीं विधान सभा का कार्यकाल भी समाप्ति की ओर है। चुनाव में जाने से पहले बीजेपी का यह कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण दिख रहा है। गोरखपुर में हुए मनीष गुप्ता हत्याकांड के बाद से वैश्य और व्यापारी समाज की नाराजगी को भी काफी हद तक दूर करने में संभवत: भाजपा का यह निर्णय लाभप्रद होगा। नितिन को उपाध्यक्ष बनाकर बीजेपी ने विपक्ष को भी सबक दिया कि बीते 2007 से लेकर 2017 तक विपक्ष एकजुट होकर किसी एक नाम पर सहमति नहीं बना पाया और फिर भाजपा ने ही विपक्ष के ही सदस्य के रूप में नितिन को उपाध्यक्ष के पद पर आसीन किया। राज्यसभा चुनाव और कैबिनेट विस्तार में जगह न मिलने से नरेश समर्थक अपने को हाशिए पर महसूस कर रहे थे। हालांकि ठीक चुनाव से पहले नितिन को उपाध्यक्ष पद का चुनाव जितवा कर बीजेपी ने हरदोई व आस-पास की दो दर्जन से ज्यादा विधान सभा सीटों की राजनीति का रुख तय कर दिया है।

इसके साथ ही पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल व उनकी विरासत संभाल रहे नितिन अग्रवाल की स्वीकार्यता पर भी मोहर लगा दी है। नितिन अग्रवाल के पिता नरेश अग्रवाल सपा में लंबे समय तक रह चुके हैं और हरदोई से सात बार विधायक चुने जा चुके हैं। वह सपा में रहते हुए राज्यसभा के लिए भी चुने जा चुके हैं, नरेश कांग्रेस में भी रह चुके हैं। जाहिर है कि बीजेपी इस लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ अवश्य लेगी। 2007 में हुए विधानसभा चुनाव में नरेश अग्रवाल सदर सीट से चुनाव जीते थे लेकिन उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

## शाहजहांपुर घटना ने खोली सरकारी दावों की पोल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शाहजहांपुर** जनपद कचहरी परिसर में वकील की दिन दहाड़े हुई हत्या पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि घटना ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की लचर हालत की पोल खोल दी है। शाहजहांपुर की घटना पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि यूपी के जिला शाहजहाँपुर के कोर्ट परिसर में वकील की आज दिन दहाड़े हुई हत्या अति दुखद व शर्मनाक जो यहाँ की भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था की स्थिति व इस सम्बंध में सरकारी दावों की पोल खोलती है। अब अन्तत: यही सवाल उठता है कि यूपी में आखिर सुरक्षित कौन, सरकार इस ओर समुचित ध्यान दे।

## स्कूलों में बच्चों के लिए ई-पाठशाला बनी वरदान

**लखनऊ।** कोरोनाकाल के दौरान प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में शुरू की गई ई.पाठशाला बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। क्लास रूम के साथ प्राइमरी स्कूल के छात्र यूट्यूब, वाट्सअप, दूरदर्शन पर दिखाए जा रहे शैक्षिक कार्यक्रमों के जरिए सीख रहे हैं। मिशन प्रेरणा के ई-पाठशाला के जरिए विभाग की ओर से बनाए गए यू ट्यूब चैनल पर शिक्षकों व बच्चों के लिए 6.15 लाख कंटेंट अपलोड किए जा चुके हैं। कोरोनाकाल के दौरान मिशन प्रेरणा के तहत बेसिक शिक्षा विभाग ने ई पाठशाला को शुरू किया था। जिसका दायरा अब बढ़ चुका है। इसमें मिशन प्रेरणा यू-ट्यूब चैनल शिक्षकों व बच्चों के लिए गाइड का काम कर रहा है। इसमें विशेषज्ञों के तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता के कंटेंट अपलोड किए जाते हैं। इससे शिक्षकों को भी बच्चों को पढ़ाने के लिए काफी कंटेंट व पढ़ाने के नए तरीके मिल जाते हैं। विभाग की ओर से कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए अब 6 लाख से अधिक कंटेंट अपलोड किया जा चुका है। इसके अलावा दीक्षा पोर्टल के माध्यम से 4 हजार से अधिक विडियोज व विजुअल शिक्षण सामग्री शिक्षकों को उपलब्ध कराई जा चुकी है।

## गृह राज्य मंत्री की बर्खास्तगी की मांग को लेकर कांग्रेस विधायकों ने दिया धरना




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** का एक दिवसीय विशेष सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को कांग्रेस के विधायकों ने विधान भवन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थल पर विरोध स्वरूप धरना दिया। कांग्रेस विधायकों ने लखीमपुर की घटना पर सदन में चर्चा कराने और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता दीपक सिंह व अन्य कांग्रेस विधायक हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई को नहीं मानती। इस मामले पर सरकार चर्चा नहीं कर रही है। किसान परेशान हैं, आम आदमी परेशान है लेकिन सरकार का इस ओर ध्यान नहीं है। लखीमपुर खीरी मामले पर सरकार चर्चा नहीं कर रही है। कांग्रेस पार्टी किसानों और लखीमपुर खीरी मामले पर चर्चा चाहती है लेकिन सरकार खामोश है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले उपाध्यक्ष के पद का चुनाव केवल लोगों को गुमराह करने और लखीमपुर खीरी की घटना से ध्यान हटाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब तक लखीमपुर हिंसा के मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त नहीं किया जाता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## किसानों को धमकाने से बाज आए योगी सरकार: नसीमुद्दीन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि लखीमपुर में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के उकसावे पर उनके पुत्र द्वारा अपनी गाड़ी से चार किसानों व एक पत्रकार की हत्या करने में न्याय की मांग कर रहे किसानों को धमकाने की हरकत से प्रदेश की योगी सरकार बाज आए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संयुक्त किसान मोर्चे के आंदोलनकारी किसानों ने आज रेल रोको आंदोलन चलाया, जिस सन्दर्भ में मुख्यमंत्री व भाजपा नेताओं के धमकी भरे बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि अन्याय के साथ आंदोलन पर सरकारी बर्बरता इतिहास में दर्ज होगी। भाजपा राज में अंग्रेजों के जुल्म ज्यादती भी फीके पड़ते जा रहे हैं। सिद्दीकी ने कहा कि अपराधियों को निरन्तर प्रश्रय देने वाली भाजपा की सरकार में कानून का जबरदस्त दुरुपयोग किया गया। हर सवाल के साथ सरकार के विरुद्ध उठने वाली आवाज को दबाया गया। अहिंसक आंदोलनकारी किसानों पर जुल्म कर उन्हें तोड़ने की साजिश की गयी, जब किसान नहीं टूटे तो उन पर आपराधिक धाराओं में फर्जी मुकदमें दर्ज करने धमकानें का खेल किया जा रहा है।

## भाजपा राज में आसमान छू रही महंगाई: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में महंगाई आसमान छू रही है, किसानों को धोखा मिला, बेरोजगारी से नौजवान परेशान हैं। जनसामान्य उत्पीड़न का शिकार है। लोग भाजपा से मुक्ति चाहते हैं। उनका भरोसा समाजवादी पार्टी पर है। भाजपा सन् 2022 के चुनावों में कोई साजिश न कर सके इसलिए सबको सतर्क रहकर अपन अपने काम को निष्ठा से अंजाम देना होगा। एक नज़र भाजपा पर और दूसरी नज़र बूथ पर रखना है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1940 रूपया तय किया है। पहली बात तो यह कि अभी धान क्रय केन्द्र खुले ही नहीं है। पिछली बार भी किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिला था। मजबूरी में तय मूल्य के नीचे मंडी में उसे हजार रूपये और उससे भी कम रूपये में अपनी फसल बेचनी पड़ गई थी। खरीद की प्रक्रिया बहुत धीमी रही है और अधिकारी क्वालिटी के नाम पर खरीद को नज़रअंदाज करते रहे हैं। किसानों को भाजपा राज में ही सर्वाधिक अपमानित और उपेक्षा का शिकार होना पड़ा है। खाद के दाम बढ़ा दिए गए है। डीजल और बिजली पहले से ही महंगी कर दी गई है। किसानों की बात करने वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने 4 साल तक गन्ने के दाम नहीं बढ़ाए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा के खिलाफकिसानों का भारी गुस्सा देखते हुए और चुनावी फसल काटने के लिए अंतिम चुनाव वर्ष में मुख्यमंत्री छद्म सहानुभूति दिखाने लगे हैं।

## मुठभेड़ में पचास हजार का इनामी डकैत ढेर

● डकैती सहित आठ से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे, 2017 में जा चुका था जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोमतीनगर** में विपुल खंड सहारा स्टेट के पास पुलिस मुठभेड़ में ढेर हुआ 50 हजार का इनामी डकैत हमजा बांग्लादेशी डकैतों के गिरोह का सरगना था। उसके खिलाफ डकैती सहित आठ से अधिक संगीन मुकदमें दर्ज थे। जिसे रविवार को देर रात पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन के मुताबिक हमजा खूंखार अपराधी था। उसने मध्यप्रदेश के कटनी जिले में वर्ष 2019 में एक घर में धावा बोलकर डकैती डाली थी। इसके अलावा उसने वाराणसी में एक परिवार को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया था। यही नहीं राजधानी लखनऊ में 23 दिसंबर 2020 में मां बेटी को गन प्वाइंट पर लेकर डकैती डाली थी। इसके अलावा 6 सितंबर 2020 चिनहट के कठौता झील के पास एक मकान में धावा बोलकर डकैती डाली थी। साथ ही वह वर्ष 2017 में जेल भी जा चुका था।

डीसीपी पूर्वी संजीव सुमन के मुताबिक सर्विलांस सेल और गोमतीनगर पुलिस को रविवार की देर रात सूचना मिली कि चिनहट में हुई मुठभेड़ के दौरान फरार चल रहा इनामी हमजा दयाल चौराहे के पास अपने कुछ साथियों के साथ मौजूद है और वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर सर्विलांस सेल के प्रभारी उपनिरीक्षक रजनीश वर्मा, मुख्य आरक्षी नरेंद्र बहादुर सिंह, आरक्षी बृजेश बहादुर सिंह, आरक्षी आनन्द मणि सिंह, आरक्षी रामनिवास शुक्ला, आरक्षी विशाल शुक्ला व इंस्पेक्टर गोमतीनगर केशव कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह, आरक्षी वैभव प्रकाश नैन व आरक्षी मुकेश चौधरी मौके पर पहुंचे। पुलिस के टार्च की रोशनी पड़ते ही गैंग के लीडर हमजा और उसके साथियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में इनामी हमजा ढेर हो गया, जबकि उसके अन्य साथी मौके से भाग निकले। इस कारवाई में तीन पुलिसकर्मी भी बदमाशों की गोली से घायल हो गए। पुलिस को मौके से एक पिस्टल, एक तमंचा, एक पिठू बैग, एक मोबाइल , दो सिम, एक प्लेटफार्म टिकट व एक हजार बांग्लादेशी रुपए बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक बांग्लादेशी निवासी हमजा एक ख़तरनाक अपराधी था। वह आठ दस लोगों की टोली बनाकर राजधानी लखनऊ सहित यूपी के अलग.अलग जिलों तथा अन्य राज्यों में बड़ी घटनाओं को अंजाम देता था। 11 अक्टूबर 2021 की रात चिनहट में मुठभेड़ के दौरान तीन बांग्लादेशी डकैतों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था जबकि सरगना हमजा अपने सात साथियों के साथ मौके से भाग निकला था। पुलिस के मुताबिक हमजा के मोबाइल फोन की डिटेल खंगाली जा रही है और फरार डकैतों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## थानों में लावारिस पड़े वाहनों की एमएसटीसी के माध्यम से होगी ई-नीलामी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के थानों को साफ सुथरा बनाये रखने के उद्देश्य से थानों में पड़े लावारिस वाहनों की शीघ्र नीलामी की जायेगी। इसी के साथ ही पुलिस विभाग में निष्प्रयोज्य घोषित हो चुके वाहनो की भी शीघ्र नीलामी होगी ताकि उनके स्थान पर पुलिस विभाग को नये वाहन प्राप्त हो सके। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आज लोकभवन स्थित कमाण्ड सेंटर में इस सम्बन्ध में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपरोक्त कार्यो को शीघ्र एवं समयबद्ध रूप से निस्तारित किये जाने के निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा पुलिस विभाग के वाहनों के वर्तमान में प्रचलित नीलामी की व्यवस्था को समाप्त कर उसके स्थान पर परिवहन विभाग की भांति एमएसटीसी से किये गये अनुबन्ध के आधार पर नीलामी (ई-आक्शन) कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## भाजपा शासन काल में अब तक 470 साइबर अपराधियों की हुई गिरफ्तारी

● 6.24 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की गई बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किये गये हैं जिसके सार्थक नतीजे सामने आये हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सभी परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम पुलिस थानों पर 660 अभियोग पंजीकृत कर 470 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। उक्त अभियोगों में 2.2 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि साइबर अपराधियों से बरामद की गयी तथा 5 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि बैंक खातों में होल्ड करायी गयी है।

साथ ही प्रदेश के अन्य सभी थानों में उक्त अवधि में साइबर अपराधों के संबंध में 10290 अभियोग अब तक पंजीकृत किये गये तथा 2600 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी कर 6.24 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि साइबर अपराधियों से बरामद की गयी है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुई उपलब्धियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी 16 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर साइबर थानों की स्थापना कर इन सभी को क्रियाशील किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 16 परिक्षेत्रीय थानों हेतु शासन द्वारा 256 पदों का सृजन किया गया है। अवस्थी ने बताया कि परिक्षेत्रीय साइबर थानों पर महिला साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है, जो इन अपराधों से पीड़ित महिलाओं के लिए हर सम्भव मदद प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि साइबर बुलिंग की शिकार महिलाओं की मदद के लिए वूमेन पॉवर लाइन 1090 के अन्तर्गत अपराधी की पहचान एवं अवैध कंटेन्ट हटाने के लिए अत्याधुनिक साइबर फॉरेंसिक टूल्स का प्रयोग किया जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम राम कुमार ने बताया है कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए साइबर सेफ पोर्टल का संचालन किया जा रहा हैए जिसपर जालसाजों के मोबाइल नम्बरए बैंक खाता संख्या एवं वेबसाइट आदि को अपलोड किया जाता है। प्रदेश में अब तक साइबर सेफपोर्टल के माध्यम से 26 हजार से अधिक मोबाइल नम्बरों को ब्लाक कराया जा चुका हैए जो साइबर अपराधों में अंकुश लगाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु हेल्प लाइन संख्या 155260 को शुरू किया गया है, जो चैबीसों घण्टों कार्य कर रहा है। राम कुमार ने बताया कि साइबर अपराधों की रोकथाम में लगे पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित भी कराया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में साइबर प्रिवेंशन अगेंस्ट वूमेन एंड चिल्ड्रन योजना के तहत 1386 अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## आशा कार्यकत्रियों ने ओपीडी में जड़ा ताला, इलाज के लिए भटकते रहे मरीज

**मोहनलालगंज।** आशा कार्यकत्रियों को उचित मानदेय और आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को आशा कार्यकत्रियों ने मोहनलालगंज सीएचसी में ताला डालकर ओपीडी ठप करा दी। लिहाजा इलाज कराने आए सैकड़ों मरीज ढ़ाई घण्टे तक भटकते रहे। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ओपीडी का संचालन शुरु हो सका। हालांकि मुख्य द्वार पर आशा बहुओं का धरना प्रदर्शन दोपहर बाद तक चलता रहा। अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सोमवार को मोहनलालगंज सीएचसी पर जमा हुई दर्जनों आशा बहुओं ने नारेबाजी करते हुए सुबह 10 बजे ही सीएचसी के मुख्य द्वार और ओपीडी के चैनल में ताला लगा दिया। आशा कार्यकत्रियों व संगिनी के नियमितिकरण और बीमा सुरक्षा कवर दिए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर आक्रोशित आशा बहुएं व संगिनी सीएचसी के मुख्य द्वार को जाम कर धरने पर बैठ गईं। प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकत्रियों ने आरोप लगाया कि सीएचसी प्रशासन और एसडीएम को मांगपत्र सौंपे जाने के बाद भी उनकी मांगें नहीं पूरी की जा रही हैं। लिहाजा उन्हें अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। सीएचसी अधीक्षिका डॉ ज्योति कामले ने बताया आशा कार्यकत्रियों के धरना प्रदर्शन से ओपीडी बाधित हुई । लेकिन स्टाफको बंधक नहीं बनाया गया। दोपहर 2.30 के बाद आशा कार्यकत्रियों का धरना समाप्त हो गया। उनका मांगपत्र सीएमओ को भेज दिया गया है। वहीं सीएचसी का मुख्य द्वार और ओपीडी का चैनल बन्द किए जाने को लेकर सोमवार को मोहनलालगंज सीएचसी पर आशा कार्यकत्रियों की इलाज कराने आए मरीजों और उनके तीमारदारों से नोंक झोंक भी हुई।

# विकास के एजेंडे में अवरोध पैदा कर रहा है विपक्षः जेपी नड्डा

● पार्टी ने सामाजिक संकेतकों को ध्यान में रखकर राष्ट्र के लिए काम किया

**भाषा।** नई दिल्ली


नड्डा पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे

**भाजपा** अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्षी दलों पर विकास संबंधी सरकार के एजेंडे में अवरोध पैदा करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी के सदस्यों ने सिर्फ राजनीतिक संकेतकों को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संकेतकों को ध्यान में रखकर राष्ट्र के लिए काम किया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में दिए अपने संबोधन में नड्डा ने कोरोना महामारी के दौरान केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से गरीबों को मुफ्त अनाज मुहैया कराए जाने समेत कई कल्याणकारी योजनाओं और टीकाकरण अभियान का हवाला दिया तथा जोर देकर कहा कि भाजपा ने राजनीति की परिभाषा बदलने के लिए काम किया है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि पदाधिकारियों की बैठक के जरिए अगले कुछ महीनों के लिए पार्टी का एजेंडा सामने रखा जाएगा।

उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया है कि यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भाजपा के संगठन के नेताओं के साथ पिछले कुछ महीनों के दौरान किए गए गहन विचार-विमर्श की पृष्ठभूमि में हुई है।

सिंह ने कहा कि भाजपा ने यह दिखाया है कि एक पार्टी के सदस्य संगठन के लिए काम करने के साथ कैसे प्रासंगिक हो सकते हैं और समाज की मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा सदस्यों ने सिर्फ राजनीतिक संकेतकों को नहीं, बल्कि सामाजिक संकेतकों को भी ध्यान में रखकर राष्ट्र के लिए काम किया है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस नीचे की ओर गई क्योंकि उसने जमीनी मुद्दों को लेकर सक्रिय रहना छोड़ दिया।

## भारत का टीकाकरण कार्यक्रम सबसे प्रभावी होगा : मोदी



**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भरोसा जताया कि कोविड-19 महामारी के खिलाफ जंग में भारत का टीकाकरण कार्यक्रम सबसे प्रभावी साबित होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इसमें सबकी सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के एक ट्वीट के बाद प्रदेश के लोगों को बधाई देते हुए यह टिप्पणी की। धामी ने ट्वीट किया था कि प्रदेश में सभी पात्र व्यक्तियों को कोविड रोधी टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। मोदी ने ट्वीट किया कि महामारी के खिलाफ देश की जंग में उत्तराखंड की यह उपलब्धि बेहद महत्वपूर्ण है।


भारतीय वायु सेना के सूर्य किरण लड़ाकू विमानों ने 1971 में बांग्लादेश युद्ध के दौरान पाकिस्तान पर जीत की स्वर्ण जयंती के जश्न के साथ मुंबई में सोमवार को शहर के ऊपर फ्लाईपास्ट किया

## एसयूवी ने कुचला, एक की मौत, तीन घायल

**जबलपुर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करने के बाद पैदल अपने घर लौट रहे लोगो को एक तेज रफ्तार एसयूवी ने कुचल दिया, जिससे एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी सोमवार को दी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना जबलपुर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित पनागर पुलिस थाने के मनियारी-बड़ौदा रोड पर शनिवार देर रात हुई।

## भजन-कीर्तन करने वाले श्रद्धालुओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर में कोविड-19 दिशानिर्देशों का उल्लंघन कर भजन-कीर्तन कर रहे 100 से अधिक श्रद्धालुओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह जानकारी सोमवार को पुलिस के एक अधिकारी ने दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (हुसैनाबाद) पूज्य प्रकाश ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा जारी कोविड-19 नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है। दशहरा पर्व के दौरान धार्मिक जुलूस में हिस्सा लेने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सड़कों पर सामाजिक दूरी का पालन नही किया, न ही वे मास्क पहने हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पुलिस कार्वाई की निंदा की और प्राथमिकी को तुरंत वापस लेने की मांग की।

## ट्रक और बोलेरो की भिडंत में चार लोगो की मौत, पांच अन्य घायल

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले के सिणधरी थाना क्षेत्र में सोमवार को एक ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने की भिंड़त में दो महिलाओ सहित चार लोगो की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी बलदेव चौधरी ने बताया कि बोलेरो कार मे सवार एक ही परिवार के सभी लोग डीसा (गुजरात) से बाड़मेर में जसाल धाम के दर्शन के बाद वापस डीसा लौट रहे थे। उन्होने बताया कि मृतको की पहचान गोमती सुथार, चेनाभाई सुथार, भावना और कान्हा भाई के रूप में की गई। चौधरी ने बताया कि हादसे मे घायल देवाराम सुथार ,कपूरभाई सुथार, भरतभाई सुथार, मोहनभाई सुथार, और हिमांशी को उपचार के लिए सिणधरी अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है। शवो को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया है।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर टेम्पो ने पांच वाहनों को मारी टक्कर, तीन की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ के खालापुर तालुका में ढेकू गांव के समीप मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर सोमवार तड़के एक टेम्पो ने कई वाहनों को टक्कर मार दी।

इस घटना में टेम्पो चालक समेत तीन लोगो की मौत हो गी। टेम्पो चालक अक्रम खान वाहन पर नियंत्रण नही रख सका और पांच वाहनो को टक्कर मार दी।

इस घटना में कार से यात्रा कर रहे रौनक मुर्गाने (28), इरशाद सिद्दीकी (30) की मौत हो गई, जो क्रमशः बांद्रा और मुंबई के रहनेवाले थे।

## केरल सरकार ने हड़ताल से पहले वार्ता की

**तिरूवनंतपुरम।** कैथोलिक सीरियन बैंक (सीएसबी) के कर्मचारियों द्वारा 20 अक्टूबर से की जाने वाली तीन दिवसीय हड़ताल से पहले केरल सरकार ने सोमवार को बैंक के प्रबंध निदेशक सी. वी. राजेंद्रन के साथ वार्ता की। कर्मचारी वेतन संशोधन एवं कथित श्रम विरोधी नीति को रद्द करने की मांग करते हुए हड़ताल करने वाले हैं।

# किसानों की नही सुनी तो यह सरकार दोबारा नहीं आएगीः सत्यपाल मलिक

**भाषा।** जयपुर



**मेघालय के** राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने केन्द्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों का समर्थन करते हुए कहा है कि अगर किसानों की नहीं सुनी गई तो यह केंद्र सरकार दोबारा नहीं आएगी। रविवार को झुंझुनूं में संवाददाताओं से बातचीत में मलिक ने कहा कि लखीमपुर खीरी मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा का इस्तीफा उसी दिन होना चाहिए था। लखीमपुर खीरी मामले में मिश्रा के इस्तीफा नहीं दिए जाने पर मलिक ने कहा बिल्कुल गलत है यह, लखीमपुर मामले में मिश्रा का इस्तीफा उसी दिन होना चाहिए था। वो वैसे ही मंत्री होने लायक नहीं हैं। जिनकी सरकारें होती हैं उनका मिजाज थोड़ा आसमान में पहुंच जाता है उन्हें यह दिखता नहीं है कि इनकी तकलीफ कितनी है, लेकिन वक्त आता है जब उन्हें देखना भी पड़ता है और सुनना भी पड़ता है। अगर किसानों की नहीं मानी गई तो यह सरकार दोबारा नहीं आएगी। मलिक ने किसानों से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, किसानों के साथ ज्यादती हो रही है, वो 10 महीने से पड़े हैं, उन्होंने घर बार छोड़ रखा है, फसल बुवाई का समय है और वे अब भी दिल्ली में पड़े हैं तो उनकी सुनवाई करनी चाहिए सरकार को। राज्यपाल का पद पद छोड़कर उनके साथ खड़ा होने के लिए अगर उन्हें कहा जाए तो, इस पर मलिक ने कहा, मैं तो खड़ा ही हूं उनके साथ, पद छोड़ने की उसमें कोई जरूरत नहीं है, जब जरूरत पड़ेगी तो वो भी छोड़ दूंगा.. लेकिन मैं उनके साथ हूं .. उनके लिए मैं प्रधानमंत्री, गृह मंत्री सबसे झगड़ा कर चुका हूं। सबको कह चुका हूं कि यह गलत कर रहे हो यह मत करो। वो प्रधानमंत्री से मिलकर अपने विचार बताएंगे चाहे वो कश्मीर के हो या किसी भी चीज के हो। क्या वजह है कि सरकार अभी तक किसानों को मनवा नहीं पाई.. मलिक ने कहा कि देखो, सरकारें जितनी भी होती हैं उनका मिजाज थोड़ा आसमान में हो जाता है उन्हें यह दिखता नहीं है कि इनकी तकलीफ कितनी है, लेकिन वक्त आता है फिर उनको देखना भी पड़ता है सुनना भी पड़ता है..।

## बांग्लादेश हमलेः ममता सरकार ने शरारती तत्वों के खिलाफ जिला प्रशासन को सतर्क रहने को कहा

**भाषा।** कोलकाता



पश्चिम बंगाल सरकार ने अपने जिला प्रशासन, खासकर सीमावर्ती बांग्लादेश से लगे जिलों के प्रशासन से सोशल मीडिया के दुरुपयोग और पड़ोसी देश में दुर्गा पूजा के दौरान हालिया हमलों से संबंधित फर्जी खबरों के प्रसार के खिलाफ सतर्क रहने और उनसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाने को कहा है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मूर्ति विसर्जन समारोहों और फातिहा-द्वाज-दहम के बीच बंगाल में कहीं भी अशांति फैलाने के किसी भी प्रयास से निपटने के लिए सभी राज्य एजेंसियों को तैयार रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, सरकार ने जिला प्रशासन, खासकर बांग्लादेश से लगे सीमावर्ती जिलों के प्रशासन से, पड़ोसी देश में हिंसा और तोड़फोड़ से जुड़ी फर्जी खबरों के प्रसार के खिलाफ सावधानी बरतने को कहा है। राज्य की सभी एजेंसियों से सतर्क रहने और तनाव उत्पन्न करने की हर साजिश नाकाम करने को कहा गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (खुफिया शाखा) की तरफ से भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसी तरह की चेतावनी जारी की गई है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, 13 अक्टूबर 2021 से सोशल मीडिया मंचों पर बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडालों में तोड़-फोड़ की पोस्ट की बाढ़ आ गई है। इन मुद्दों के मद्देनजर भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे जिले बेहद संवेदनशील हो गए हैं।

## क्विक न्यूज

### राज्य सरकार डीएपी आपूर्ति में सुधार के लिए निरन्तर प्रयासरतः गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा डीएपी आपूर्ति में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। गहलोत ने सोमवार को राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि पिछले दिनों उनकी ओर से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ध्यान प्रदेश में डीएपी की पर्याप्त आपूर्ति एवं किसानों को हो रही कठिनाईयों की ओर दिलाया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय उर्वरक मंत्री से भी फोन पर बात कर उनसे डीएपी आपूर्ति बढाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में डीएपी उर्वरक की कमी है और इसकी आपूर्ति सिर्फ भारत सरकार द्वारा की जाती है और ऐसे में राज्य सरकार की ओर से केन्द्रीय उर्वरक मंत्रालय से लगातार संपर्क कर अक्टूबर माह में एक लाख दस हजार मिट्रिक टन डीएपी राजस्थान को उपलब्ध कराए जाने का आग्रह किया है।

### अभिनेत्री पूजा बेदी कोरोना वायरस से संक्रमित, कहा - टीका ना लगवाना निजी निर्णय

**मुंबई।** अभिनेत्री पूजा बेदी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं और उन्होंने कहा कि वह स्वस्थ होने के लिए स्वयं की प्रतिरोधक क्षमता, वैकल्पिक उपचार और अन्य स्वास्थ्य उपायों का इस्तेमाल करेंगी। टीकाकरण के बारे में नकारात्मक बातें साझा करने के लिए अभिनेत्री को आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा था। बेदी ने रविवार शाम इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए जानकारी दी कि उनके मंगेतर एवं उद्योगपति मानेक कॉन्ट्रैक्टर और उनके घरेलू सहायक भी संक्रमित पाए गए हैं। दिग्गज फिल्म कलाकार कबीर बेदी और दिवंगत भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना प्रोतिमा की बेटी पूजा बेदी ने लिखा, मैं आखिरकार कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई। मैंने खुद ही टीका ना लगवाने का निर्णय किया और अपनी प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता, वैकल्पिक उपचार और स्वास्थ्य उपायों को अपनाने का फैसला किया।

### हिमाचल में प्रताड़ित झारखंड के 61 मजदूर घर लौटे

**रांची।** झारखंड सरकार ने सोमवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश में स्थानीय लोगों द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित किए गए राज्य के कामगारों में से 61 को सरकार घर वापस ले आई है और अन्य भी लौट रहे हैं। सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, झारखंड के खूंटी और आसपास के जिले के 150 कामगारों का एक समूह हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में पनबिजली परियोजना पर काम करने गया था, उनमें से कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि स्थानीय लोगों ने उनपर हमला किया और कुछ लोगों को घायल कर दिया। बयान के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले से कामगारों की वापसी की प्रक्रिया जारी है। अभी तक 61 कामगार घर लौट चुके हैं। ए लोग खूंटी, तोरपा, बडगांव इलाकों के रहने वाले हैं... पिटाई वाली घटना के बाद इन सभी ने राज्य सरकार से अपनी घर वापसी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना के संबंध में जानकारी मिलते ही अधिकारियों से उनकी (कामगारों) वापसी सुनिश्चित करने को कहा। राज्य सरकार के श्रम विभाग के हस्तक्षेप के बाद घर लौट रहे कामगारों की बकाया वेतन राशि उनके खातों में जमा करा दी गई है।

### अन्ना द्रमुक के एक और पूर्व मंत्री के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

**चेन्नई।** तमिलनाडु में पूर्ववर्ती अन्ना द्रमुक सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे सी विजयभास्कर के खिलाफ सतर्कता और भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। विजयभास्कर और उनकी पत्नी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ भ्रष्टाचार रोधी अधिकारियों ने तमिलनाडु के छह जिलों में 43 ठिकानों पर छापे मारे। जिन स्थानों पर छापे मारे गए उनमें विजयभास्कर का आवास और उनके रिश्तेदारों तथा सहयोगियों से जुड़े परिसर भी शामिल हैं। एक सतर्कता अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, प्रत्एक स्थान पर हर दल में सुरक्षा उद्देश्य के लिए तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा कम से कम छह कर्मी शामिल हैं। कुल मिलाकर तलाश अभियान में 250 से अधिक कर्मी शामिल हैं। प्राथमिकी के अनुसार, सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यह पता चला कि विजयभास्कर ने एक अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2021 के दौरान ज्यादातर संपत्ति अर्जित की। सतर्कता अधिकारियों ने चेन्नई, चेंगेलपेट, कांचीपुम, कोयम्बटूर, तिरुचिरापल्ली और पुडुकोट्टई जिलों में तलाशी ली। मई 2021 में द्रमुक के सत्ता में आने के बाद से के सी वीरमणि, एस पी वेलुमणि और एम आर विजयभास्कर के खिलाफ पहले ही आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

## जंगली हाथी के हमले में युवक की मौत

**भाषा।** कोरबा

**छत्तीसगढ़** के सरगुजा जिले में जंगली हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई। सरगुजा जिले के वन विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के सीतापुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ढोंढागांव के करीब जंगली हाथी के हमले में बुधियार साय (27) की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि वन विभाग को जानकारी मिली कि रविवार की सुबह ढोंढागांव निवासी बुधियार साय जंगल में लकड़ी एकत्र करने गया था, जब वह जंगल में था तब उसका सामना जंगली हाथी से हो गया। उन्होंने बताया कि हाथी को देखकर युवक ने वहां से भागने की कोशिश की लेकिन हाथी ने उसे कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जब परिजनों को घटना की जानकारी मिली तब वे जंगल पहुंचे और घायल साय को लेकर अस्पताल रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी भी गांव पहुंचे। वन विभाग ने साय के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए दिए हैं। शेष 5.75 लाख रुपए सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिए जाएंगे।


सैनिकों ने श्रीनगर में औचक निरीक्षण के दौरान एक पैदल यात्री की तलाशी ली। कश्मीर घाटी को हाई अलर्ट पर रखा गया है,जबकि हाल ही में नागरिकों की हत्याओं के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है

## एलईडी उपकरणों के लिए श्वेत प्रकाश उत्सर्जक का डिजाइन तैयार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय प्रौद्योगिकी** संस्थान (आईआईटी) मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने सफलतापूर्वक श्वेत प्रकाश उत्सर्जक विकसित किया है जिसका उपयोग एलईडी उपकरणों में किया जा सकता है। अनुसंधान टीम के अनुसार चूंकि पारंपरिक प्रकाश उत्सर्जक डायोड (एलईडी) सामग्री श्वेत प्रकाश का उत्सर्जन नहीं कर सकती है, इसलिए ऐसी सामग्री की दुनिया भर में खोज की गई है जो इन अप्रत्यक्ष तकनीक के बजाय सीधे श्वेत प्रकाश का उत्सर्जन कर सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने विरुपित पेरोवस्काइट सामग्री का उपयोग कर एलईडी का उत्पादन करने की योजना बनाई है। स्वदेशी रूप से विकसित चमकदार श्वेत प्रकाश उत्सर्जक पारंपरिक उच्च लागत वाली सामग्रियों का संभावित रूप से स्थान ले सकते हैं और प्रति लुमेन ऊर्जा लागत को असाधारण रूप से बचा सकते हैं। इस नवोन्मेष को अनुसंधानकर्ताओं ने पेटेंट कराया है और हाल में इसे एसईआरबी-प्रौद्योगिकी ट्रांसलेशन अवार्ड प्रदान किया गया है। विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड अनुसंधानकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और अन्य एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस अनुसंधान कार्य के परिणाम नेचर ग्रुप-अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं।

# धामी ने पंतनगर औद्योगिक क्षेत्र का नाम एनडी के नाम पर रखने की घोषणा की

**भाषा।** देहरादून



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंतनगर स्थित औद्योगिक क्षेत्र का नाम दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री पंडित नारायण दत्त तिवारी के नाम पर रखने की घोषणा की है। तिवारी की जयंती और पुण्यतिथि की पूर्वसंध्या पर रविवार को यह घोषणा करते हुए धामी ने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर तिवारी के राज्य के प्रति योगदान को सम्मानित करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पंतनगर औद्योगिक क्षेत्र का नाम उनके नाम पर रखा जा रहा है। धामी ने तिवारी को उत्तराखंड का सपूत बताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार के मंत्री के रूप में सदैव प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने जब राज्य को औद्योगिक पैकेज दिया, उस समय तिवारी ही मुख्यमंत्री थे और उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से नव सृजित उत्तराखंड में औद्योगिक विकास की नींव रखी।

# चन्नी ने कहा, सभी मामले सुलझ जाएंगे

**भाषा।** चंडीगढ़



● सोनिया को चिट्ठी लिख सिद्धू का मुद्दा उठाया

**कांग्रेस** की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सिद्धू द्वारा कुछ मुद्दों को उठाते हुए पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखी गई चिट्ठी सार्वजनिक करने के एक दिन बाद पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी ने कहा कि सभी मुद्दे सुलझा लिए जाएंगे और पार्टी का एजेंडा लागू किया जाएगा। रविवार शाम को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सिद्धू के साथ बैठक की। सिद्धू के करीबी माने जाने वाले मंत्री परगट सिंह भी वहां मौजूद लोगों में शामिल थे। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में चन्नी ने कहा, चाहे 13 सूत्रीय हो, 18 सूत्रीय हो, 21 सूत्रीय हो या 24 सूत्रीय हो, जो भी एजेंडा होगा उसे लागू किया जाएगा। कोई बिंदु छूटेगा नहीं। सिद्धू की चिट्ठी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह ठीक है कि उन्होंने (सिद्धू ने) मुद्दों को उठाया... हमें पार्टी की विचारधारा को लागू करना होगा। पार्टी सर्वोच्च है। सभी मुद्दों का समाधान किया जाएगा। सिद्धू ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के लिए पत्र लिखकर समय मांगा है। पत्र में उन्होंने कुछ मुद्दों को उठाया गया है, जिसे सरकार को पूरा करना होगा और कहा कि यह चुनावी राज्य के पुनरुत्थान और ऋणमुक्ति के लिए आखिरी मौका है। दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करने के एक दिन बाद 15 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में, सिद्धू ने पंजाब मॉडल के साथ 13-सूत्रीय एजेंडे को 2022 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र का हिस्सा बनाने की वकालत की। कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख के पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद, सिद्धू ने 15 अक्टूबर को कहा था कि उनकी चिंताओं का समाधान कर दिया गया है और पार्टी ने कहा कि वह राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में बने रहेंगे। सिद्धू ने सोनिया गांधी को पंजाब के पिछले मुख्यमंत्री को दिए गए पार्टी के 18 सूत्रीय एजेंडे की याद दिलाई और कहा कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने 2015 में बेअदबी के मामलों में न्याय, मादक द्रव्य गिरोह में बड़ी मछली की गिरफ्तारी और बिजली खरीद समझौते को खत्म करने सहित कई मुद्दों को उठाया था। सिद्धू ने अपने पत्र को ट्विटर पर पोस्ट करके सार्वजनिक किया था। इससे संकेत गया था कि वह अब भी मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली सरकार के उन मुद्दों से निपटने के तरीके से संतुष्ट नहीं हैं, जिन्हें वे हाल के दिनों में उठाते रहे हैं। चन्नी कांग्रेस के दिग्गज नेता अमरिंदर सिंह के इस्तीफा देने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। सिंह का सिद्धू के साथ टकराव चल रहा था।



जालंधर में लखीमपुर खीरी हिंसा के सिलसिले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग को लेकर किसानों द्वारा रेल रोको विरोध प्रदर्शन के दौरान ट्रेनों की आवाजाही रोकने के बाद यात्री एक प्लेटफॉर्म पर इंतजार करते दिखे

# कोविड-19 टीके के कच्चे माल के लिए आपूर्ति शृंखला को खुला रखने की जरूरत: सीतारमण

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने दुनियाभर में कोविड-19 महामारी से मुकाबले के लिए एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचा बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि टीके के कच्चे माल के लिए आपूर्ति श्रृंखला को खुला रखने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने रविवार को जी30 अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग सेमिनार में वर्चुअल तरीके से भाग लेते हुए यह बात कही। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी।

सीतारमण ने जलवायु और महामारी से सुरक्षा के लिए वित्त और प्रौद्योगिकी समाधान के समान तरीके से वितरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्रित तरीके से वित्त जुटाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने कोविड-19 महामारी से लड़ाई में एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे की जरूरत को रेखांकित करते हुए कहा कि हरित पहल को आगे बढ़ाने के लिए नए, नए वित्तीय उत्पाद लाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि नई चुनौतियों से प्रभावी तरीके से मुकाबला करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को मजबूत करने की जरूरत है। वित्त मंत्रालय ने सीतारमण के हवाले कहा कि टीके के कच्चे माल के लिए आपूर्ति श्रृंखला को खुला रखने की जरूरत है। भारत का कहना कि महामारी के बाद पैदा हुई अड़चनों से निपटने के लिए आपूर्ति श्रृंखला की जुझारू क्षमता और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संपर्क बढ़ाने की जरूरत है। बाद में वित्त मंत्री ने न्यूजर्सी में भारतीय मूल



की महिला उद्यमियों को संबोधित किया। महिला उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आर्थिक पुनरुद्धार की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया के लिए काफी अवसर हैं। सीतारमण वाशिंगटन डीसी की अपनी यात्रा के बाद शुक्रवार की देर रात यहां पहुंचीं। वाशिंगटन डीसी में उन्होंने विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों में भाग लिया। उनकी एक सप्ताह की अमेरिका यात्रा की शुरुआत बोस्टन से हुई थी, जहां उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक की और निवेशकों के साथ गोलमेज में भाग लिया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा टीका उत्पादक है। अप्रैल से भारत ने अपनी आबादी के टीकाकरण के लिए, टीकों का निर्यात रोक दिया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने पिछले महीने कहा था कि भारत टीकों की वैश्विक आपूर्ति फिर शुरू करेगा। भारत ने कहा है कि वह वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के तहत 2021 की चौथी तिमाही में अधिशेष कोविड-19 टीके का निर्यात शुरू करेगा और कोवैक्स वैश्विक पूल में अपनी प्रतिबद्धताओ को पूरा करेगा।

## आठ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री 59 प्रतिशत बढ़ी

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश के** आठ प्रमुख शहरों में चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घरों की बिक्री सालाना आधार पर 59 प्रतिशत बढ़कर 55,907 इकाई पर पहुंच गई। प्रॉपटाइगर.कॉम ने यह जानकारी दी है। पिछली यानी जून तिमाही की तुलना में सितंबर तिमाही में घरों की मांग तीन गुना बढ़ गई है।

आवास ब्रोकरेज कंपनी प्रॉपटाइगर.कॉम ने कहा है कि महामारी की दूसरी लहर के बाद संपत्ति बाजार में अब सुधार हो रहा है। पिछले साल जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री 35,132 इकाई और इस साल जून तिमाही में 15,968 इकाई रही थी। यह विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की आवास बिक्री पर चौथी तिमाही रिपोर्ट है। सभी रिपोर्ट दर्शाती हैं कि जुलाई-सितंबर में घरों की बिक्री सालाना और तिमाही आधार पर बढ़ी है। हाउसिंग.कॉम, प्रॉपटाइगर.कॉम और मकान.कॉम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ध्रुव अग्रवाल ने कहा, निचली ब्याज दरों, आवासीय संपत्तियों की कीमतों में कमी तथा कोविड महामारी के बीच अपना घर खरीदने की अवधारणा से बिक्री में सुधार हुआ है। प्रॉपटाइगर के अनुसार जुलाई-सितंबर तिमाही में अहमदाबाद में घरों की बिक्री 64 प्रतिशत बढ़कर 5,483 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहे समान अवधि में 3,339 इकाई रही थी। बेंगलुरु में यह 36 प्रतिशत बढ़कर 4,825 इकाई से 6,547 इकाई पर पहुंच गई। चेन्नई में घरों की बिक्री दोगुना होकर 4,665 इकाई पर पहुंच गई। वहीं दिल्ली-एनसीआर के बाजार में घरों की बिक्री 4,458 इकाई पर लगभग स्थिर रही। पिछले साल समान अवधि में यहां घरों की बिक्री 4,427 इकाई रही थी। हैदराबाद में घरों की बिक्री दोगुना होकर 7,812 इकाई रही।

## क्विक न्यूज

### एनएबी संरक्षण का किसान उत्पादक संगठनों के लिए ऋण गारंटी कोष को सरकार के साथ करार

**मुंबई।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की अनुषंगी एनएबी संरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लि. (एनटीपीएल) और केंद्र सरकार ने सोमवार को किसान उत्पादक संगठनों के लिए 1,000 करोड़ रुपए के ऋण गारंटी कोष न्यास को लेकर समझौते (ट्रस्ट डीड) पर हस्ताक्षर किए। ऋण गारंटी कोष सरकार की देश में 10,000 किसान उत्पादक संगठनों के गठन और उन्हें बढ़ावा देने की योजना का हिस्सा है। नाबार्ड ने एक बयान में कहा, एक हजार करोड़ रुपए का यह कोष किसान उत्पादक संगठनों के लिए कर्ज गारंटी फंड (सीजीएफएफपीओ) के अंतर्गत रहेगा और इसका जिम्मा एनएबी संरक्षण ट्रस्टी प्राइवेट लि. संभालेगी। ऋण गारंटी उपलब्ध कराने के लिए सीजीएफएफपीओ कृषि और संबद्ध क्षेत्र में दूसरा न्यास है। न्यास के जरिए दी जाने वाली कर्ज गारंटी से एफपीओ की साख में वृद्धि होगी। इसके अलावा उत्पादन और उत्पादकता को लागत प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। अंततः इससे एफपीओ से जुड़े सदस्य किसानों की आय बढ़ेगी।

### सेबी के हालिया बदलावों से संबद्ध पक्ष लेनदेन के नियम सख्त होंगे : फिच

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि बाजार नियामक सेबी द्वारा हाल में किए गए बदलावों से संबद्ध-पक्ष लेनदेन को नियंत्रित करने वाले नियम सख्त होंगे और सूचीबद्धता को समाप्त करने की प्रक्रिया आसान होगी। फिच ने कहा कि संबद्ध-पक्ष लेनदेन के संशोधित नियमों से जांच की गुंजाइश बढ़ेगी और बड़े शेयरधारकों, जो अक्सर संस्थापक परिवार या प्रवर्तक होते है, द्वारा अल्पांश शेयरधारकों की मंजूरी के बिना ऐसे लेनदेन करने की क्षमता सीमित होगी। इस फैसले से सूचीबद्ध कंपनियों के कॉरपोरेट प्रशासन को मजबूती मिलेगी। फिच रेटिंग्स ने एक बयान में कहा, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए हालिया बदलावों से संबद्ध-पक्ष लेनदेन (आरपीटी) को नियंत्रित करने वाले नियम कड़े होंगे और सूचीबद्धता को हटाने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा।

### सरकार को चालू वित्त वर्ष में पांच केंद्रीय लोक उपक्रमों से लगभग 814 करोड़ रुपए लाभांश मिले

**नई दिल्ली।** सरकार ने पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी), हुडको और ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) समेत पांच केंद्रीय लोक उपक्रमों से चालू वित्त वर्ष में लाभांश किस्त के रूप में करीब 814 करोड़ रुपए प्राप्त किए है। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडे ने सोमवार को यह कहा। पांडेय ने ट्विटर पर लिखा है, पीएफसी और हुडको (हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड) से क्रमशः 296 करोड़ रुपए और 233 करोड़ रुपए लाभांश किस्तें मिली हैं। इसके अलावा ओआईएल, केआईओसीएल और एसजेवीएन ने क्रमशः 92 करोड़ रुपए, 99 करोड़ रुपए और 94 करोड़ रुपए लाभांश किस्ते दी है। दीपम की वेबसाइट के अनुसार चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च) में अबतक सरकार को केंद्रीय लोक उपक्रमों से लाभांश के रूप में 8,096 करोड़ रुपए मिले है। इसके अलावा, 9,110 करोड़ रुपए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर जुटाए गए है।

### निर्यात अक्टूबर के पहले पखवाड़े में 40.5 प्रतिशत बढ़कर 15.13 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात इस महीने एक से 14 अक्टूबर के दौरान 40.5 प्रतिशत बढ़कर 15.13 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रारंभिक आंकडे के अनुसार मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग और रसायन क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से निर्यात बढ़ा है। इस दौरान आयात 60.72 प्रतिशत बढ़कर 14.82 अरब डॉलर रहा। देश का वस्तु निर्यात सितंबर महीने में सालाना आधार पर 22.63 प्रतिशत बढ़कर 33.79 अरब डॉलर रहा। हालांकि इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर रिकार्ड 22.59 अरब डॉलर पहुंच गया। जिन क्षेत्रों का प्रदर्शन बेहतर रहा है, उनमें कॉफी, काजू, पेट्रोलियम उत्पाद, हथकरघा, इंजीनियरिंग, रसायन, मानव निर्मित धागे । कपड़े, रत्न एवं आभूषण, प्लास्टिक और समुद्री उत्पाद शामिल है। निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान सालाना आधार पर 57.53 प्रतिशत बढ़कर 197.89 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह यह 125.62 अरब डॉलर था।

### महानदी कोलफील्ड्स ने 5.47 लाख टन कोयला आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई महानदी कोलफील्ड्स लि. (एमसीएल) ने रविवार को उपभोक्ताओं को 5.47 लाख टन कोयले की आपूर्ति की। एक पखवाड़े के भीतर ही कंपनी ने अपने 5.45 लाख टन की आपूर्ति के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। देश के बिजली संयंत्रों में कोयला संकट के बीच यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एमसीएल ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने उपभोक्ताओं को सबसे अधिक 103 रैक कोयले की आपूर्ति की। इसमें 65 रैक तालचर कोयला क्षेत्र से आए थे और 38 ओडिशा के आईबी वैली क्षेत्र के थे। एमसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी के सिन्हा ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, कोल इंडिया और एमसीएल हमेशा चुनौतियों का सामना करने में आगे रही है। हम देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक नई उपलब्धि हासिल की है।

### लॉजिस्टिक्स सेवाओं के मामले में जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने को प्रतिबद्ध : डीपी वर्ल्ड

**श्रीनगर।** प्रमुख लॉजिस्टिक कंपनियों में से एक डीपी वर्ल्ड दुबई ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर की वास्तविक व्यावसायिक क्षमता को उभारने के लिए लॉजिस्टिक सेवाओं के मामले में उसे शेष भारत और दुनिया से जोड़ने को प्रतिबद्ध है। डीपी वर्ल्ड दुबई के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुल्तान अहमद बिन सुलाएम ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम जानते है कि यह कैसे करना है, हम बाधाओं को जानते है। सुलाएम ने कहा कि उनकी फर्म द्वारा किया गया निवेश मेक इन इंडिया पहल का हिस्सा होगा और कश्मीर से निकले कई उत्पाद दुनिया तक पहुंचेंगे। उन्होंने विश्व स्तर पर बाजार हासिल करने की क्षमता रखने वाले उत्पादों के बारे में बात करते हुए कहा, यह देश सुंदर है और इस क्षेत्र में विशाल संभावनाएं है। कालीन जैसे कई उत्पाद है जो मैने देखे है, जो दुनिया में सबसे अच्छे है, कृषि उत्पाद भी है। सुलाएम ने कहा कि समस्या यह है कि उत्पादों को बाजार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उन्हे बताया गया है कि श्रीनगर हवाईअड्डा 23 अक्टूबर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होने जा रहा है जो एक बडे लाभ की बात है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि दुबई सरकार और जम्मू-कश्मीर सरकार ने एक समझौता किया है, जो केंद्र शासित प्रदेश को औद्योगिकीकरण और सतत विकास में नई ऊंचाइयों को छूने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, आज केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। जम्मू-कश्मीर के अभूतपूर्व विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का हार्दिक आभार। यह समझौता ज्ञापन आत्मानिर्भर जम्मू-कश्मीर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## भारत ने ओपेक से कहा, तेल की ऊंची कीमतें वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को नुकसान पहुंचाएंगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**दुनिया के** तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता भारत ने सऊदी अरब और ओपेक (तेल निर्यातक देशों के संगठन) के अन्य सदस्य देशों से कहा कि तेल की ऊंची कीमतें दुनिया में आर्थिक पुनरुद्धार को नुकसान पहुंचाएंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि ओपेक को तेल की कीमतें वाजिब स्तर पर रखनी चाहिए। इस साल मई से कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी शुरू होने के बाद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं।

अधिकारी ने कहा कि भारत ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और अन्य तेल उत्पादकों से कहा कि तेल की ऊंची कीमत के कारण वैकल्पिक ईंधन को अपनाने की गति बढ़ेगी और इससे तेल उत्पादकों को नुकसान पहुंच सकता है। भारत पश्चिम एशिया से अपनी तेल जरूरतों का लगभग दो-तिहाई आयात करता है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, तेल की कीमतों को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच हितों का संतुलन बनाना पड़ता है। अभी ए वास्तव में बहुत ज्यादा हैं, क्योंकि आपूर्ति की तुलना में मांग अधिक है। कोविड-19 महामारी पर काबू पाने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें पिछले साल अप्रैल में 19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई थीं। हालांकि, अर्थव्यवस्थाओं के खुलने के साथ ही मांग में तेजी से सुधार हुआ और अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड तब से बढ़कर 85.67 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। अधिकारी ने कहा कि तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल के हफ्तों में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, अमेरिका, रूस और बहरीन को तेल की ऊंची कीमतों के मुद्दे से अवगत कराया है। पुरी ने ओपेक के महासचिव, सऊदी अरब और अन्य देशों में अपने पेट्रोलियम मंत्रियों के साथ बैठकों में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव को लेकर भारत की गंभीर चिंताओं के बारे में बताया।

## एयर इंडिया की बिक्री एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी: आईएमएफ अधिकारी

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया की बिक्री भारत के निजीकरण के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। टाटा समूह घाटे में चल रही एयर इंडिया के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा है, और इस संबंध में समूह को 11 अक्टूबर को एक आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया था। आईएमएफ-एसटीआई क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक और आईएमएफ इंडिया मिशन के पूर्व प्रमुख अल्फ्रेड शिपके ने कहा कि एक साक्षात्कार में कहा, हम एयर इंडिया की बिक्री के लिए हालिया समझौते का स्वागत करते हैं, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे पहले इसी महीने सरकार ने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी की इकाई टैलेस प्राइवेट लि. की एयर इंडिया के लिए पेशकश को स्वीकार कर लिया था। इसके लिए टाटा द्वारा 2,700 करोड़ रुपए का नकद भुगतान किया जाएगा, जबकि वह एयरलाइन का 15,300 करोड़ रुपए का कर्ज भी लेगी।



अहमदाबाद में दिवाली त्योहार पर बिक्री के लिए दीया बनातीं दृष्टिबाधित महिलाएं

## राजस्थान सरकार मेहसाणा-बठिंडा गैस पाइपलाइन के साथ औद्योगिक विकास को गति देगी: मीणा

**जयपुर।** राजस्थान सरकार मेहसाणा-बठिंडा गैस पाइपलाइन परियोजना के साथ औद्योगिक विकास को सुविधाजनक बनाने और गति देने की योजना बना रही है। इसके इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। मेहसाणा-बठिंडा गैस पाइपलाइन लगभग 1,650 किमी के कुल क्षेत्रफल में फैली हुई है। गैस पाइपलाइन गुजरात में 47 किलो मीटर, राजस्थान में 1,334 किमी, हरियाणा के 200 किमी और पंजाब में 66 किलो मीटर गुजर रही है। राजस्थान के उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि गैस पाइपलाइन परियोजना के तहत रीको ने सिरेमिक, ग्लास, मेटल कास्टिंग, टेक्सटाइल जैसे उद्योगों की 14 श्रेणियों की पहचान की है। इसके कारण विभाग ने राज्य में कुछ सिरेमिक संकुल पहले ही विकसित कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, हम अब और अधिक औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने की योजना बना रहे हैं। इससे प्राकृतिक गैस का उपयोग करने वाले उद्योगों में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। मीणा ने कहा कि राज्य के अलवर और आसपास के जिले में प्राकृतिक गैस उपलब्ध है।

## शेयर बाजारों में लगातार सातवें दिन तेजी, सेंसेक्स, निफ्टी का नया रिकॉर्ड

**भाषा।** मुंबई

**शेयर बाजारों** में तेजी का सिलसिला सोमवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में भी जारी रहा। बैंक, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से सेंसेक्स 460 अंक और मजबूत होकर अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। हालांकि, फार्मा और वाहन कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली का सिलसिला चला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 61,963.07 अंक तक गया। अंत में यह 459.64 अंक या 0.75 प्रतिशत के लाभ से 61,765.59 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 138.50 अंक या 0.76 प्रतिशत के लाभ से 18,477.05 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। कारोबार के दौरान यह 18,543.15 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर



तक गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर सबसे अधिक 4.4 प्रतिशत चढ़ गया। टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, मारुति, एसबीआई और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, डॉ. रेड्डीज, एशियन पेंट्स, बजाज ऑटो, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर वैश्विक रुख और चीन के सकल घरेलू उत्पाद के निराशाजनक आंकड़ों के बावजूद भारतीय बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गए। जुलाई-सितंबर की तिमाही में चीन की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई है। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के इक्विटी शोध (बुनियादी) प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा कि शुरुआती आंकड़ों से पता चलता कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पुनरुद्धार की राह पर है। इससे बाजार की धारणा मजबूत बनी हुई है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप में 0.95 प्रतिशत तक का लाभ रहा। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में नुकसान रहा। हांगकांग का हैंगसेंग लाभ के साथ बंद हुआ। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार भी नुकसान में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0.82 प्रतिशत बढ़कर 85.56 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया नौ पैसे टूटकर 75.35 प्रति डॉलर पर आ गया।

## 2021 के पहले सात महीनों में चाय का निर्यात 14 प्रतिशत घटा

**कोलकाता।** भारत से चाय के निर्यात में 2021 के पहले सात महीनों में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग 14.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से जुलाई-2021 के दौरान चाय का कुल निर्यात 10 करोड़ 7.8 लाख किलोग्राम का हुआ, जबकि वर्ष 2020 की समान अवधि में 11 करोड़ 75.6 लाख किलोग्राम का निर्यात किया गया था। हालांकि, सीआईएस ब्लॉक दो करोड़ 41.4 लाख किलोग्राम के साथ चाय सबसे बड़ा आयातक बना रहा। हालांकि, यह पिछले साल की समान अवधि के तीन करोड़ 5.3 लाख किलोग्राम के आयात से कम है। प्रतिबंधों के कारण ईरान को निर्यात में काफी कमी आई थी, लेकिन उसने इस साल के पहले सात महीनों में एक करोड़ 26.3 लाख किलोग्राम का आयात किया, जो वर्ष 2020 की समान अवधि में 2.1 करोड़ किलोग्राम था। चीन को निर्यात भी वर्ष 2020 के पहले सात महीनों के 57.4 लाख किलोग्राम से कम यानी 32.9 लाख किलोग्राम का रहा।

## कोविड-19 के बीच ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं का उचित समाधान निकाला जाएगा: ठाकरे

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण राज्य में ट्रांसपोर्टरों (परिवाहकों) को हो रही विभिन्न समस्याओं का उचित समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों की वित्तीय समस्याओं के हल का भी भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने यहां सह्याद्री अतिथि गृह में महाराष्ट्र राज्य ट्रक, टेंपो, टैंकर और बस परिवहन महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। उन्होंने राज्य के वित्त, परिवहन और पुलिस विभागों को ट्रांसपोर्टरों की विभिन्न मांगों का उपयुक्त समाधान खोजने के निर्देश भी दिए। परिवाहकों के प्रतिनिधिमंडल ने वार्षिक मोटर वाहन कर और व्यापार कर से छूट, यात्रियों को स्कूलों और धार्मिक स्थलों पर ले जाने वाले वाहनों पर वाहन कर की पूरी छूट और राज्य भर में वाहनों और बसों के लिए पार्किंग स्थल के प्रावधान सहित विभिन्न



मांगों को रखा।

ठाकरे ने कहा कि शहरी विकास विभाग को शहरों में बसों और ट्रकों की पर्याप्त पार्किंग की आवश्यकता के बारे में सूचित किया जाएगा और इसके लिए स्थानों की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न जांच चौकियों पर ट्रॉमा केयर सेंटर स्थापित करने की योजना बनाने को भी कहा। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि राज्य में कोविड-19 के कारण वित्तीय संकट का सामना कर रहे परिवाहकों के मामले में तुरंत एक उचित समाधान निकाला जाएगा।

# पेज एक का शेष

## लखीमपुर खीरी मामले...

आज पकड़े गए आरोपियों से विशेष जांच दल पूछताछ कर रहा है। ज्ञातव्य है कि लखीमपुर खीरी जिले के तिकोनिया क्षेत्र में पिछली तीन अक्टूबर को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के पैतृक गांव जा रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे किसानों पर कथित रूप से गाड़ी चढ़ाए जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। इस वारदात में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे आशीष तथा 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सीबीएसई 10वीं, 12वीं टर्म-1 ...

नौ दिसंबर को हिंदी पाठ्यक्रम ए और बी और 11 दिसंबर को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। कक्षा 12वीं के परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, पहली परीक्षा समाजशास्त्र (एक दिसंबर) को होगी, उसके बाद तीन दिसंबर को अंग्रेजी कोर, छह दिसंबर को गणित, सात दिसंबर को शारीरिक शिक्षा, आठ दिसंबर को व्यावसायिक अध्ययन, नौ दिसंबर को भूगोल और 10 दिसंबर को भौतिकी की परीक्षा होगी। मनोविज्ञान की परीक्षा 11 दिसंबर को, 13 दिसंबर को एकाउंटेंसी, 14 दिसंबर को रसायन विज्ञान, 15 दिसंबर को अर्थशास्त्र, 16 दिसंबर को हिंदी कोर और ऐच्छिक, 17 दिसंबर को राजनीति विज्ञान, 18 दिसंबर को जीवविज्ञान, 20 दिसंबर को इतिहास, 21 दिसंबर को इंफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस और कंप्यूटर साइंस और 22 दिसंबर को गृह विज्ञान की परीक्षा होगी। सीबीएसई ने पिछले सप्ताह कहा था कि कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए पहले टर्म की बोर्ड परीक्षा नवंबर-दिसंबर में ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। भारद्वाज ने कहा, परीक्षा वस्तुनिष्ठ होगी और प्रत्एक प्रश्नपत्र को हल करने के लिए छात्रों के पास 90 मिनट (डेढ़ घंटा) का समय होगा। परीक्षा सर्दियों के कारण सुबह 10:30 के स्थान पर 11:30 से शुरू होगी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं...

और इसे सुबह चार बजकर 10 मिनट पर बुझा दिया गया। किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई खबर नहीं है। कोमिला इलाके में दुर्गापूजा के एक पंडाल में कथित ईशनिंदा के बाद फैले सांप्रदायिक तनाव के कारण आग लगाने की घटना हुई है। पिछले हफ्ते कोमिला इलाके में हुई घटना के कारण हिंदू मंदिरों पर हमले किए गए और कोमिला, चांदपुर, चटग्राम, कॉक्स बाजार, बंदरबन, मौलवीबाजार, गाजीपुर, फेनी सहित कई जिलों में पुलिस और हमलावरों के बीच संघर्ष हुए। खबर में बताया गया कि हमलों एवं सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने को लेकर कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## उत्तराखंड में बारिश से...

अलर्ट के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर राज्य में भारी बारिश से बचाव के लिए की जा रही तैयारियों के विषय में जानकारी ली। इस दौरान शाह ने मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार द्वारा राज्य को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के चारधाम क्षेत्रों में होने के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ठहराए जाने के निर्देश दिए जिसके बाद श्रद्धालुओं को यात्रा पड़ावों में ही रोक लिया गया। दशहरा के बाद सप्ताहांत की छुट्टियों के कारण इस समय प्रदेश में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आए हुए हैं।

## हरियाणा में 76.3 प्रतिशत...

सीरो सर्वेक्षण का एक और दौर आयोजित करने का निर्णय लिया है। विशेष बात यह है कि पुरुषों में 75.3 प्रतिशत और महिलाओं में 77.1 प्रतिशत सीरो-पॉजिटिविटी दर्ज की गई है। इसके अलावा टीकाकरण कराने वाले लोगों में पॉजिटिविटी दर 81.6 और टीका नहीं लगवाने वालों में यह दर 75.5 फीसदी दर्ज की गई। सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि कुल 57.08 प्रतिशत प्रतिभागियों को कोविड-19 का टीका लगाया गया था, जिनमें से 52.6 प्रतिशत पुरुष, 47.3 प्रतिशत महिलाएं और 0.07 प्रतिशत ट्रांसजेंडर थे। इनमें कोविशील्ड का 91.1 प्रतिशत को जबकि कोवैक्सीन का टीका 7.4 लोगों को टीका लगाया गया था। राज्य में अब तक लगभग 2.47 करोड़ लोगों को टीका लगाया जा चुका है। सर्वेक्षण के लिए राज्य के सभी जिलों से कुल 36,520 नमूने एकत्र किए गए और सभी नमूनों का परीक्षण जिला सिविल अस्पताल, पंचकूला की प्रयोगशाला में किया गया।

## दो टीकों का मिश्रण कोरोना ...

राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीके लगाने वाले भारत की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन स्वीडन की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी- राष्ट्रीय स्वास्थ्य और कल्याण बोर्ड और सांख्यिकी स्वीडन के राष्ट्रव्यापी रजिस्ट्री डेटा पर आधारित है। चूंकि कोविड-19 के खिलाफ एस्ट्राजेनेका के वेक्टर-आधारित टीके का उपयोग 65 वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिए सुरक्षा चिंताओं के कारण रोक दिया गया था, स्वीडन में सभी व्यक्तियों को, जिन्हें पहले ही इस टीके की पहली खुराक मिल चुकी थी, उन्हें अपने दूसरे के रूप में एमआरएनए वैक्सीन लगाई गई। स्वीडन के उमिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पीटर नॉर्डस्ट्रॉम ने कहा कि कोई भी स्वीकृत टीका लगवाना टीका नहीं लगवाने से बेहतर है और दोनों खुराक ले लेना, एक खुराक से बेहतर है। नॉर्डस्ट्रॉम ने कहा कि हालांकि हमारा अध्ययन उन लोगों के लिए अधिक जोखिम में कमी दिखा रहा है, जिन्होंने वेक्टर-आधारित की पहली खुराक लेने के बाद दूसरी खुराक में एमआरएनए टीका लगवाया, जबकि दोनों खुराक में वेक्टर-आधारित टीका लगवाने वालों में जोखिम में उतनी कमी नहीं दिखी। मुख्य विश्लेषण में लगभग 700,000 लोगों को शामिल किया गया था।

## प्रधानमंत्री कल करेंगे कुशीनगर...

सहयोग से बनाया था। इस हवाईअड्डे पर टर्मिनल भवन व्यस्त समय के दौरान 300 यात्रियों को संभालने में सक्षम है। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन तीर्थयात्रा या धार्मिक पर्यटन में रुचि रखने वाले भारतीयों और विदेशियों के लिए समर्पित ट्रेनों द्वारा शहर को अन्य बौद्ध स्थलों से जोड़ा जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी प्रधानमंत्री के साथ हवाई अड्डे के उद्घाटन में मौजूद रहेंगे। इस हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद बौद्ध सर्किट के लुंबिनी, बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, राजगीर, संकिसा और वैशाली की यात्रा कम समय में पूरी की जाएगी। कोरोनावायरस महामारी के कारण पिछले साल 23 मार्च से भारत में अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। लेकिन वंदे भारत मिशन के तहत मई 2020 से और जुलाई 2020 से लगभग 28 देशों के साथ द्विपक्षीय एयर बबल व्यवस्था के तहत विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी परिनिर्वाण स्तूप का भी दौरा करेंगे, जहां दशकों की मिशनरी गतिविधि के बाद भगवान बुद्ध का कुशीनगर में 487 ईसा पूर्व में निधन हो गया था।

## लॉकडाउन के बाद पहली...

भारत का दैनिक घरेलू हवाई यातायात लगभग 4.25 लाख यात्रियों का था। महामारी ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया था क्योंकि केंद्र ने राष्ट्रीय तालाबंदी के बाद 25 मार्च, 2020 से 25 मई, 2020 तक सभी निर्धारित घरेलू उड़ानों को निलंबित कर दिया था। सिंधिया ने पूर्वोत्तर भारत के हवाई संपर्क का विस्तार करने वाले छह मार्गों को नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री, जनरल डॉ. वीके सिंह (सेवानिवृत्त) नागरिक उड्डयन सचिव राजीव बंसल के साथ हरी झंडी दिखाई। सोमवार से परिचालन शुरू करने वाले मार्ग हैं कोलकाता-गुवाहाटी, गुवाहाटी-आइजोल, आइजोल-शिलांग, शिलांग-आइजोल, आइजोल-गुवाहाटी और गुवाहाटी-कोलकाता हैं। इस अवसर पर सिंधिया ने कहा कि पूर्वी भारत अद्भुत हरी-भरी घाटियों, पहाड़ी धाराओं, हरे भरे जंगलों, विशाल चाय बागानों, बर्फ से ढकी पर्वत चोटियों, विशाल नदियों, आदिवासी संस्कृति, अपने रंगीन मेलों और त्योहारों के साथ पर्यटकों को लुभाता है। ये उड़ानें प्रकृति प्रेमियों, यात्रियों, पर्यटकों के लिए एक सहज प्रवेश द्वार और सुगम हवाई पहुंच का विकल्प खोलेगी। जब सरकार ने 25 मई, 2020 को घरेलू सेवाओं को फिर से शुरू किया, तो उसने एयरलाइनों को अपनी पूर्व-कोविड घरेलू उड़ानों में से केवल 33 प्रतिशत संचालित करने की अनुमति दी। समय के साथ यह क्षमता धीरे-धीरे बढ़ती गई। अंततः, 12 अक्टूबर को, केंद्र ने घोषणा की कि एयरलाइंस 18 अक्टूबर से बिना किसी क्षमता प्रतिबंध के घरेलू उड़ानें संचालित कर सकती हैं।

# भारत ने पहला अभ्यास मैच जीता

टी-20 विश्व कप

## ●इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी

भाषा। दुबई

**टीम** इंडिया ने पहले वार्म अप मैच में इंग्लैंड को सात विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले खेलते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 188 का स्कोर बनाया था। टीम के लिए जॉनी बेयरस्टो (49) टॉप स्कोरर रहे, जबकि भारत के लिए मोहम्मद शमी के खाते में 3 विकेट आई। 189 रनों के टारगेट को भारतीय टीम ने तीन विकेट खोकर 19 ओवर में हासिल कर लिया। टीम की जीत में ईशान किशन ने शानदार बैटिंग करते हुए 70 रनों की पारी खेली। केएल राहुल के बल्ले से भी 51 रन देखने को मिले। टारगेट का पीछा करते हुए टीम इंडिया की बढ़िया शुरुआत देखने को मिली। पहले विकेट के लिए केएल राहुल और ईशान किशन ने 50 गेंदों पर 82 रन जोड़े। शानदार लय में नजर आ रहे राहुल ने 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर वह आउट होकर पवेलियन लौट गए।

उनकी विकेट मार्क वुड ने चटकाई। कप्तान कोहली (11) ने निराश किया और उनकी विकेट लिविंगस्टोन के खाते में आई। सूर्यकुमार यादव (8) पर आउट हुए। इंग्लैंड के खिलाफ ईशान किशन को रोहित शर्मा के स्थान पर ओपनिंग करने का मौका मिला और उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए सिर्फ 46 गेंदों पर 70 रनों की नाबाद पारी खेली। ईशान रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर लौटे। ईशान फिलबाल बहुत ही बढ़िया फॉर्म में हैं और पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच के लिए उन्होंने अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।

टॉस हारकर पहले खेलते हुए इंग्लैंड ने बढ़िया खेल दिखाया। पहले विकेट के लिए जेसन रॉय और कप्तान जोस बटलर ने 36 रन जोड़े। इस साझेदारी को मोहम्मद शमी ने बटलर (18) को आउट कर तोड़ा। अगले ही ओवर में उन्होंने रॉय (17) का विकेट लेकर इंग्लैंड को दूसरा झटका पहुंचाया। भारत को तीसरी कामयाबी राहुल चाहर ने डेविड मलान (18) को बोल्ड कर दिलाई। अब टीम का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 77 रन था। इंग्लैंड की पारी को संभालने का काम जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन ने किया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। इस पार्टनरशिप को शमी ने लिविंगस्टोन (30) को आउट कर तोड़ा। जॉनी बेयरस्टो (49) की विकेट जसप्रीत बुमराह ने चटकाई। इंग्लैंड ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 188 का स्कोर बनाया।।

**स्कोर बोर्ड**

इंग्लैंड : जैसन रॉय का बुमराह बो शमी 17, जोस बटलर बो शमी 18, डाविड मलान बो राहुल चाहर 18, जॉनी बेयरस्टॉ बो बुमराह 49, लियाम लिविंगस्टोन बो शमी 30, मोईन अली नाबाद 43, क्रिस वोक्स नाबाद 12
अतिरिक्त (लेग बाई 02, वाइड 08, नोबॉल 02) 12
कुल (20 ओवर में, पांच विकेट पर) 188
विकेट पतन : 1-36, 2-47, 3-77, 4-129, 5-163
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-54-0, बुमराह 4-0-26-1, शमी 4-0-40-3, अश्विन 4-0-23-0, राहुल चाहर 4-0-43-1
भारत: केएल राहुल का मोईन बो वोक्स 51, इशान किशन रिटायर्ड नाबाद 70, विराट कोहली का राशिद बो लिविंगस्टोन 11, ऋषभ पंत नाबाद 29, सूर्यकुमार यादव का बटलर बो विली 08, हार्दिक पंड्या नाबाद 16
अतिरिक्त (लेग बाई 01, नोबॉल 02, वाइड 04) 07
कुल (19 ओवर में, तीन विकेट पर) 192
विकेट पतन: 1-82, 2-125, 3-168
गेंदबाजी: विली 3-0-16-1, वोक्स 4-0-40-0, वुड 2-0-22-1, जोर्डन 3-0-39-0, मोईन 2-0-28-0, राशिद 3-0-36-0, लिविंगस्टोन 2-0-10-1


मो.शमी ने शानदार गेंदबाजी करके तीन विकेट चटकाए

## श्रीलंका ने नामीबिया को सात विकेट से हराया

**अबुधाबी**। अपना दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेल रहे महीश थीक्षना और वानिंदु हसरंगा की शानदार फिरकी गेंदबाजी के बाद भानुका राजपक्षे (नाबाद 42) और अविष्का फर्नांडो (नाबाद 30) की 74 रन की अटूट साझेदारी से श्रीलंका ने नामीबिया के खिलाफ सात विकेट की शानदार जीत दर्ज की। नामीबिया को 19.3 ओवर में 96 रन पर आउट करने के बाद श्रीलंका ने महज 13.3 ओवर में तीन विकेट पर 100 बनाकर टूर्नामेंट के शुरूआती चरण के ग्रुप ए मैच में जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच थीक्षना ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन जबकि हसरंगा ने इतने ही ओवर में 24 रन देकर दो विकेट झटके। लाहिरु कुमारा ने भी 3.3 ओवर में सिर्फ नौ रन खर्च कर दो सफलता हासिल की। चमिका करूणारत्ना और दुश्मंता चमीरा को एक-एक सफलता मिली। नामीबिया के लिए क्रेग विलियम्स (29) और कप्तान एरार्ड इरास्मस (20) ही कुछ अच्छी बल्लेबाजी कर सके।

# रोहित और राहुल पारी का आगाज करेंगे: कोहली

भाषा। दुबई

**भारतीय** कप्तान विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि वह आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टी-20 विश्व कप में पारी की शुरुआत करने के बजाय तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि लोकेश राहुल और रोहित शर्मा सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे।

कोहली 24 अक्टूबर को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती छह बल्लेबाजों के बारे में पूछे जाने पर साफ तौर पर कुछ कहने से बचते दिखे। कोहली ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच से पहले टॉस के समय कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) से पहले चीजें अलग थीं, अब शीर्ष क्रम पर लोकेश राहुल के अलावा किसी और को देखना मुश्किल है। उस स्थान के लिए रोहित के बारे में दिमाग लगाने की जरूरत नहीं है। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मैं तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा। अभी यही एक खबर है जो टूर्नामेंट से पहले मैं आपको दे सकता हूं। राहुल ने आईपीएल में पारी का आगाज करते हुए 628 रन बनाए थे और 30 छक्के लगाए थे। वह टूर्नामेंट के तीसरे सर्वोच्च स्कोरर थे। कोहली ने कहा कि पहले मैच (पाकिस्तान के खिलाफ) को लेकर हमारी योजना लगभग तैयार है। इन दो अभ्यास मैचों का मकसद सभी को मैदान में उतरने का समय देना है क्योंकि वे एक छोटे से ब्रेक के बाद खेल शुरू करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हम इन मैचों में जितना संभव हो सके उतना अधिक खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं। हमारी कोशिश एक टीम के तौर पर कुछ ऊर्जा और लय हासिल करने की है। हम आईपीएल में अलग-अलग टीमों में थे। आईपीएल काफी प्रतिस्पर्धी था लेकिन कोहली ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम से बड़ा कुछ भी नहीं है।

# कैंफर और एडेयर के तूफान में उड़ा नीदरलैंड

अभ्यास मैच

भाषा। अबुधाबी

**तेज** गेंदबाजों कर्टिस कैंफर और मार्क एडेयर की तूफानी गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर आयरलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्व कप के पहले दौर के ग्रुप बी मैच में नीदरलैंड को सात विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। नीदरलैंड के 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड ने गैरेथ डेलानी (29 गेंद में 44 रन, पांच चौके दो छक्के) और सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (39 गेंद में नाबाद 30, एक चौका, एक छक्का) के बीच तीसरे विकेट की 59 रन की साझेदारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 107 रन बनाकर जीत दर्ज की।

कैंफर (26 रन पर चार विकेट) ने इससे पहले लगातार चार गेंद पर चार विकेट चटकाए जबकि एडेयर ने नौ रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। जोश लिटल ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 14 रन देकर एक विकेट चटकाया।

कैंफर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चार गेंद में चार विकेट चटकाने वाले तीसरे गेंदबाज बने। इससे पहले आफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने आयरलैंड के खिलाफ 2019 में जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने भी 2019 में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ यह कारनामा किया था। आयरलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडोड (51) के अलावा कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेला पाया। उनके अलावा कप्तान पीटर सीलार (21) ही 20 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड की टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने मैच की तीसरी गेंद पर ही बेन कूपर (00) का विकेट गंवा दिया जो रन आउट हुए। ओडोड ने जोश लिटल पर पारी का पहला चौका जड़ा और फिर सिमी सिंह की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। बेस डि लीडे (07) ने लिटल पर चौका जड़ा।


कैंफर ने शानदार गेंदबाजी करके चार विकेट चटकाए

## द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 41 रन से पराजित किया

**अबुधाबी**। एडेन मार्कराम की 48 रन की पारी के बाद तबरेज शम्सी (18 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने अभ्यास मैच में अफगानिस्तान पर 41 रन की बड़ी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 20 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाने के बाद अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 104 रन ही बनाने दिए। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (07) के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मार्कराम ने 35 गेंद की पारी में दो चौके और दो छक्के लगाए। उन्हें सलामी बल्लेबाज और कप्तान तेम्बा बावुमा का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की। बावुमा ने 39 गेंद में 31 रन की पारी में दो चौके लगाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए रासी वान डेर डुसेन से 21 और डेविड मिलर ने आखिरी ओवर में 10 गेंद में नाबाद 20 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने गेंदबाजी नहीं की। मुजीब उर रहमान ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट लिए। कप्तान मोहम्मद नबी और नवीन उल हक ने एक-एक विकेट लिए।

# टी-20 विश्व कप कैरियर की सबसे बड़ी जिम्मेदारी

भाषा। दुबई



**भारत** के स्टार हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या का मानना है कि टी-20 विश्व कप उनके कैरियर की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि लाइफ कोच और भाई महेंद्र सिंह धोनी की गैर मौजूदगी में एक फिनिशर के तौर पर सारा भार उनके कंधों पर होगा।

पंड्या ने अपने जीवन की कई चुनौतियों और धोनी के साथ असाधारण तालमेल पर बात की। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले धोनी के बिना भारत का यह पहला टी-20 विश्व कप है। भारत को पहले मैच में 24 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलना है। धोनी को टूर्नामेंट के लिए टीम का मेंटर बनाया गया है। पंड्या ने कहा कि यह कैरियर की सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि इस बार महेंद्र सिंह धोनी नहीं है। सब कुछ मेरे कंधों पर है। मैं इसी तरह से सोचता हूं क्योंकि इससे मेरे लिए चुनौती बढ जाती है। यह रोमांचक टूर्नामेंट होगा। धोनी के बारे में उन्होंने कहा कि हालात अनुकूल नहीं होने पर , परेशानी में या खुद को समझने के लिए वह धोनी के पास जाते हैं। उन्होंने कहा कि एमएस मुझे शुरू ही से समझते आए हैं। मैं कैसे काम करता हूं या मैं कैसा इंसान हूं।

# टी-20 विश्व कप की परफेक्ट तैयारी थी आईपीएल: हेजलवुड

भाषा। दुबई

**आस्ट्रेलिया** के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि हाल में यूएई में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान मैच खेलने का पर्याप्त समय मिला जो टी-20 विश्व कप की परफेक्ट तैयारी थी और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उन्हें इसका फायदा मिलेगा। 30 साल के हेजलवुड ने आईपीएल के दूसरे चरण में खेलने का फैसला किया था जबकि उनके हमवतन साथी तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और केन रिचर्डसन यूएई में इस लुभावने टी-20 टूर्नामेंट में खेलने के लिए नहीं आए थे। हेजलवुड ने कहा कि यही मेरी सोच है। यहां के हालात- मौसम काफी गर्म है और विश्व कप से पहले टी-20 के कई मैच खेलने का मौका मिलना परफेक्ट है।

# आडवाणी, मेहता और लक्ष्मण ने जीत दर्ज की

विश्व स्नूकर क्वालीफायर्स



भाषा। मुंबई

**राष्ट्रीय** चैंपियन आदित्य मेहता और पंकज आडवाणी सहित भारत के तीन क्यू खिलाड़ियों ने सोमवार को यहां जीएससी विश्व स्नूकर क्वालीफायर्स के अपने शुरुआती दो राउंड रोबिन वाइ कैंप (पहला चरण) मैचों में लगातार जीत दर्ज की।

यह क्वालीफायर बीएसएफआई (भारतीय स्नूकर एवं बिलियर्ड्स महासंघ) का राष्ट्रीय चयन टूर्नामेंट है। मेहता ने पहले फ्रेम में 94 के शानदार ब्रेक के साथ शुरुआत करते हुए आरएसपीबी के नीरज कुमार को 4-0 (114-14, 60-53, 67-22, 61-09) से हराया। उन्होंने दूसरे मुकाबले में तेलंगाना के हिमांशु जैन को करीबी मैच में 4-3 से शिकस्त दी। 24 विश्व खिताब जीतने वाले आडवाणी ने पहले मैच में हिमांशु को 4-2 (91-17, 67-73, 66-61, 37-68, 101-36, 83-06) से हराने के बाद नीरज कुमार को 4-0 (77-40, 117-00, 83-13, 59-46) से हराया। पीएसपीबी के लक्ष्मण रावत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पीएसपीबी के ही ध्वज हारिया को 4-1 (74-00, 116-00, 63-00, 14-61, 71-00) से हराया।

# नॉरी और बाडोसा ने पहली बार इंडियन वेल्स खिताब जीता

एपी। इंडियन वेल्स



**कई** बड़े खिलाड़ियों ने कोरोना महामारी के कारण देर से आयोजित बीएनपी परीबस ओपन में भाग नहीं लिया तो कई बड़े नाम उलटफेर का शिकार हो गए। नतीजतन दो ऐसे खिलाड़ी चैम्पियन बने जो विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में भी नहीं हैं।

ब्रिटेन के कैमरन नॉरी ने निकोलोज बासिलाश्विली को 3-6, 6-4, 6-1 से हराकर पुरुष एकल खिताब जीता। वहीं स्पेन की पाउला बाडोसा ने विक्टोरिया अजारेंका को 7-6, 2-6, 7-6 से मात देकर खिताब अपने नाम

वह पहली बार खेलते हुए यह टूर्नामेंट जीतने वाली तीसरी महिला बन गई। नोवाक जोकोविच, रफेल नडाल, रोजर फेडरर, नाओमी ओसाका और सेरेना विलियम्स ने इस टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। वहीं दानिल मेदवेदेव और कैरोलिना प्लिसकोवा जैसे शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी उलटफेर का शिकार हो गए। नॉकी और बाडोसा ने अपने कैरियर का सबसे बड़ा खिताब जीता और 12 लाख डॉलर भी अपनी झोली में डाले। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज नॉरी से पहले इवान जुबिचिच (2019), एलेक्स कोरेत्जा (2000) और जिम कूरियर (1991) शीर्ष 25 से बाहर रहने के बावजूद खिताब जीतने वाले खिलाड़ी थे। वहीं महिला वर्ग में बियांका आंद्रिस्कू ने 2019 में और सेरेना विलियम्स ने 1999 में पदार्पण करके टूर्नामेंट जीता था।

## ला लिगा: बार्सीलोना ने वालेंशिया को हराया

**मैड्रिड**। लियोनेल मेसी के जाने के बाद बार्सीलोना के नए सितारे बनकर उभर रहे 18 वर्ष के एंसू फाटी के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में वालेंशिया को 3-1 से हराया। फाटी ने एक गोल करने के अलावा टीम को एक पेनल्टी भी दिलाई।

मेंफिस डिपे और फिलीपे काउंटिन्हो ने भी बार्सीलोना के लिए गोल किए। इस जीत के बाद अब बार्सीलोना सातवें स्थान पर है और उसे एक मैच और खेलना है।

घुटने की चोट के कारण 10 महीने मैदान से दूर रहे फाटी ने पिछले महीने वापसी की लेकिन लगातार तीन मैचों में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर आए। पहली बार वह इस मैच में शुरूआती टीम में थे।

अन्य मैचों में तीसरे स्थान पर काबिज सेविला ने सेल्टा विगो को 1-0 से हराया। वहीं ओसासुना ने विलारीयाल को 2-1 से मात दी। रायो वालेकानो ने एल्चे को 2-1 से हराया।

PUBLIC NOTICE
NOTICE is hereby given that **Promila Mehra** is the absolute owner of DDA Built-up Flat No. 39-A in Block-DB on Ground Floor situated at G-8 area, Rajouri Garden, Hari Nagar, New Delhi-64 vide Sale Deed dated 18.05.2020 (doc. No. 5958) executed by Kamal Nayan Chadha (he inherited the ½ undivided share of the aforesaid flat vide will dated 29/11/2010 (doc. No. 10392) executed by Veeranwali Chadha). And whereas Veeranwali Chadha & Kamal Nayan Chadha purchased the said flat vide sale deed dated 19/10/2010 (Doc No. 26889)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage(equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

सार्वजनिक सूचना
नोटिस एतद् द्वारा दिया जाता है कि शेयर सर्टिफिकेट न. (ी) 36439 , 45474 हेतु 200 शेयर (ी) जिसके डिस्टिंक्टिवे न.(ी) 4986901 - 4987000 , 9940101- 9940200 मैरिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड जिसका अपना रजिस्टर्ड कार्यालय 5, एलेक्सांद्रा कोर्ट, 60/1, चौरिंघी रोड, कोलकाता -700020 , के नाम पर रजिस्टर्ड है ,घनश्याम दास के क्रमानुसार फोलियो नंबर 0002075 के अंतर्गत पड़े गुम हो गए है
मैं घनश्याम दास ने अघ उपरोक्त के बदले में डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट (ी) के निर्गमन के लिए कंपनी को आवेदन किया है | कोई व्यक्ति जिसे मूल शेयर सर्टिफिकेट (ी) के बदले में डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट (ी) के निर्गमन बारे कोई आपत्ति है और पूर्वोक्त ने उनकी उपरोक्त कंपनी पते पर इस सम्बन्ध में पुरुष / महिला / वे आपत्ति या इनके रजिस्ट्रार सीवी मैनेजर सर्विसेज (पी) लिमिटेड -पी -२२, बोंदल रोड कोलकाता - 7000019 के पास प्रकाशन के तिथि से 15 दिनों के भीतर लिखित में दर्ज करवाने का अनुरोध है
घनश्याम दास
P -1 /45A . बुध विहार फेज -1
सुल्तानपुरी स ब्लॉक नार्थ वेस्ट
दिल्ली -110086
दिनांक : 19/10/2021
स्थान : दिल्ली

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General public that Mrs. Rekha Rani is owner of Plot No. 8, area measuring 270 sq. yds., out of Khasra No. 195/30m, situated at Rahul Vihar Phase-II, Village Mirzapur, Pargana Loni, Tehsil & Distt. Ghaziabad, (U.P), vide sale deed dated 24.12.2020 registration No. 4043. All persons are hereby informed that above mentioned owner along with M/s Vikas Traders want to take a Loan from Fullerton India Credit company Ltd. if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Rekha Rani in respect of the said property its sale /Mortgage, and any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
For Mrs Prasoon Lata, Advocate, SG Associates (Law Firm)
Unit No 7, Basement, Plot No C 78, Sector 2, Noida, UP 201301.
EMAIL: sgassociatespl@gmail.com, Ph: 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given that **Runa** is the absolute owner of Plot No. 105, area measuring 52 sq. yds., out of Khasra No. 35//5/1, 5/2, 5/3, 6/1 Min North, 24//25, 35//5/1, 5/2, 5/3, 35//6/1, situated at wakaMauja Gaunchhi, Sub-Tehsil Gaunchhi, Distt. Faridabad by virtue of Sale Deed dated 09.02.2018 Sale Deed dated 09.02.2018 Sale Deed dated 09.02.2018 (Doc No. 3651), lost two of the recitals:-
1.Sale Deed dated 05.06.2008 (doc. No. 2948) executed by Vidhya Devi in favour of Neetu Singh
2.Sale Deed dated 27.01.2016 (doc. No. 11909) executed by Neetu Singh in favour of Aarti Devi
FIR has already been lodged in lieu of that on dated 11/8/21
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said Property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.
Kamal Kant Gupta (Advocate)
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General public that Mr. Ashish Malhotra is owner of Second Floor with roof rights, area measuring 50 sq. yds., on Plot No. J-94, out of Khasra No. 30/5/2, situated in the area of Village Khyala now colony known as Vishnu Garden in Block-J, New Delhi, vide sale deed dated 29.08.2017 registration No. 8008. All persons are hereby informed that above mentioned owner is selling the said property in favor of Mr. Aamir Khan who want to take a Loan from Fullerton India Home Finance Company Ltd. if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Ashish Malhotra in respect of the said property its sale /Mortgage, and any kind of dispute kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
For Mrs Prasoon Lata, Advocate, SG Associates (Law Firm)
Unit No 7, Basement, Plot No C 78, Sector 2, Noida, UP 201301.
EMAIL: sgassociatespl@gmail.com, Ph: 7011172764, 8130200837

RAM GOPAL COLLEGE OF PHARMACY
Sultanpur, Tehsil-Farrukhnagar, Near Sultanpur Bird Sanctuary, Distt. Gurgaon, Haryana
Affiliated to Pt. B.D.Sharma University of Health & Sciences, Rohtak & Pharmacy Council of India (PCI) and State Govt. Haryana
ADMISSION NOTICE FOR SESSION 2021-22
(For Management quota, Leftover seats, Vacant Seats)
BACHELOR OF PHARMACY (4 YEARS)
Admission Procedure: Candidate shall have passed 10+2 examination with English as one of the subjects and Physics, Chemistry, Mathematics (P.C.M) and Biology (P.C.B) as optional subjects individually. Admission on Merit based only.
LEET (LATERAL ENTRY: 3 Years)
Admission Procedure: Candidate shall have passed D.Pharmacy with minimum 50% marks. Admission on Merit based only.
Last date of submission of application form - 22/10/2021 till 5:00 pm
Display & merit list and deposition of fees - 23/10/2021 till 04:00 pm
Website: www.ramgopalcollege.com Mob.: 8920418745

लार्डकन्हैया इंफोटेक एल एल पी
LLPIN : AAF-4647
पंजीकृत कार्यालयः 68, चंद्रलोक एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली – 110034
सार्वजनिक सूचना
"प्रपत्र संख्या यूआरसी–2"
परिच्छेद XXI के भाग 1 के अधीन पंजीकरण के बारे में सूचना सम्बन्धी विज्ञापन (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (ख) तथा कंपनी (पंजीकरण हेतु अधिकृत) नियमावली, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसरण में )
1. एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 कि धारा 366 कि उप–धारा (2) के अनुसरण में, रजिस्ट्रार दिल्ली के समक्ष एक आवेदन आज कि तिथि से पंद्रह दिन के बाद परन्तु आज कि तिथि से 30 दिन की अवधि समापत होने से पहले प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है कि **लार्डकन्हैया इंफोटेक एल एल पी** का पंजीकरण कंपनी अधिनियम, 2013 के परिच्छेद 21 के भाग 1 के अधीन एक शेयरों द्वारा लिमिटेड कंपनी के रूप में किया जाये।
2. कंपनी के प्रधान उद्देश्य निम्नानुसार हैं :– सभी प्रकार के कंप्यूटर तथा कम्प्यूटर पार्ट के क्रेता–बिक्रेता, आयातक–निर्यातक, इससे सम्बंधित सम्बिदा आधारित व्यापार एवं इससे सम्बंधित पार्ट का व्यापार के साथ –साथ सॉफ्टवेयर विकास ।
3. प्रस्तावित कंपनी के प्रारूप ज्ञापन तथा संस्था के अंतर्नियमों की प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 68, चंद्रलोक एन्क्लेव, पीतमपुरा, दिल्ली –110034 पर किसी भी कार्यदिवस पर देखी जा सकती है।
4. एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन के विषय मैं आपत्तिधारक कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति की सूचना लिखित रूप में रजिस्ट्रार को सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेण्टर (सी आर सी ), इंडियन इंस्टीट्यूट आफ कारपोरेट अफेयर्स (आई आई सी ऐ), प्लाट संख्या 6,7,8 सेक्टर–5, आई एम टी मानेसर, जिला गुडगाँव (हरियाणा)–122050 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन कि तिथि से इक्कीस दिन के भीतर दे सकता है, जिसकी एक प्रति फर्म को इसके पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।
दिनांकित 19 अक्टूबर, 2021
आवेदक के नाम
1. विजय गर्ग
2. आशीष गर्ग

ऐक्सिस बैंक
खुदरा आस्ति केन्द्र, : ऐक्सिस बैंक लि., बीजी–1, बीएफ–1, आदित्य सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर 3, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, अन्य पता : ऐक्सिस बैंक लि., ऐक्सिस हाउस, टावर टी–2, द्वितीय तल, आई–14, सेक्टर–128, नोएडा एक्सप्रेवे, जेपी ग्रीन्स विशटाउन, नोएडा (उ.प्र.)–201301 कार्पोरेट कार्यालय : 'ऐक्सिस हाउस', ब्लॉक–बी, बॉम्बे डाइंग मिल्स कम्पाउंड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली मुंबई–400025, पंजीकृत कार्यालय : "त्रिशूल", तृतीय तल, समर्थेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन, एलिसब्रिज, अहमदाबाद–380006
सरफासी ऐक्ट 2002 के तहत कब्जा सूचना
जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने, ऐक्सिस बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नलिखित कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) से सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वाराकर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) तथा जन साधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार नहीं करें तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार ऐक्सिस बैंक की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है। कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम | सम्पत्ति का वर्णन | 1. मांग सूचना की तिथि 2. कब्जा की तिथि 3. मांग सूचना में बकाया राशि (रू.) |
|---|---|---|
| 1. श्री हमबीर चौधरी पुत्र श्री विजय सिंह चौधरी निवासी मकान नंबर 2072, सेक्टर–4सी, वसुंधरा, गाजियाबाद– 201010, अन्य पता : श्री हमबीर चौधरी आईसी–20, चंदन वन, मथुरा, उत्तर प्रदेश–281001, अन्य पता : श्री हमबीर चौधरी फ्लैट नंबर 1105, 11वां तल, आम्रपाली विलेज फेज–3, ग्राम मकनपुर, गाजियाबाद–201014, अन्य पता : श्री हमबीर चौधरी सी–56/40, सेक्टर–62, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश 2. श्रीमती नीलम चौधरी पत्नी श्री हमबीर चौधरी निवासी मकान नंबर 2072, सेक्टर–4सी, वसुंधरा, गाजियाबाद– 201010, अन्य पता : श्रीमती नीलम चौधरी, फ्लैट नंबर 1105, 11वां तल, आम्रपाली विलेज फेज–3, ग्राम मकनपुर, गाजियाबाद–201014 | आवासीय फ्लैट नंबर 1105, 11वां तल, आम्रपाली विलेज फेज–3, केएम ब्लॉक, ग्राम मकनपुर, गाजियाबाद, सुपर एरिया 1425 वर्ग फीट अर्थात 132.38 वर्ग फीट अर्थात 105.91 वर्ग मीटर, एक कवर्ड कार पार्किंग, छत के अधिकार सहित, पूरब एवं पश्चिम सेल डीड के अनुसार पूरब : 30 फीट चौड़ी रोड पश्चिम : 4 फीट चौड़ी गली उत्तर : अन्य भूमि दक्षिण : अन्य भूमि | 1. 23–04–2021 2. 13–10–2021 3. रू. 16,70,349/– (रूपए सोलह लाख सत्तर हजार तीन सौ उन्चास मात्र) |

एतद्द्वारा उपरि–वर्णित कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) को राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर करने की सूचना दी जाती है, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, बंधक सम्पत्ति की बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।
हस्ता/–,
तिथि : 19–10–2021,
स्थान : दिल्ली एवं एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी,
ऐक्सिस बैंक लिमिटेड

# भारत-इजराइल के सामने एक सी चुनौती: जयशंकर

भाषा। यरूशलम

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने यहां भारतीय-यहूदी समुदाय तथा भारत विदों से कहा कि भारत और इजराइल के समाजों को भूराजनीतिक परिदृश्य पर उभरते कई घटनाक्रमों के साथ ही कट्टरपंथ और आतंकवाद जैसी एक समान चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्री के तौर पर इजराइल की अपनी पहली यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने दोनों देशों के बीच सदियों पुराने संबंधों में भारतीय यहूदी समुदाय के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को पांच दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे। उन्होंने विश्वास जताया कि इजराइल में भारतीय यहूदी समुदाय आने वाले वर्षों में दोनों देशों को और करीब लाएगा। जयशंकर ने कहा कि बीते चार वर्षों में यह इजराइल का उनका तीसरा दौरा है लेकिन हर बार यहां से लौटते वक्त उन्हें अहसास होता है कि यात्रा अधूरी रही है।

उन्होंने कहा कि भारत की तरह ही इस जगह को भी समझने और खोजने के लिए पूरा जीवन लग जाएगा। इसलिए यहां, एक ऐसी भूमि पर वापस आकर मुझे खुशी मिलती है जिसके साथ हमारे सदियों पुराने संबंध हैं, और ऐसे लोगों के बीच आकर भी, जो इन संबंधों को पोषण देने वाली गर्भनाल की तरह हैं। जयशंकर ने कहा कि इजराइल के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध बीते कुछ वर्षों में गुणात्मक रूप से अलग राह पर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे दोनों देश लोकतंत्र और बहुलवाद के मूल्यों को साझा करते हैं। हम अपने कुछ मार्गदर्शक सभ्यतागत दर्शन भी साझा करते हैं: भारत में वसुधैव कुटुम्बकम जिसका अर्थ है कि पूरा विश्व एक परिवार है और इजराइल में तिकुन ओलाम जिसका मतलब होता है दुनिया को उबारना (स्वस्थ) करना।

उन्होंने कहा कि दोनों ही देशों के समाजों के समक्ष कट्टरपंथ और आतंकवाद की एक सी चुनौतियां हैं। इनके अलावा हम भूराजनीतिक परिदृश्य पर कई उभरते घटनाक्रमों का भी सामना कर रहे हैं।

भारत को सीमा पार, पाकिस्तान से उभरने वाले प्रमुख खतरों का सामना करना पड़ रहा है वहीं इजराइल भी शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों से घिरा हुआ है। भारत और इजराइल के बीच आतंकवाद निरोधी संयुक्त कार्य समूह है और दोनों देश इस खतरे से निबटने के लिए वास्तविक समय (रियल टाइम) में गोपनीय सूचनाएं भी साझा करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि वास्तविक जोर तो ज्ञान आधारित हमारी अर्थव्यवस्थाओं के बीच नवोन्मेष और कारोबारी साझेदारी का विस्तार करने पर है। उन्होंने कहा कि मिसाल के तौर पर दोनों देशों ने कोविड-19 महामारी से निबटने के लिए सहयोग किया। उन्होंने कहा कि क्या हम इसे अगले स्तर तक ले जा सकते हैं? वैज्ञानिकों, छात्रों और स्टार्ट-अप के बीच हम किस तरह से संपर्क और सहयोग को और बढ़ा सकते हैं? इस दौरे में अपनी बैठकों के दौरान मैं इन मुद्दों समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा करूंगा। जयशंकर ने कहा कि चार साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल के ऐतिहासिक दौरे पर उनके साथ आने मौका मिला था।



### जयशंकर ने भूदान ग्रोव में पट्टिका का अनावरण किया

**यरूशलम**। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यरूशलम फॉरेस्ट में भूदान ग्रोव (भूदान उपवन) पट्टिका का सोमवार को अनावरण किया और इस प्रकार भारत-इजराइल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित होने से पहले के समय में दोनों देशों के बीच रहे संबंधों के अल्प ज्ञात पक्षों को सामने लाने की पहल की। विकास के लिए गांव को बुनियादी इकाई मानने की महात्मा गांधी की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए भारतीय नेता भूदान और ग्रामदान जैसे सर्वोदय अभियान के समाजवादी विचारों के क्रियान्वयन के तरीके खोजने के दौरान इजराइल के अनेक दौरों पर गए थे।

### भारत और इजराइल अगले महीने से एफटीए पर वार्ता को फिर शुरू करने पर सहमत

**यरुशलम**। भारत और इजराइल सोमवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले महीने से बातचीत फिर शुरू करने पर सहमत हो गए जो लंबे समय से लंबित करार के अगले साल जून तक पूरा होने को लेकर आश्वस्त हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजराइल के वैकल्पिक प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री याइर लापिद से मुलाकात के बाद कहा, हमारे अधिकारी वास्तव में नवंबर में भारत-इजराइल मुक्त व्यापार वार्ता को फिर शुरू करने पर सहमत हुए हैं। उन्हें पूरा भरोसा है कि हम अगले जून तक वार्ता को पूरा करने में सक्षम होंगे। एफटीए को लेकर दोनों पक्षों के बीच एक दशक से अधिक समय से चर्चा चल रही है, लेकिन यह पहली बार है कि प्रक्रिया को गंभीरता प्रदान करते हुए एक निश्चित समय सीमा निर्धारित की गई है।

## अमेरिका में कश्मीर में बढ़ते इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन

एपी। वाशिंगटन

**दक्षिण** फ्लोरिडा में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोगों ने अपने यहूदी मित्रों के साथ, भारत के कश्मीर में बढ़ते इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ रविवार को प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का आयोजन कश्मीर हिंदू फाउंडेशन (केएचएफ) ने किया। इसमें प्रदर्शनकारियों ने कश्मीर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ इस्लामी जिहाद रोकें, इस्लामी आतंकवाद का मुकाबला करें जैसे नारे लगाए।

केएचएफ के संस्थापक सदस्य दीपक गंजू ने वैश्विक समुदाय से अनुरोध किया कि अब ए समझे कि दुनिया में मानवाधिकारों का सबसे भयावह तरीके से उल्लंघन कश्मीर में हो रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कई प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 1990 में उनके परिवारों को कश्मीर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा और वे अब भी अपने घर लौटने में सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं।

प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से घाटी में बचे अल्पसंख्यक समुदाय के अन्य सदस्यों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि चुन-चुनकर की जाने वाली हत्या की घटनाएं अब और न हों।

### कुवैत में तेल रिफाइनरी में लगी आग, कई घायल

**दुबई**। 18 अक्टूबर (एपी) कुवैत में एक प्रमुख तेल रिफाइनरी में सोमवार को आग लग गई। कुछ श्रमिक धुएं की चपेट में आकर अस्वस्थ हो गए जबकि कुछ मामूली रूप से घायल हैं। कुवैत की नेशनल पेट्रोलियम कंपनी के अनुसार कुवैत की फारस की खाड़ी के उत्तर में सऊदी अरब से लगती सीमा के इलाके में स्थित मीना अल-अहमदी तेल रिफाइनरी में आग लगने से बिजली की आपूर्ति या तेल निर्यात प्रभावित नहीं हुआ। कुवैत के घरेलू बाजार में मुख्य रूप से गैसोलीन और डीजल की आपूर्ति करने के लिए रिफाइनरी एक दिन में 25,000 बैरल तेल का शोधन करती है। कंपनी ने बताया कि कई कर्मी निकट के अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। तेल उत्पाद से सल्फर अलग करने वाली रिफाइनरी की इकाई में दमकल कर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। कुवैत के तटीय फहील जिले के निवासियों ने एक भयानक विस्फोट की आवाज सुनने की जानकारी दी। लोगों ने राजमार्ग के ऊपर उठ रहे काले धुएं के गुबार के फुटेज सोशल मीडिया पर साझा किए। कुवैत की कुल आबादी 41 लाख है लेकिन यहां दुनिया में छठा सबसे बड़ा ज्ञात तेल भंडार है।

### चीन की कम्युनिस्ट पार्टी अगले महीने बैठक करेगी

**बीजिंग**। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) अगले साल बड़े नेतृत्व परिवर्तन और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के लिए संभवत: तीसरे कार्यकाल का मार्ग प्रशस्त करने के लिए होने वाले महासम्मेलन से पहले नवंबर में एक महत्वपूर्ण बैठक करेगी। इस संबंध में यहां एक आधिकारिक घोषणा में कहा गया कि सीपीसी की केंद्रीय समिति आठ से ग्यारह नवंबर तक बीजिंग में अपने पूर्ण सत्र का आयोजन करेगी और इस दौरान बड़ी उपलब्धियों पर संकल्प पारित किया जाएगा तथा पार्टी के 100 साल के कार्यों के ऐतिहासिक अनुभवों की समीक्षा की जाएगी। सरकार संचालित शिन्हुआ समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार यह निर्णय चिनफिंग की अध्यक्षता वाली सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो की एक महत्वपूर्ण बैठक में हुआ।
छठा पूर्ण सत्र काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह अगले साल बड़े नेतृत्व परिवर्तन और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के लिए संभवत: तीसरे कार्यकाल का मार्ग प्रशस्त करने के वास्ते होने वाले महासम्मेलन से पहले पार्टी की सबसे बड़ी बैठक है।

### अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री पावेल का निधन

**वाशिंगटन**। अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री व ज्वाइंट चीफ्स के पूर्व अध्यक्ष कोलिन पावेल की कोविड-19 संबंधी जटिलताओं के कारण मृत्यु हो गई। उनके परिवार की तरफ से सोमवार को यह जानकारी दी गई। सोशल मीडिया पर एक घोषणा में, परिवार ने कहा कि पावेल का पूर्ण टीकाकरण हो चुका था। परिवार ने कहा कि हमने एक शानदार और प्यार करने वाले पति, पिता, दादा और एक महान अमेरिकी को खो दिया है।

### भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक सम्मानित

**वाशिंगटन**। भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. विवेक लाल को दुबई में रिटोसा फैमिली समिट्स में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर एंथनी रिटोसा ने पुरस्कार समारोह में कहा, आप लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के हकदार हैं और मैं आपको उन सभी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देता हूं, जो हमारी इस दुनिया को एक बेहतर स्थान बना रही हैं। अपने बेमिसाल काम के जरिए इसे जारी रखिए। कार्यक्रम के संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. लाल को भारत-अमेरिका रक्षा व्यापार को बढ़ाने और दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उन्हें उत्कृष्ट दृष्टिकोण, समर्पण और सफलता के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ. लाल को यह पुरस्कार संयुक्त अरब अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जायौदी की उपस्थिति में दिया गया। इस कार्यक्रम में विश्व के कई प्रभावशाली नेता शामिल हुए। इनके अलावा कारोबारी समूह के मालिक, शेख, शाही परिवार के लोग, निजी निवेश कम्पनियों के पेशेवर आदि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### रूस ने नाटो के लिए अपना मिशन स्थगित किया

**मॉस्को**। रूस के विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा कि उनका देश नाटो के लिए अपना मिशन स्थगित कर रहा है। विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि सैन्य गठबंधन में रूस के मिशन के आठ सदस्यों को नाटो द्वारा पिछले हफ्ते निष्कासित करने के जवाब में यह कदम उठाया गया है। नाटो का आरोप है कि रूस के मिशन के कुछ सदस्य खुफिया के तौर पर गोपनीय तरीके से काम कर रहे थे और उसने अपने मुख्यालय में मॉस्को की टीम को आधा कर दिया। लावरोव ने घोषणा की कि मॉस्को में नाटो के सैन्य संपर्क एवं सूचना कार्यालयों को बंद कर दिया जाएगा। लावरोव ने कहा कि नाटो के जानबूझकर की गई कार्रवाई के जवाब में हम नाटो के लिए अपने स्थाई मिशन का काम संभवत: एक नवंबर से रोक रहे हैं, इसमें मुख्य सैन्य राजदूत का कार्य भी शामिल है। इसमें कुछ और दिन भी लग सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी गठबंधन और मॉस्को के बीच संपर्क बेल्जियम में रूस के दूतावास के माध्यम से किया जा सकता है। रूस द्वारा 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया प्रायद्वीप को अलग करने के बाद ही नाटो ने व्यावहारिक रूप से रूस के साथ सहयोग खत्म कर दिया था, लेकिन उच्चस्तरीय बैठक और दोनों सेनाओं के बीच समन्वय के लिए मार्ग खुला रखा था। लेकिन इसके बाद से नाटो-रूस परिषद की यदा-कदा ही बैठक हुई है।

### पत्नी की हत्या करने वाले आजीवन कारावास की सजा

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने भारतीय मूल के 28 वर्षीय एक व्यक्ति को जेल की सजा सुनाई है जिसने अपनी पत्नी की हत्या कर शव को सड़क पर छोड़ दिया था। जुर्म कबूलने के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। लीस्टरशायर क्राउन कोर्ट को बताया गया कि कशिश अग्रवाल ने अपनी पत्नी गीतिका गोयल पर इस वर्ष तीन मार्च को मध्य इंग्लैंड के लीस्टर स्थित विंटर्सडेल रोड आवास पर हमला किया था। उसने हत्या के बाद उसके शव को कार में डालकर सड़क पर छोड़ दिया और फिर वापस अपने घर लौट गया। अग्रवाल को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है जिसके तहत वह कम से कम 20 वर्ष छह महीने जेल की सजा भुगतने के बाद ही पैरोल पर छूट सकेगा। लीस्टरशायर पुलिस में ईस्ट मिडलैंड्स स्पेशल ऑपरेशन यूनिट की निरीक्षक जेनी हेग्स ने कहा, आज की सजा से गीतिका वापस तो नहीं आ सकेगी लेकिन मुझे उम्मीद है कि इससे गीतिका के परिवार को न्याय जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा, गीतिका महज 29 वर्ष की थी जिसकी हत्या उस व्यक्ति ने कर दी जिस पर उसे विश्वास था और उसने उसके शव को सड़क पर डाल दिया। अग्रवाल ने अपने अपराध को छुपाने के लिए अपनी पत्नी के फोन से उसके परिवार एवं दोस्तों को कॉल किया और कहा कि शाम को काम से घर लौटने के बाद उसने अपनी पत्नी को नहीं देखा है।

# मिसाइल नहीं, हाइपरसोनिक यान का परीक्षण किया: चीन

भाषा। बीजिंग

**चीन** ने सोमवार को कहा कि उसने एक हाइपरसोनिक यान (व्हीकल) का परीक्षण किया है, न कि परमाणु-सक्षम हाइपरसोनिक मिसाइल का। एक प्रमुख ब्रिटिश समाचार पत्र ने अपनी खबर में दावा किया था कि चीन ने उन्नत अंतरिक्ष क्षमता वाली एक हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है और यह लगभग 24 मील की दूरी के अंतर से अपने लक्ष्य को भेदने में चूक गई।

समाचार पत्र फाइनेंशियल टाइम्स (एफटी) की खबर के मुताबिक, चीन ने अगस्त में एक परमाणु-सक्षम मिसाइल का परीक्षण किया, जिसने अपने लक्ष्य की ओर तेजी के साथ बढ़ने से पहले पृथ्वी का चक्कर लगाया। इसमें कहा गया कि इस परीक्षण से अमेरिकी खुफिया एजेंसियां भी हैरान हो गई।

खबर के अनुसार चीनी सेना ने एक रॉकेट को प्रक्षेपित किया, जिसमें एक हाइपरसोनिक ग्लाइड यान था। तीन लोगों द्वारा दी गई खुफिया जानकारी के अनुसार, मिसाइल लगभग 24 मील दूरी के अंतर से अपने लक्ष्य को भेदने में चूक गई।

इस खबर पर प्रतिक्रिया पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक हाइपरसोनिक यान का परीक्षण किया गया था। उन्होंने कहा, यह मिसाइल नहीं बल्कि एक यान है। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम इस परीक्षण को समझते हैं, यह वाहन की तकनीक के बार-बार उपयोग को सत्यापित करने के लिए केवल एक नियमित अंतरिक्ष यान परीक्षण है। उन्होंने कहा, यह लागत को कम करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मानवता के लिए, अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए एक किफायती और सस्ता साधन भी प्रदान कर सकता है।

झाओ ने कहा कि कई अन्य देश और कंपनियां इसी तरह के परीक्षण कर रही हैं। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग के वास्ते प्रयास करने के लिए चीन बाकी दुनिया के साथ मिलकर काम करेगा।

उन्होंने दोहराया कि अगस्त में किए गए परीक्षण में मिसाइल नहीं बल्कि एक यान शामिल था। यह पूछे जाने पर कि क्या यह एक यान था, मिसाइल नहीं तो झाओ ने कहा कि मेरा जवाब एक बड़ी हां है। अमेरिका, रूस और चीन सभी हाइपरसोनिक हथियार विकसित कर रहे हैं, जिसमें ग्लाइड यान शामिल हैं जो रॉकेट पर अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किए जाते हैं, लेकिन अपनी गति के तहत पृथ्वी के चक्कर लगाते हैं।

इस बीच सरकारी ग्लोबल टाइम्स ने एक संपादकीय में कहा कि एफटी की खबर की विश्वसनीयता पर चर्चा करना व्यर्थ है। इसमें कहा गया है, लेकिन इस प्रवृत्ति पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि चीन कुछ प्रमुख सैन्य प्रौद्योगिकियों में अमेरिका के साथ अंतर को कम कर रहा है क्योंकि चीन लगातार अपनी आर्थिक और तकनीकी ताकत विकसित कर रहा है।

## एमेस को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद में विशेष सत्र का नेतृत्व करेंगे जॉनसन

एपी। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन हमले में मारे गए कंजरवेटिव पार्टी के सांसद डेविड एमेस को श्रद्धांजलि देने के लिए संसद के विशेष सत्र का नेतृत्व करेंगे। अपने संसदीय क्षेत्र में लोगों से मिलने के दौरान सांसद की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी जिससे नेताओं की सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

सोमाली मूल के 25 वर्षीय ब्रिटिश युवक अली हरबी अली को सांसद डेविड एमेस की हत्या के संदेह में आतंकवाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रतीत होता है कि संदिग्ध ने अकेले ही घटना को अंजाम दिया और उसका इस्लामी चरमपंथ की ओर झुकाव हो सकता है। सांसद एमेस करीब 40 साल संसद के सदस्य रहे, उनकी हत्या ने ब्रिटेन खासकर इसके राजनेता वर्ग को झकझोर दिया है। पांच साल पहले लेबर पार्टी की सांसद जो कॉक्स की भी एक धुर दक्षिणपंथी चरमपंथी ने हत्या कर दी थी। ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमंस में तीन सप्ताह के अवकाश के बाद सोमवार को सत्र की शुरुआत हुई और अधिकतर कार्यवाही की जगह एमेस को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है। इसके बाद संसद परिसर में स्थित सेंट मारग्रेट्स गिरजाघर में शोक प्रार्थना का आयोजन होगा।

सरकार ने शुक्रवार की घटना के बाद सांसदों की सुरक्षा की समीक्षा का आदेश दिया है।

## पाकके विपक्षी दलों ने आईएसआई प्रमुख का इस्तीफा मांग

**लहौर**। पाकिस्तान के विपक्षी दलों ने एक असामान्य घटनाक्रम में मांग की है कि देश की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को इस्तीफा देना चाहिए। विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट ने शनिवार को पंजाब प्रांत के फैसलाबाद में आयोजित एक रैली में कहा, फैज हमीद इस्तीफा दो। रैली में हमीद के खिलाफ नारे भी लगाए गए जिन पर विपक्ष, खासकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की ओर से इमरान खान का कठपुतली शासन स्थापित करने के लिए राजीतिक इंजीनियरिंग करने का आरोप लगाया जाता रहा है। स्थानीय मीडिया ने रैली में हमीद के खिलाफ की गई नारेबाजी को संपादित कर दिया रविवार को हमीद के इस्तीफे की मांग से संबंधित एक वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद गृह मंत्री शेख राशिद ने पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरयम नवाज को आग से न खेलने की चेतावनी दी। आईएसआई प्रमुख की नियुक्ति पर असैन्य और सैन्य नेतृत्व के बीच गतिरोध है, क्योंकि प्रधानमंत्री इमरान खान हमीद को बदलना नहीं चाहते। मरयम ने कहा कि इमरान खान अपने स्वार्थै को पूरा करने के लिए सरकार के संस्थानों को कमजोर कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरयम ने कहा कि इमरान खान वास्तव में अपने गॉडफादर (हमीद) को बचाने की कोशिश कर रहे हैं जिन्होंने उनके (इमरान) लिए चुनाव में गड़बड़ी कराई। उन्होंने कहा कि हमीद अपने विरोधियों पर अत्याचार कर रहे हैं और अनुकूल निर्णय लेने के लिए न्यायाधीशों को ब्लैकमेल कर रहे हैं तथा पत्रकारों का अपहरण करा रहे हैं। मरयम ने कहा कि इमरान का कहना है कि वह हमीद को अफगानिस्तान के मुद्दे से निपटने और उनकी गहरी जानकारी की वजह से आईएसआई प्रमुख बनाए रखना चाहते हैं, लेकिन सच यह है कि इमरान अपने शासन को लंबा खींचना चाहते हैं क्योंकि वह जानते हैं यदि आईएसआई प्रमुख को बदला गया तो उनकी सरकार ताश के पत्तों की तरह गिर जाएगी।

# कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध करने पर अगले हफ्ते विचार करेगा डब्ल्यूएचओ

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन का तकनीकी सलाहकार समूह भारत में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान में इस्तेमाल किए जा रहे कोवैक्सीन टीके को आपत इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने के मकसद से 26 अक्टूबर को बैठक करेगा।

वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने यह जानकारी दी। कोवैक्सीन का निर्माण करने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने इस टीके के लिए 19 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन को ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) सौंपा था। स्वामीनाथन ने रविवार को ट्वीट किया कि कोवैक्सीन को आपात इस्तेमाल के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करने के मकसद से तकनीकी सलाहकार समूह 26 अक्टूबर को बैठक करेगा। उन्होंने ट्वीट किया, डब्ल्यूएचओ दस्तावेजों को पूरा करने के लिए भारत बायोटेक के साथ निकटता से मिलकर काम कर रहा है। हमारा लक्ष्य आपात इस्तेमाल के लिए स्वीकृत टीकों का एक व्यापक पोर्टफोलिया रखना और सब जगहों की आबादी तक इसकी पहुंच का विस्तार करना है।

हाल में भारत बायोटेक ने कहा था कि उसने आपात इस्तेमाल के उद्देश्य से सूचीबद्ध करने के लिए डब्ल्यूएचओ को कोवैक्सीन से जुड़े सभी आंकड़ें दे दिए और वह वैश्विक स्वास्थ्य निगरानी संस्थान से जवाब का इंतजार कर रही है।

दुनियाभर में टीकों के सबसे बड़े उत्पादक भारत ने अपने देश की आबादी को टीके लगाने के लिए इनका निर्यात निलंबित कर दिया था। पिछले महीने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने एलान किया कि भारत विदेशों में टीके की आपूर्ति बहाल करेगा।

### रूस में कोरोना के मामले 80 लाख के पार

**मास्को**। रूस में कोरोना वायरस के कुल संक्रमितों की संख्या 80 लाख के पार चली गई है। साथ ही , देश में रोजाना सामने आने वाले मामलों की संख्या भी कम नहीं है। राष्ट्रीय कोरोना वायरस कार्यबल ने सोमवार को बताया कि पिछले दिन कोविड-19 के 34,325 नए मरीजों का पता चला जिसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या 8,027,012 तक पहुंच गई। कार्यबल ने यह बताया कि देश में पिछले दिन कोविड-19 के 998 मरीजों की जान गई जिससे मृतकों की तादाद 2,24,310 हो गई है। कल का मौत का आंकड़ा शनिवार के आंकड़े से कम है लेकिन यह दर्शाता है कि देश लगातार वायरस के संक्रमण से जूझ रहा है क्योंकि टीकाकरण की दर बहुत कम है।

रूसी अधिकारियों ने लॉटरियों, बोनस और अन्य प्रोत्साहन रियायतों के साथ टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने का प्रयास किया है लेकिन टीकों के प्रति व्यापक संशय एवं अधिकारियों के विरोधाभासी संकेतों के चलते इन प्रयासों को धक्का लगा है। कार्यबल ने सोमवार को कहा कि देश की करीब 14.6 करोड़ की जनसंख्या में से करीब 4.5 करोड़ यानी 32 फीसदी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है।

इतनी बड़ी संख्या में कोविड-19 के मरीजों की मौत के बाद भी क्रेमलिन ने वैसा राष्ट्रीय लॉकडाउन पुन: लगाने से इनकार कर दिया है जैसा शुरुआती दौर में लगाया गया था। उसने हालांकि क्षेत्रीय प्रशासनों को कोरोना वायरस पाबंदियां लगाने का अधिकार प्रदान किया है।

# अजरबैजान ने आर्मेनिया पर जातीय आधार पर हत्या का आरोप लगाया

एपी। द हेग

**अजरबैजान** के विदेश उपमंत्री ने आर्मेनिया पर जातीय आधारित हत्याएं और छह सप्ताह लंबे युद्ध के बाद पिछले साल के अंत में संघर्षविराम समझौता होने के बावजूद नागोर्नो-काराबाख इलाके में बारूदी सुरंगे बिछाना जारी रखने का आरोप लगाया। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में युद्ध से जुड़े दूसरे मामले की सुनवाई शुरू होने के दौरान यह आरोप लगाया गया। अदालत ने पिछले सप्ताह अजरबैजान के खिलाफ आर्मेनिया की शिकायत पर सुनवाई की थी। वह मामला भी पिछले साल की युद्ध से जुड़ा हुआ था जिसमें 6,600 से ज्यादा लोग मारे गए थे। एल्नुर मम्मादोव ने इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस को बताया कि अजरबैजान के लोगों के खिलाफ जातीय आधार पर हत्याएं और हिंसा भड़काने का अभियान जारी है। अजरबैजान ने विश्व अदालत के न्यायाधीश से अनुरोध किया है कि वह आर्मेनिया को बारूदी सुरंगे बिछाना बंद करने, अजरबैजान को बारूदी सुरंगों का नक्शा मुहैया कराने का निर्देश दे ताकि उन्हें सुरक्षित तरीके से हटाया जा सके और आर्मेनिया समूहों को जातीय घृणा भड़काने से रोकने तथा अजरबैजान के लोगों के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए कदम उठाएं।

मम्मादोव ने कहा कि आर्मेनिया की सेना द्वारा बिछाए गए बारूदी सुरंगों ने युद्ध के दौरान और उसके बाद अभी तक कम से कम 106 अजरबैजानी नागरिकों की जान ली है जिनमें से 65 असैन्य नागरिक हैं। गौरतलब है कि रूस की हस्तक्षेप के बाद दोनों देशों के बीच फिलहाल संघर्षविराम समझौता लागू है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय मूल की लड़की के मामले में कानूनी चुनौती प्रक्रिया शुरू की

भाषा। मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** सरकार ने एक संघीय अदालत के उस ऐतिहासिक फैसले को लेकर अपनी कानूनी चुनौती की शुरुआत की जिसमें कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन से भविष्य में बच्चों को होने वाले किसी नुकसान से बचाने संबंधी देखरेख की जिम्मेदारी सरकार की है। गत मई में मेलबर्न निवासी भारतीय मूल की हाईस्कूल की 17 वर्षीय छात्रा अंजलि शर्मा और सात अन्य किशोर पर्यावरणविदों ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के खिलाफ कानूनी लड़ाई का नेतृत्व किया था। शर्मा और अन्य ने दलील दी थी कि पर्यावरण में लगातार हो रहे कार्बन उत्सर्जन की वजह से इस सदी के अंत तक जंगलों में भीषण आग, बाढ़, तूफान, बीमारी, आर्थिक क्षति और यहां तक कि मौत जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि पर्यावरण मंत्री सुसन ली को उत्तरी न्यू साउथ वेल्स में विकरी कोयला खदान को विस्तारित करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी देने से रोका जाए। न्यायाधीश मोर्देकई ब्रोमबर्ग ने हालांकि कोयला खदान परियोजना को विस्तारित करने की मंजूरी प्रदान कर दी थी। हालांकि उन्होंने अपने फैसले में यह भी कहा था कि जलवायु परिवर्तन से भविष्य में बच्चों को होने वाले किसी नुकसान से बचाने संबंधी देखरेख की जिम्मेदारी सरकार की है। इस निर्णय को विश्वभर में किशोरों और जलवायु कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण जीत माना गया। ऑस्ट्रेलिया ने जलवायु परिवर्तन से भविष्य में बच्चों को होने वाले किसी नुकसान से बचाने संबंधी देखरेख की जिम्मेदारी से संबंधित फैसले पर कानूनी चुनौती की शुरुआत की।



सेंट लीगर में फ्रेंच प्रेसीडेंट इमेनुएल मैक्रोन्स की पत्नी ब्रिगिटी मैक्रोन्स एक स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों से मिलते हुए

## टॉकटाइम

### शंकर महादेवन

*जिन्होंने सा रे गा मा पा सीजन 30 को जज करने और मार्गदर्शन करने के लिए वापसी की है, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में बता रहे हैं कि कैसे प्रतियोगियों की क्षमता बदल गयी है, जज करते समय कैसी चुनौतियां पेश आती है और कौन सा वो गाना है, जो उनके दिल के बहुत करीब है*

# मैं मौलिक आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं



**■ सा रे गा मा पा के इस सीजन में हम क्या देखेंगे?**

यह शो हमेशा युवाओं, भविष्य के संगीतकारों व विभिन्न शैलियों, विभिन्न आवाज-स्वभावों और विभिन्न पृष्ठभूमि के बेहद प्रतिभाशाली गायकों के लिए एक उत्कृष्ट मंच बनकर उभरता रहा है। यह एक बेहद दिलचस्प शो होने वाला है।

**■ आप पहले भी शो को जज कर चुके हैं। उम्मीदवारों की क्षमता कैसे बदली और विकसित हुई है?**

मैं लगभग नौ साल बाद इस शो में वापस आ रहा हूं। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आज के युवा इस शो की स्तरीयता को समझ सकते हैं। शायद नौ साल पहले, शो किस स्तर तक पहुंच सकता है और आप का क्या बन सकता है, यह अच्छी तरह से समझा गया था और वे अब और भी कठिन काम करते हैं। वे अच्छी तरह से तैयार हैं। वे जानते हैं कि उन्हें पहली बार में अपनी छाप छोड़नी है। इसलिए, उन्होंने अपने मन और आत्मा को संगीत में लगा दिया। वे जिस पूर्णता, प्रतिभा के साथ वे इसे प्रस्तुत करते हैं, वह अद्भुत है। हमने अभी-अभी ऑडिशन समाप्त किया है और यह पहले से ही एक भव्य समारोह की तरह लग रहा है।

**■ जब निर्णय लेने की बात आती है तो सबसे बड़ी चुनौती क्या होती है?**

जिस तरह से हम न्याय करते हैं, हम जो तलाशते हैं वह है व्यक्तित्व। ऐसे मौके आते हैं जब कुछ आवाजें मूल गायक की मौजूदगी में भी उसको प्रतिरूपित करने का प्रयास करती हैं। मुझे नहीं लगता कि यह हमें उतना उत्साहित करता है जितना कि एक आवाज, जो फूलों की एक नई प्रजाति है - एक आवाज, जो अद्वितीय है। एक प्रतियोगी है, जिसकी आवाज का एक स्वभाव है जो आपको श्वेत-श्याम दौर में वापस ले जाती है। एक छोटी सी लड़की है और वह बेगम अख्तर या नूरजहां की तरह लगती है और यह आपको पूरी तरह से चौंका देता है। मैं ऐसी आवाजें सुनकर उत्साहित हो जाता हूं जो सामान्य नहीं हैं।

> वो गाना ब्रेथलेस है। क्योंकि इसने मुझे वो चेहरा दिया है और मुझे वो बनाया है जो मैं आज हूं। जब मैं अपने 30 साल के सफर को देखता हूं, तो मिशन कश्मीर, दिल चाहता है और बंटी और बबली जैसे कई मील के पत्थर मिले हैं। ऐसा कोई गायक या संगीतकार नहीं है जिसके पास कुछ यादें न रही हों। कुछ गाने फिल्म के बीत जाने के बाद भी जीवित रहते हैं। मैंने संगीत में भावनाओं की एक श्रृंखला देखी है। मैंने वर्षों से अलग-अलग संगीत में काम किया है और हर एक का आनंद लिया है।

**■ आप गुरु भी हैं। आप उन्हें क्या कहते हैं?**

असलियत में बहुत सी बातें। प्रिंट में तकनीकी के बारे में बात करना मुश्किल है। कुछ चीजें हैं जिन्हें वे चूक जाते हैं जैसे सांस लेने की तकनीक और एक नोट पिच करना। किसी एक नोट तक पहुंचने के अपने तरीके हैं - आप किसी अन्य नोट की मदद ले सकते हैं या इस नोट को सीधे पिच कर सकते हैं। इसे शब्दों में समझाना मुश्किल है। इसी में हमें मार्गदर्शन देना होता है।

**■ आपके आने के बाद से संगीत उद्योग कैसे बदला है?**

संगीत उद्योग फैशन उद्योग की तरह है। यह भोजन विकल्प की तरह है, जैसा कि जीवन है। परिवर्तन जीवन में एकमात्र शाश्वत है। चीजें और स्वाद बदलते रहते हैं। एक विशेष शैली के प्रति प्यार उभरता है, तो कुछ शैलियां मर जाती हैं और कुछ लंबे समय तक टिकी रहती हैं। इस सब में एक आत्मा है - जो राग, व्यवस्था, गीत और जिस तरह से आप गीत प्रस्तुत करते हैं। अगर ये तत्व मजबूत हैं, तो यह यहां लंबे समय तक रहने वाला है। कुछ कलाकार आज बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और लोग इसे पसंद कर रहे हैं।

**■ आपने बहुत सारी फिल्में की हैं, कोई प्रोजेक्ट या गाना जो आपके दिल के करीब हो?**

वो गाना ब्रेथलेस है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसने मुझे वो चेहरा दिया है और मुझे वो बनाया है जो मैं आज हूं। जब मैं अपने 30 साल के सफर को देखता हूं, तो मिशन कश्मीर, दिल चाहता है और बंटी और बुबली जैसे कई मील के पत्थर मिले हैं। ऐसा कोई गायक या संगीतकार नहीं है जिसके पास कुछ यादें न रही हों। कुछ गाने फिल्म के बीत जाने के बाद भी जीवित रहते हैं। मैंने संगीत में भावनाओं की एक श्रृंखला देखी है। मैंने वर्षों से अलग-अलग संगीत में काम किया है और हर एक का आनंद लिया है।

**■ हम आपसे आगे क्या उम्मीद कर सकते हैं - इस साल?**

बहुत सारी चीजें हो रही हैं। हमने अभी-अभी तूफान रिलीज की है। फिर बंटी और बुबली 2 है, पृथ्वीराज है, ये दो बड़े यशराज प्रोजेक्ट हैं। रवि उदयवर द्वारा निर्देशित युद्ध है जिस पर हम काम कर रहे हैं। फिर हम फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर मेघना गुलजार की बायोपिक पर काम कर रहे हैं। हम जोया के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बहुत सारे गैर-फिल्मी साझीदारियां भी हैं। मेरी अकादमी 80 देशों के लोगों को शास्त्रीय संगीत सिखा रही है।

---

## कला और गुणवत्ता ही मुझे प्रेरित करती है

जिहाद में भावना की भूमिका निभाने वाली अल्फीया डोना ने अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह पुरस्कार जीते। उन्होंने कश्मीरी पंडित की भूमिका निभाने की चुनौतियों के बारे में शालिनी सक्सेना के साथ बात की

**❖ जिहाद किस बारे में है?**

यह फिल्म बॉलीवुड की तरह एक खास व्यावसायिक मसाला फिल्म नहीं है। इसे खासतौर पर इंटरनेशनल फेस्टिवल सर्किट के लिए बनाया गया है। यह कश्मीर में चल रहे आतंकवाद पर बनी एक ड्रामा फिल्म है। जब हम जिहाद के बारे में बात करते हैं, तो इसका सीधा सा मतलब है क्रोध को मारना, न कि ईश्वर के नाम पर निर्दोष लोगों को मारना। यह फिल्म एक आतंकवादी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका वास्ता एक कमजोर कश्मीरी पंडित लड़की भावना से पड़ जाता है। वह चार माह की गर्भवती और विधवा है। आगे क्या होता है वही जिहाद की कहानी है।

**❖ आपको परियोजना की किस चीज ने आकर्षित किया?**

एक अभिनेत्री के रूप में, मैं हमेशा यथार्थवादी सिनेमा को आगे बढ़ाना चाहती हूं और अच्छे विषयों वाली फिल्में करना चाहती हूं जिसमें मजबूत स्क्रिप्ट और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं हों जहां मैं अपने अभिनय कौशल को चित्रित कर सकूं। मैं कभी भी फिल्म को सिर्फ एक किरदार निभाने के लिए नहीं लेना चाहती थी, भले ही वो एक बड़ा प्रोडक्शन बैनर हो। कला और गुणवत्ता ही मुझे प्रेरित करती है। निर्देशक राकेश परमार सर द्वारा जिहाद का वर्णन करने के बाद मैं कहानी में इतनी डूब गयी कि मैंने हां कर दी। साथ ही, यह मेरे लिए एक संदेशोन्मुख फिल्म का हिस्सा बनने का एक शानदार अवसर था।

**❖ कैरेक्टर के लिए किस वजह से हां कही?**

भावना -अपने पति को खोने के बाद, जिसे कि आतंकवादियों ने गोली मार दी थी -उदास है और अकेले ही अनेक मुश्किलों का सामना कर रही है।



यह एक मजबूत चरित्र है। वह एक प्यार करने वाली इंसान है लेकिन साथ ही वह मजबूत है और किसी के जीवन को बदलने की क्षमता रखती है। यह कोई ग्लैमरस भूमिका नहीं है, इस बात ने मुझे आकर्षित किया।

**❖ क्या आपकी भूमिका में चुनौतियां थीं?**

मुझे अपनी भाषा में सुधार करना पड़ा और इसके लिए पशिक्षण लेना पड़ा। मैंने इसके लिए कक्षाएं लीं। मैंने स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की, यह देखने के लिए कि वे कैसे बैठते हैं, बात करते हैं, चलते हैं और खाते हैं। मैंने ढीले-ढाले कश्मीरी कपड़े पहने थे। हम घाटी के खतरनाक इलाकों में शूटिंग कर रहे थे। हमें भी धमकियां मिलीं। हमने कई सुरक्षा नियमों का पालन किया।

**❖ आप दुबई की गायिका और अभिनेत्री हैं। आप हिंदी सिनेमा में कैसे आईं?**

मैं बचपन से ही हिंदी सिनेमा से परिचित रही हूं। मैंने अपना एक्टिंग कोर्स न्यूयॉर्क एकेडमी और अनुपम खेर के एक्टर प्रिपेयर्स से किया है। फिर जिहाद के लिए ऑडिशन हो रहे थे, जिस मैंने भाग लिया।

**❖ आप हिंदी और अंग्रेजी में संगीत लॉन्च करना चाहती हैं। उसके बारे में बताएं।**

पहला हिंदी सिंगल मीका सिंह के म्यूजिक एंड साउंड द्वारा लॉन्च किया गया था। फिर मैंने अपने यूट्यूब चैनल पर एक गाना रिलीज किया। लेकिन मैं कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हूं, जिनमें से एक मीका के साथ भी है।

**❖ आपने एक शॉर्ट फिल्म कार्ब भी प्रोड्यूस की थी। यह किस बारे में है?**

यह महिला सशक्तीकरण के बारे में है और महिलाओं को शिक्षा के समान अवसर प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल देती है।

**❖ आपके आगामी प्रोजेक्ट क्या हैं?**

मुझे प्रस्ताव मिल रहे हैं लेकिन मैं कोविड-19 के कारण इसे सहज रूप में ले रही हूं। मैं फिलहाल मात्रा से अधिक गुणवत्ता की तलाश में हूं।

---



## दिल सही जगह

**रश्मि रॉकेट**
**ज़ी5**
**कलाकार : सुप्रिया पाठक, मनोज जोशी, तापसी पन्नू, प्रियांशु पेन्युली, अभिषेक बनर्जी, वरुण बडोला**
**रेटेड : 5.5/10**

**कुछ** फिल्में ऐसी होती हैं जिनकी कहानी बहुत अच्छी होती है और निर्माता एक शानदार विषय चुनते हैं। स्टार कास्ट भी मजबूत है, फिर भी कुछ कमी है जो गूंजने से इंकार कर देती है और इसे एक उत्कृष्ट फिल्म बनाती है। रश्मि इस कैटेगरी में फिट बैठती हैं।

आकर्ष खुराना द्वारा निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला, नेहा आनंद और प्रांजल खंडड़िया द्वारा निर्मित, फिल्म में दिल सही जगह पर है। हालांकि, जो चीज गायब है वह आत्मा है जो जीवन को एक ऐसे विषय में डालती है जो संवेदनशील है और विश्व स्तर पर महिला एथलीटों के लिए लिंग परीक्षण के बारे में बात करता है - एक ऐसा विषय जो वर्षों से बहस में रहा है।

तापसी पन्नू, जिन्होंने पिंक, बदला और थप्पड़ जैसी फिल्में की हैं, रश्मि रॉकेट के पीछे की प्रेरणा शक्ति के बावजूद फिल्म के दूसरे भाग में पूरी तरह से असहाय दिखती हैं। यह थोड़ा अजीब है क्योंकि उसने एक ऐसी महिला के रूप में दिखाया है जो मजबूत दिमाग की है और निश्चित रूप से ऐसी कोई नहीं है जो किसी के आगे झुक जाए, उसे पाने के लिए महिला एथलीटों का एक समूह अकेला छोड़ दें। बेशक, एक दृश्य है जहां वह हिट करती है, लेकिन इससे यह आभास नहीं होता है कि वह किसी भी तरह से लड़की है कि वह फिल्म की शुरुआत में थी।

और यहीं पर रश्मि रॉकेट लड़खड़ा जाती है। एक चरित्र में इस तरह के यू-टर्न को देखना अजीब है - एक महिला से जो एक असहाय महिला पर हावी है - उसके व्यक्तित्व के साथ फिट नहीं है और उसे कैसे लाया गया था। फिर और भी चीजें हैं जो फिट नहीं होती हैं। भुज भूकंप को ही लें जो फिल्म में अपना रास्ता ढूंढता है। 26 जनवरी को 2001 में आए भूकंप में 20,000 से अधिक लोग मारे गए थे और 1,5 लाख से अधिक लोग घायल हुए थे। हालांकि इसका फिल्म या विषय पर कोई असर नहीं पड़ता है, लेकिन दो सेकंड की फटी हुई धरती उस तबाही को दूर ले जाती है। लेकिन सब खो नहीं गया है। फिल्म के कुछ हिस्से ऐसे हैं जो वास्तव में प्रेरणादायक हैं - तापसी पन्नू को अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ लड़ने की जरूरत है। उनके पास जो मजबूत परिवार है - सुप्रिया पाठक द्वारा निभाई गई उनकी मां और प्रियांशु पेन्युली द्वारा निभाई गई पति से। दोनों ने यहां बहुत अच्छा काम किया है। मोहन जोशी भी अपना काम करते हैं, भले ही उनकी स्क्रीन पर उपस्थिति 10 मिनट के लिए ही क्यों न हो।

यह अभिषेक बनर्जी हैं जिन्हें यहां विशेष उल्लेख की आवश्यकता है। वह एक गंभीर वकील की मजाकिया भूमिका बड़ी शिद्दत से निभाते हैं। उनकी यह भूल, शुरुआत में इतनी प्यारी है, जैसे वे जज को योर ऑनर की जगह मैडम कहकर संबोधित करते हैं। अगर आप तापसी पन्नू के फैन हैं तो आपको ये पसंद आएगी।

— **शालिनी सक्सेना**


---

## टेली कथा

### उत्सुकता जगाने वाली वेब सीरीज 'शबाना'

**भारतीय** टेलीविजन की लोकप्रिय जोड़ी, प्रिंस नरूला और युविका चौधरी अभिनीत शबाना का पहला टीज़र पोस्टर यहाँ है! उल्लू ओरिजिनल्स ने अपनी आने वाली वेब-सीरीज़ शबाना में पहली बार इस बहुप्रशंसित जोड़े को एक साथ स्क्रीन पर एक साथ लाकर एक कास्टिंग तख्तापलट का प्रबंधन किया है।

अनुभवी अभिनेता अनिल जॉर्ज और तेजतर्रार राहुल देव के साथ, कलाकारों ने चरित्र की त्वचा में उतरने के लिए खुद को तैयार किया है। उल्लू ने नाटक के लिए एक आकर्षक टीज़र पोस्टर का अनावरण किया है। टीज़र पोस्टर दर्शकों ने स्टार जोड़ी को किस रूप में देखा है, इसके विपरीत दिखाया गया है। यह प्रिंस और युविका को दो साधारण, घरेलू, पूरी तरह से बदनाम के रूप में प्रकट करता है और फिर भी दो युवा लोगों की तरह दिखता है जो एक दूसरे के पास बैठे खुश हैं। उनके चेहरों पर मुस्कान मनोरम है और साथ ही उनके चेहरे पर बड़े-बड़े अक्षर लिखे हुए हैं जो आम आदमी से संबंधित हैं। कई शेड्स डार्क, प्रिंस के चेहरे पर एक देहाती रूखापन है और युविका अपनी मासूमियत और आकर्षण से उन्हें खूबसूरती से कंप्लीट करती हैं।




उल्लू डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, सीईओ, विभु अग्रवाल कहते हैं, शबाना नाम की यह श्रृंखला एक है जिसे उल्लू में हमारी टीम कुछ समय से विकसित कर रही है और हमें इसका पहला रूप साझा करने में खुशी हो रही है। इसकी कहानी से लेकर इसकी कास्टिंग तक इसकी पहली टीज़र पोस्टर, यह उत्सुकता पैदा करने वाला है और उद्योग और दर्शकों को समान रूप से नोटिस करने वाला है।

### शाही अवतार में रकशंदा खान



रकशंदा खान कहती हैं, "मैं तेरे बिना जिया जाए ना को लेकर बहुत उत्साहित हूं क्योंकि यह किसी भी शो से बिल्कुल अलग है जिसका मैं अब तक हिस्सा रही हूं। वास्तव में, हमने एक परी कथा के अंत वाले शो देखे हैं, लेकिन हमारा शो एक परी कथा प्रेम कहानी से शुरू होता है और बाद में जो कुछ भी होता है वह बाकी की कहानी बनाता है। इसमें दिलचस्प मोड़ और मोड़ हैं, और मैं वास्तव में पहली बार इस तरह के शाही किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हूं।"

वह आगे कहती हैं, "मुझे उम्मीद है कि सभी मुझे इस शाही अवतार में देखकर आनंद लेंगे। जया मां का मेरा किरदार एक शाही व्यवहार और एक व्यवसाय-उन्मुख दिमाग के साथ शाही परिवार की परंपराओं को बनाए रखने वाले व्यक्ति के साथ बहुत ही शानदार है। उसके पास भी बहुत सारी परतें हैं, इसलिए यह चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ मजेदार भी होगा, और मुझे उम्मीद है कि हर कोई अपना प्यार बरसाता रहेगा।" जया लक्ष्मी या जया मां, जैसा कि उन्हें प्यार से कहा जाता है, अंबिकापुर के शाही परिवार की कार्यवाहक हैं।

### दिलों को जीता रणवीर सिंह ने

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह ने अपने अभिनय प्रदर्शन, समर्पण और विलक्षण फैशन शैली से सभी का दिल जीत लिया है। लेकिन कलर्स की द बिग पिक्चर पर पहले एपिसोड में वह अपनी दरियादिली से सबका दिल जीत लेंगे। यहां दर्शक पहली प्रतियोगी करिश्मा तूर को देखेंगे, जो हरियाणा की एक पुलिस कांस्टेबल है, जो अपने परिवार के बारे में बात करती है और उन्हें एक बेहतर जीवन देने की कामना करती है। बातचीत के बीच में, वह अभिनेता को बताएगी कि उसे दौड़ना कितना पसंद है।

रणवीर सिंह ध्यान देते हैं और प्रश्नोत्तरी के तुरंत बाद, उन्हें एक जोड़ी दौड़ते हुए जूते भेंट करते हैं। वह अपने घुटने के बल नीचे जाकर जूते पहनने में भी उसकी मदद करता है। कलर्स का द बिग पिक्चर भारत का पहला दृश्य-आधारित क्विज शो है जो 16 अक्टूबर को हर सप्ताहांत रात 8 बजे आपके टेलीविजन के प्रीमियर में संपूर्ण मनोरंजन लाता है। बहुत सारी मस्ती और उत्साह के साथ, यह शो प्रतियोगियों और दर्शकों दोनों को हर हफ्ते और सप्ताहांत में भी बड़ी जीत का वादा करता है!

### सबसे पहला मनोवैज्ञानिक रोमांस

बंगाली मनोरंजन उद्योग से विक्रम चटर्जी और स्मृति कालरा समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनेता विनय पाठक के आगामी मनोवैज्ञानिक रोमांस के लिए शामिल हुए। मेमोरी एक्स एक विशेषता है जो समय और दिमाग के सिद्धांत की पड़ताल करती है। यह रोमांचक कथानक लेखक निर्देशक तथागत मुखर्जी द्वारा तैयार किया गया है, जो अविनाबा घोष द्वारा निर्मित है, और तानिया मुखर्जी, तथागत मुखर्जी और देबलीना प्रोडक्शन क्रिएशंस द्वारा सह-निर्मित है। यह आकर्षक कहानी ज्यादातर सिक्किम में फिल्माई गई है। विक्रम और स्मृति क्रमश: अविनाश और श्रुति का किरदार निभाते नजर आएंगे।



### मानसिक सेहत पर टीवी कलाकारों की राय

**मानसिक स्वास्थ्य** पर ध्यान देना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि आपका शारीरिक स्वास्थ्य। मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसलिए मानसिक बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाना और इससे जुड़े कलंक को मिटाना महत्वपूर्ण है। इस विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर, टीवी अभिनेत्री फरहाना फातेमा (शांति मिश्रा) और भाई क्या चल रहा है?, मौका-ए-वरदात की सोनाली निकम (कीर्ति कौल) घर एक मंदिर के ऑपरेशन विजय, की निशा भारद्वाज (निशा अग्रवाल) -कृपा अग्रसेन महाराज की, हप्पू की उलटन पलटन की हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा), और भाभीजी घर पर है की शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी) मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं और स्वस्थ जीवन शैली के टिप्स साझा करती हैं। शांति मिश्रा के रूप में नजर आने वाली फातिमा कहती हैं, "हमारी तेज-तर्रार जिंदगी में हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि फिट रहने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बनाए रखना जरूरी है। डांस करके मैं खुद को तनाव से मुक्त करती हूं और खुश और ऊर्जावान भी रहती हूं।"